राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 38
लखनऊ, मंगलवार 07 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



दीपोत्सव को दिव्य व भव्य रूप देने में न छोड़ें कमी : जयवीर सिंह 03

टेंपो चालक के तीन हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार 10

## यूपी पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल चार आईपीएस अफसरों के तबादले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश शासन ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल किया है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इन तबादलों का असर राजधानी लखनऊ, औद्योगिक शहर कानपुर और राज्य पुलिस मुख्यालय तक देखने को मिलेगा।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दीपेश जुनेजा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अभियोजन नियुक्त किया गया है। जुनेजा अब तक कई अहम जिम्मेदारियों पर तैनात रह चुके हैं और अपने सख्त प्रशासनिक रवैये के लिए जाने जाते हैं। आईपीएस विनोद कुमार सिंह को डीजी सीआईडी के साथ-साथ डीजी साइबर क्राइम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साइबर अपराधों में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए यह कदम अहम माना जा रहा है। उम्मीद है कि सिंह की अगुवाई में राज्य में डिजिटल अपराधों की मॉनिटरिंग और रोकथाम को लेकर नई रणनीतियां लागू होंगी। आईपीएस अधिकारी रघुवीर लाल को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। आईजी स्तर के अधिकारी तरुण गाबा को आईजी रेंज लखनऊ का कार्यभार सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्हें आईजी सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। गाबा का अनुभव लखनऊ की पुलिसिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ करने में मददगार साबित होगा।

## सीएम योगी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों को किया सम्मानित

**अब सफाईकर्मियों के खाते में आएगी सैलरी**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** सीएम योगी ने सोमवार को वाराणसी में स्वच्छता मित्रों के सम्मान समारोह में प्रतिभाग कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता मित्रों को सम्मानित किया। सीएम योगी ने दिवाली से पहले यूपी के सफाईकर्मियों को बड़ी सौगात दी है।

काशी में योगी ने कहा, सफाईकर्मियों को अब सीधे उनके अकाउंट में सैलरी मिलेगी। 16 हजार से लेकर 20 हजार प्रति माह उनके अकाउंट में पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने देश में स्वच्छ भारत अभियान का शुभारंभ किया था, जिसमें स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक किया गया था। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने हाथों में झाड़ू ली थी। एक ओर जहां इस अभियान के माध्यम से स्वच्छता में वृद्धि हुई, वहीं दूसरी ओर लोगों को गंदगी से होने वाली बीमारियों से राहत मिली। स्वच्छता कर्मी स्वच्छता के आधार व स्वच्छता मित्र हैं। यह स्वच्छता के लिए आग्रह करते हैं तथा स्वयं के स्वास्थ्य को दांव पर लगाकर दूसरों के स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं। हमें भी संकल्पित होना है कि अपनी मातृभूमि को गंदा नहीं होने देंगे, किसी भी कलुषित मानसिकता का शिकार नहीं होने देंगे तथा कोई भी अव्यवस्था नहीं फैलने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत भारत में 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने का अभियान शुरू किया गया। शौचालय का निर्माण केवल शौचालय का निर्माण मात्र ही नहीं, बल्कि नारी गरिमा की रक्षा करना तथा स्वच्छता के प्रति प्रत्येक नागरिक को आग्रही बनाना था। वर्ष 2014 से पूर्व बारिश के मौसम में गांव में पैदल भी नहीं जा सकते थे। गांव के रास्तों में बदबू आती थी। 2014 के पश्चात लाए गए परिवर्तन के परिणामस्वरुप आज हमारे गांव साफ-सुथरे हो गये हैं, जिससे भारत के बारे में लोगों की सोच में परिवर्तन आया है।

### श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में छात्राओं को बांटी सिलाई मशीन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मां अन्नपूर्णा की कृपा और पूज्य महन्त शंकर पुरी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में श्री अन्नपूर्णा मठ मन्दिर द्वारा अनेक लोकोपकारी प्रकल्प प्रारम्भ किये गये हैं। प्रदेश सरकार अन्नपूर्णा मठ मन्दिर द्वारा प्रारम्भ किए गए लोकोपकारी कार्यों को आगे बढ़ाने में भरपूर सहयोग करेगी। श्री अन्नपूर्णा मठ मन्दिर द्वारा संचालित श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय विगत 108 वर्षों से भारतीय संस्कृति और संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं प्रसार में निरन्तर सक्रिय है। आज 250 से अधिक बेटियों को सिलाई मशीन तथा अनेक छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के उपरान्त लैपटॉप प्रदान किये जा रहे हैं।सीएम वाराणसी में श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में काशी अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र के 14वें सत्रान्त पर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, लैपटॉप एवं छात्राओं को सिलाई मशीन वितरित करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत माध्यमिक विद्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने आश्रम परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी में अन्नपूर्णा मंदिर से जुड़ा हुआ कोई भी कार्यक्रम होता है, तो संस्कृत महाविद्यालय के बच्चे वैदिक स्त्रोत के साथ अतिथियों का स्वागत करते हुए दिखाई देते हैं।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,20,920/ |
| 22 कैरेट | = | 1,10,850/ |
| 18 कैरेट | = | 89,780/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,56,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**बिहार : आआपा ने 11 उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 11 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी की। आआपा की बिहार प्रदेश इकाई ने आज एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी। आआपा के मुताबिक, बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र से डॉ. मीरा सिंह, कुशेश्वर (दरभंगा) से योगी चौपाल, तरैया (सारण) से अमित कुमार सिंह, कस्बा (पूर्णिया) से भानु भारतीय, बेनीपट्टी (मधुबनी) से शुभदा यादव, फुलवारी (पटना) से अरुण कुमार रजक, बांकीपुर (पटना) से डॉ. पंकज कुमार, किशनगंज (किशनगंज) से अशरफ आलम, परिहार (सीतामढ़ी) से अखिलेश नारायण ठाकुर, गोविंदगंज (मोतिहारी) से अशोक कुमार सिंह और बक्सर (बक्सर) से पूर्व कैप्टन धर्मराज सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा में 243 सीटें हैं।

**मोदी आठ को करेंगे इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 08 अक्टूबर को यशोभूमि, द्वारका में इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने सोमवार को अंतिम तैयारियों की समीक्षा करने के लिए कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, भारत का दूरसंचार क्षेत्र नवाचार, कनेक्टिविटी और समावेशन का एक प्रतीक बनकर उभरा है। आईएमसी 2025 दुनिया के सामने भारत के डिजिटल परिवर्तन का प्रतिबिंब होगा। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये आयोजन मिलकर आईएमसी 2025 को विचारों, प्रौद्योगिकियों और निवेशों के वैश्विक संगम के रूप में स्थापित करते हैं, जो नवाचार की उस भावना को मूर्त रूप देता है जो भारत के दूरसंचार और डिजिटल विकास की कहानी को परिभाषित करती है।

**वांगचुक की गिरफ्तारी पर केंद्र को सुप्रीम नोटिस**

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिए जाने को चुनौती देने वाली उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की एक याचिका पर केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख से जवाब मांगा है। याचिका में वांगचुक की तत्काल रिहाई का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने सोनम वांगचुक को हिरासत में लिए जाने के कारणों के बारे में उनकी पत्नी को जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में आदेश देने से इनकार कर दिया और मामले की सुनवाई 14 अक्टूबर तक स्थगित कर दी। वांगचुक को 26 सितंबर को कड़े रासुका के तहत हिरासत में लिया गया था। इससे दो दिन पहले लद्दाख को राज्य का दर्जा देने एवं छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे।

# दो चरणों में होगा बिहार विस चुनाव

## छह और 11 नवंबर को होगा प्रथम और द्वितीय चरण का मतदान, 14 नवंबर को होगी मतगणना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। प्रथम और द्वितीय चरण का मतदान क्रमशः 6 और 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी। यह जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को दी। ज्ञानेश कुमार ने यहां के विज्ञान भवन में सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि पहले चरण में 6 नवंबर को 121 सीटों पर और दूसरे चरण में 11 नवंबर को 122 सीटों पर मतदान होगा। बिहार विधानसभा चुनाव पूरी पारदर्शिता और शांति के साथ कराए जाएंगे।

राज्य में कुल 7.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 3.92 करोड़ पुरुष, 3.50 करोड़ महिला और 1,725 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इसके अलावा 7.2 लाख दिव्यांग मतदाता, 4.04 लाख 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 14 हजार 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 1.63 लाख सेवा मतदाता हैं। राज्य में 18 से 19 वर्ष की आयु के 14.01 लाख और 20 से 29 वर्ष की आयु के 1.63 करोड़ मतदाता हैं। इस चुनाव में करीब 14 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। नए मतदाताओं को 15 दिनों के भीतर वोटर कार्ड प्रदान किए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि राज्य में कुल 90,712 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 76,801 ग्रामीण क्षेत्रों और 13,911 शहरी क्षेत्रों में हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर औसतन 818 मतदाता होंगे। इसके अलावा 292 दिव्यांग, 38 युवा और 1,044 महिला संचालित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही, 1,350 आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध होगी ताकि निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि बिहार ने मतदाता सूची को शुद्ध करने के मामले में पूरे देश के लिए एक मिसाल पेश की है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूचियों को अद्यतन किया गया है। मसौदा सूची प्रकाशित होने के बाद सभी राजनीतिक दलों और नागरिकों को दावे और आपत्तियाँ दर्ज कराने का अवसर दिया गया था। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गई। नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक वोटर लिस्ट में नाम जोड़ा जा सकता है, लेकिन अंतिम सूची जारी होने के बाद कोई नया नाम नहीं जोड़ा जाएगा। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं, जिनमें 38 सीटें अनुसूचित जाति (एससी) और दो सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग की इस पत्रकार वार्ता में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी मौजूद थे।

### आयोग के साथ खड़े हैं बिहार के 7.43 करोड़ मतदाता : सीईसी

**नई दिल्ली।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से जुड़े कार्यक्रम की सोमवार को चुनाव आयोग ने घोषणा की। मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग विपक्ष के निशाने पर है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी आरोपों को दरकिनार करते हुए कहा कि बिहार की जनता चुनाव आयोग के साथ खड़ी है। ज्ञानेश कुमार ने यह बताया कि एसआईआर पूरे देश में लागू होगी। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विभिन्न राज्यों में एसआईआर कब कराना है इसपर निर्णय लेना है।

### आठ विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव का ऐलान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान किया है। इन सीटों पर 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नागरोटा, राजस्थान में अंता, झारखंड में घाटसिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डम्पा और ओडिशा की नुआपाडा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना हैं। जम्मू और कश्मीर में 2 विधानसभा सीटें बडगाम और नगरोटा अक्टूबर 2024 से खाली हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 2 सीटों से चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने 21 अक्टूबर, 2024 को गंदेरबल सीट को अपने पास रखा और बडगाम सीट छोड़ दी थी। नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को खाली हो गई थी। राजस्थान में बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। यहां कंवरलाल मीणा की विधायकी जाने के बाद ये सीट खाली हुई थी। पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट आप विधायक कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हुई थी। झारखंड की घाटसिला सीट विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन से खाली हुई है। तेलंगाना की जुबली हिल सीट पर इस साल जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ के निधन के बाद सीट खाली हो गई थी। मिजोरम की डम्पा विधानसभा सीट 21 जुलाई को एमएनएफ विधायक लालरिन्टलुआंगा सैलो के निधन के बाद खाली हो गई थी। ओडिशा में नुआपाड़ा विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव 8 सितंबर को विधायक राजेंद्र ढोलकिया के निधन के बाद खाली हुई है।

## सवाई मानसिंह अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात लगी आग से आठ मरीजों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं भी हैं। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और सबूत इकट्ठे किए। अग्निकांड की जांच के लिए शासन स्तर पर छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। अधिकारियों के अनुसार रविवार रात लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर रूम में आग लगी। स्टोर में पेपर, मेडिकल उपकरण और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे हुए थे। देखते ही देखते आग ने आईसीयू को अपनी चपेट में ले लिया और पूरे वार्ड में धुआं फैल गया। फायर विभाग के कर्मचारी अवधेश पांडे के अनुसार अलार्म बजते ही टीम मौके पर पहुंच गई, लेकिन धुएं के कारण अंदर जाना संभव नहीं था। टीम ने बिल्डिंग की दूसरी ओर से खिड़कियों के शीशे तोड़कर पानी की बौछार की और लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सभी मरीजों को बेड सहित सड़क पर शिफ्ट किया गया। भरतपुर निवासी शेरू ने बताया कि आग लगने से करीब 20 मिनट पहले वार्ड में धुआं दिखाई देने लगा था। उन्होंने स्टाफ को सूचना दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। थोड़ी देर बाद प्लास्टिक की ट्यूबें पिघलने लगीं और वार्ड बॉय बाहर निकल गए। उन्होंने बताया कि अपने मरीज को उन्होंने स्वयं बाहर निकाला, लेकिन आग के दो घंटे बाद ही उन्हें ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट किया गया। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉक्टर डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि आग जिस आईसीयू में लगी, वहां 11 मरीज भर्ती थे। इनमें से छह की मौके पर मौत हो गई।

### कटक के 13 थाना क्षेत्रों में तनाव, कर्फ्यू लगा इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**भुवनेश्वर ।** राज्य के कटक में दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा पर पथराव के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसे देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने रविवार रात 10 बजे शहर के 13 थाना क्षेत्रों में 36 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया। यह क्षेत्र हैं-दरगाह बाजार, मंगलाबाग, कैंटोनमेंट, पुरी घाट, लालबाग, बिडानासी, मर्कतनगर, सीडीए फेज-II, मालगोदाम, बादामबाडी जगतपुर, 42 मौजा और सदर थाना। पुलिस आयुक्त एस. देवदत्त सिंह ने कहा कि हालात की विस्तृत समीक्षा के बाद कर्फ्यू लगाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि शांति भंग करने या कर्फ्यू का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समुद्री बेड़े में शामिल हुआ दूसरा उथला जल पोत आईएनएस एंड्रोथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने सोमवार को विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत आईएनएस एंड्रोथ को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। यह पोत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से लैस है, जिससे यह सतह के नीचे के खतरों का सटीकता से पता लगा सकता है।

इस वजह से नौसेना की समुद्री जल क्षमता बढ़ेगी और तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं का मुकाबला करने में आसानी होगी।



नौसेना को तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं का मुकाबला करने में आसानी होगी

नौसेना ने आईएनएस एंड्रोथ को 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक चमकदार प्रतीक बताया है। आईएनएस एंड्रोथ को 77 मीटर लंबाई और लगभग 1500 टन विस्थापन क्षमता के साथ तटीय और उथले पानी में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है।

### चीफ जस्टिस की तरफ कुछ फेंकने की कोशिश, आरोपित वकील हिरासत में

**नई दिल्ली।** सोमवार को एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में चीफ जस्टिस बीआर गवई पर कुछ फेंकने की कोशिश की गई। चीफ जस्टिस के कोर्ट रूम में कुछ फेंकने वाला व्यक्ति वकील है। उसका नाम राकेश किशोर है और उसकी उम्र 71 साल है। वह चीफ जस्टिस गवई के उस बयान से आहत था, जिसमें उन्होंने ने भगवान विष्णु को लेकर टिप्पणी की थी। जब उसने चीफ जस्टिस की तरफ कुछ फेंकने की कोशिश की, तो कोर्ट रूम में मौजूद दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जब उसे कोर्ट रूम से ले जा रही थी, तो उसने जोर से बोलासनातन धर्म का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

## धारा 319 में दी गई शक्ति असाधारण सावधानी से हो इसका प्रयोग : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज

**साक्ष्यों के आधार पर ही तलब किए जा सकते हैं अतिरिक्त अभियुक्त**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि सीआरपीसी की धारा 319 के तहत प्रदत्त शक्ति असाधारण है, जिसका प्रयोग संयम और सावधानी से किया जाना चाहिए। इस धारा के अंतर्गत अतिरिक्त अभियुक्तों को तलब करने की निचली अदालत की शक्ति मुकदमे के दौरान उसके समक्ष प्रस्तुत साक्ष्यों तक ही सीमित है। केवल विवेचना के दौरान एकत्रित सामग्री के आधार पर इसका प्रयोग नहीं किया जा सकता।

न्यायमूर्ति समीर जैन की एकल पीठ ने चंदौली निवासी राम नारायण, राम दारोगा व दो अन्य बाबूलाल दारोगा व समीर उर्फ श्रवण यादव को आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506 और 427 के तहत मुकदमे का सामना करने के लिए तलब किए जाने संबंधी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द कर दिया है। मुकदमे से जुड़े तथ्य यह हैं कि याचीगण और छह अन्य के खिलाफ प्रतिपक्षी तंचू की पत्नी और उसके दो बेटों पर हमला करने का आरोप था।

### विजय मल्होत्रा ने राजनीति जनसेवा और खेल जगत में छोड़ी अमिट छाप : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति, जनसेवा और खेल जगत तीनों क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ी। मल्होत्रा का जीवन भारतीय राजनीति और संगठन के लिए एक प्रेरणास्रोत है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक्स और नमो एप पर एक आलेख साझा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार ने हाल ही में अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक को खो दिया। प्रो. मल्होत्रा ने जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल कीं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह था कि उन्होंने परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया।

**बैठक** — भूतत्व व खनिकर्म विभाग की सचिव व निदेशक माला श्रीवास्तव ने विभागीय समीक्षा करते हुए कहा

# किसी भी दशा में न हो अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग और भण्डारण

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** विभागीय समीक्षा करते हुए माला श्रीवास्तव, सचिव व निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कड़े निर्देश सभी अधिकारियों को दिये गये कि किसी भी दशा में, अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग अथवा अवैध भण्डारण न होने पाये। साधारण मिट्टी व अन्य सेवाओं के आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण शीघ्र किया जाये। जनसामान्य हेतु उपखनिजों की निरन्तर उपलब्धता बनाये रखना सुनिश्चित किया जाये।

उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण व जीपीएस डिवाई इंटरगेशन कर वेहेकिल ट्रैकिंग सिस्टम प्रणाली को जनपद में शत-प्रतिशत लागू करने के कड़े निर्देश दिये गये। अभी तक लगभग 17,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। उन्नत व विकसित तकनीकों यथा ड्रोन सर्विलांस सर्वे/मानवरहित हवाई वाहन के माध्यम से खनन व भण्डारण क्षेत्रों में उपलब्ध उपखनिजों का वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस करवाया जा रहा है।

उपखनिज के साथ ही मुख्य खनिज के क्षेत्र में नये आयाम व सम्भावनायें सृजित की जा रही है। प्रदेश के मुख्य खनिज क्षेत्रों के व्यवस्थापन से न सिर्फ राजस्व वृद्धि होगी अपितु प्रदेश में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। सचिव व निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अवगत कराया गया है कि माइनिंग लीज हेतु स्वीकृत फॉस्फोराइट ब्लॉक ललितपुर के सम्बन्ध में फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्रक्रियाधीन है, जिसके उपरान्त माइनिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकेगी। फॉस्फोराई मिनिरल उर्वरक उद्योग में कच्चे माल के रूप में उपयोगी है। कम्पोजिट लाइसेंस पर दिये गये जनपद ललितपुर के सोनरई रॉक फास्फोराईट ब्लाक-पांच पर अन्वेषण कार्य पूर्ण कर अन्तिम भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गयी है। कम्पोजिट लाइसेंस पर दिये गये जनपद ललितपुर के सोनरई रॉक फास्फोराईट ब्लाक-1 पर अन्वेषण कार्य पूर्ण कर अन्तिम भूवैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गयी है।

भारत सरकार द्वारा क्रिटिकल स्ट्रेटेजिक मिनिरल के तहत जनपद सोनभद्र के नवा टोला-लम्बाड में रेयर अर्थ एलिमेंटस ब्लाक का कम्पोजिट लाइसेंस पर ऑक्शन किया गया है जिसके क्रम में राज्य सरकार द्वारा एलओआई निर्गत कर दिया गया है। प्रदेश में मुख्य खनिज के अन्वेषण का कार्य त्वरित गति से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण व निजी अन्वेषण संस्थाओं के माध्यम से भी जारी है।

उक्त के साथ, सचिव द्वारा अगवत कराया गया है कि निदेशालय स्थिति फोटोजियोलॉजी एंड रिमोट सेंसिंग प्रयोगशाला द्वारा सेटेलाईट इमेजरी के माध्यम से नये क्षेत्रों व अवैध खनन के सम्भावित क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जा रहा है। जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत, अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित करवाते हुए कड़ी दण्डातमक कार्यवाही की जा रही है। आईओटी इनेबल्ड आरएफआईडी व पीटी जेड कैमरा युक्त चेकगेट्स व एम-चेक द्वारा अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 27318 ई-नोटिस निर्गत किये जा चुके है व लगभग रू0 77 करोड़ की वसूली करते हुए लगभग 12180 वाहनों को ब्लैकलिस्टेड करवाया गया है। जनसामान्य के कल्याण हेतु सुधारात्मक कार्यवाही प्रक्रियाधीन रहेगी व अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग व अवैध भण्डारण में संलिप्त व्यक्तियों पर नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जाती रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चार गंभीर रूप से घायल

**मौदहा हमीरपुर।** रविवार की देर शाम दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत मे चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जबकि दो घायलों का इलाज कर घर भेज दिया है। वही रविवार की सुबह घरेलू काम निपटाते समय एक महिला ऊंचाई से गिर कर गंभीर रुप घायल हो गईडाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम मलीकुआ चौराहा के निकट दो बाइको में आमने–सामने की भीषण टक्कर हो गई जिसमें तौफीक 17 वर्ष, शान मोहम्मद 20 वर्ष व रिजवान 18 वर्ष नगर निवासी सामने से आ रहे बाइक सवार रोहित गुप्ता 30 वर्ष पढोरी निवासी की आमने–सामने जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत रोहित एवं शान मोहम्मद की हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना सिजवाही गांव निवासी प्रमिला 60 वर्ष पुत्र कल्लू सिंह रविवार की सुबह घरेलू कार्य करते समय ऊंचाई से गिर गई जिसे गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### मिशन शक्ति 0.5 कार्यक्रमों के अंतर्गत ड्राइविंग माय ड्रीम्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**हमीरपुर।** महिला कल्याण विभाग जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रमों के अंतर्गत ड्राइविंग माय ड्रीम्स कार्यक्रम का आयोजन महिला कल्याण विभाग के टीम एवं परिवहन विभाग के टीम द्वारा महिला और बालिकाओं का निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस का आवेदन कराया गया। परिवहन विभाग से A.R.T.O अमिताभ राय द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा की छात्राओं से ड्राइविंग लाइसेंस का प्रोसेस बताया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ओजज अजीज एवं महाविद्यालय के अध्यापक गढ़ उपस्थित रहे। उपर्युक्त कार्यक्रम महिला डिग्री कॉलेज में सम्पन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर शबा कुरैशी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रही

### पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफतार

**मौदहा हमीरपुर।** अपराध व अपराधियों को शिकंजा कसने के मकसद से कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने अपराध रोकने के मकसद से चलाए जा रहे हैं अभियान को गति देते हुए अरतरा निवासी पिता पुत्र सहित चार वांछित आरोपियों में राम रतन पुत्र दर्शन कोरी, राजा भैया पुत्र राम रतन, इस्लाम पुत्र मदार अली माचां, जयकरन पुत्र फगुनिया सिलौली को गिरफ्तार करने वाली टीम थाना के उप निरीक्षक दिशांत खोखर व मनोज मिश्रा ने हमराहियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दिव्यांग ने लेखपाल पर लगाए गंभीर आरोप मांगा न्याय



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के एक दोनों पैरों से दिव्यांग युवक ने सोशल मीडिया में लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल का न्याय की गुहार लगाई है। कस्बे के ऊंछा थोक के पशु बाजार निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग आलोक सिंह ने सोशल मीडिया में वीडियो अपलोड करके आरोप लगाया है कि उसके पिता की मौत के बाद उसकी पैतृक जमीन उसके नाम पर दर्ज हुई है। यह पैतृक जमीन कस्बे में किस स्थान पर है, उसे नहीं मालूम है। शिकायत करने के बाद भी लेखपाल उसकी जमीन का चिन्हीकरण नहीं कर रहा है। बल्कि भूमाफियाओं से सांठगांठ बनाकर उसकी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं। दिव्यांग युवक ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अखबार नहीं करता है। पीड़ित का आरोप है कि वह एसडीएम से लेकर जिलाधिकारी तक इस प्रकरण की शिकायत कर चुका है। लेकिन न्याय नहीं मिल रहा है। कस्बे के लेखपाल अशोक कुमार ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि दिव्यांग युवक का पिता अपने नाम की जमीन बेंच चुका है। उसके नाम कोई जमीन नहीं है। बेची गई जमीन भी खतौनी में दर्ज हो चुकी है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट स्थान दिलाने में मंजीता पुरस्कृत





**भरुआ सुमेरपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय को सफलता दिलाने पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को रविवार को मौदहा में आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य ने प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में ब्लाक के आधा दर्जन विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। परिषदीय विद्यालयों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय का नाम रोशन करने पर कम्पोजिट विद्यालय बांक की शिक्षिका मंजीता अहिरवार, कस्बे के परिषदीय विद्यालय की शिक्षिका मंजूलता, सुरौली बुजुर्ग के नीति राज यादव को विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर एवं हमीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुरारा एवं मौदहा के खंड शिक्षाधिकारी, शिक्षक आदि मौजूद रहे

### शिवबाबू ने संभाली जीआरपी थानाध्यक्ष की कमान



**बांदा।** जीआरपी थाना बांदा के नए इंचार्ज शिव बाबू ने पदभार संभालते ही प्रेस वार्ता आयोजित कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। स्टेशन पर आने–जाने वाले यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, जहरखुरानी, पुरानी ट्रेनों में चोरी और मोबाइल चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह पहल रेल यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध महिला की हुई मौत



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टोला कला गांव में कच्ची दीवाल गिरने से सो रही वृद्ध महिला की मौत हो गई, इस घटना से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है। वही पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत टोला कला गांव निवासी परवतिया पत्नी जयकरन यादव उम्र करीब 80 वर्ष, यह अपने नाती के पुत्र विकास उम्र 8 वर्ष के साथ बीती रात्रि चारपाई पर सो रही थी, तभी सोमवार की सुबह अचानक कच्ची दीवाल गिर गई जिसमें चारपाई में सो रही परवतिया व उसके नाती के पुत्र विकास उम्र 8 वर्ष दिवाल के मलबे में दब गए, दीवाल गिरने की आवाज परिजनों ने सुनी तो तुरंत मौके पर पहुंचे और मलबे में दबी परवतिया व विकास को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद परवतिया को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। है। जिला अस्पताल ले जाते समय वृद्ध महिला परवतिया की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा आज सोमवार की दोपहर करीब 1:00 बजे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं सूचना मिलते ही बबेरू क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है, वहीं परिजनों से मिलकर परिवार जनों को ढांढस बंधाया, और हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा दिया है।

### बाइक-ट्रैक्टर की टक्कर में बाइकसवार युवक की मौत



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के औगासी रोड बेसरा खेर के पास बाइक व ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पतवन गांव के रहने वाले अखिलेश यादव उर्फ बच्ची पुत्र गऊदीन यादव उम्र करीब 32 वर्ष यह आज सोमवार को सुबह अपने घर से बाइक में सवार होकर सरसों लेकर तेल निकलवाने के लिए बबेरू चक्की जा रहा था। तभी औगासी रोड बेसरा खेर के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार अखिलेश यादव की मौके पर मौत हो गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डाक्टर द्वारा परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है।

# पोते ने दादी की पीट कर की हत्या

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा





**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा कुरारा के वार्ड ग्यारह में बीती रात शराबी पोते ने नशे में दादी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

आरोपी को मनकी तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है कस्बा के वार्ड ग्यारह घूरेपुर मोहल्ला में बीती रात पोते ने शराब के लिए दादी से पैसे की मांग की जब दादी आशा उम्र 70 वर्ष पत्नी स्व धर्मदास ने पैसे देने से मना किया तो पोते विशाल 23 वर्ष पुत्र अमर सिंह ने दादी के बाल पकड़ कर चारपाई से नीचे गिरा दिया तथा सिर को दीवार से पटक दिया जिससे उसके सिर व चेहरे में चोट आई तथा खून बहने लगा इसके बाद डंडे से पीटकर मार डाला। मृतका के एक ही पुत्र अमर सिंह है। इसके दो पुत्र एक विशाल व दूसरा रवि है। तीन पुत्रियों में दो की शादी हो चुकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है। तथा आरोपी को मनकी तिराहा के पास से गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है। वही इस घटना से मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पिता अमर सिंह की तहरीर पर पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। तथा आरोपी को मनकी तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी राम आसरे सरोज, उपनिरीक्षक रिंकू तिवारी, कांस्टेबल प्रताप यादव मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया आत्महत्या की खबर सुनते हुए क्षेत्र में सनसनी फैल गई वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिन्दुही गांव निवासी पिंकी 19 वर्ष पत्नी युवराज संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर की कडी में साड़ी का फंदा डालकर फांसी लगा लिया घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही मोहल्ले में शोक की लहर छा गई सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया मृतका के 11 माह पूर्व शादी हुई थी वहीं ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।इस संबंध में नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि जांच पड़ताल शुरू कर दिया है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## आरएसएस द्वारा शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड क्षेत्र के पतारा गांव में आरएसएस द्वारा शताब्दी वर्ष के अवसर पर पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंड बाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया पतारा गांव में पथसंचलन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिसमें गणवेश व हाथ में दंड लेकर बैंड बाजे के साथ गांव का भ्रमण किया गया। इसके बाद जिला संपर्क प्रमुख राम कीरत ने स्वयं सेवकों को सनातन धर्म के विषय में बताया तथा नित्य संघ की शाखा में जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला शारीरिक प्रमुख शुभम द्विवेदी, खंड प्रचारक सचिन, खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल, ओमप्रकाश सोनी, प्रद्युम्न सिंह, उपेंद्र सिंह, गणेश तिवारी, आदि सैकड़ों स्वयं सेवक मौजूद रहे।

## पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र में आधार कार्ड व खतौनी से बांटी गई डीएपी खाद



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में मंडी के पास स्थित पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र में डी ए पी खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भीड़ एकत्र रही। वही साधन सहकारी समिति कुसमरा में भी किसानों को खाद का वितरण किया गया कस्बा कुरारा में पी सी एफ कृषक सेवा केंद्र में एक ट्रक डी ए पी खाद के आने की सूचना मिलने पर किसानों की भारी भीड़ केंद्र में जमा हो गई। तथा भीड़ को देखते हुए केंद्र प्रभारी ने पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस की मौजूदगी में खाद का वितरण किया गया। केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुशवाहा ने बताया आधार कार्ड व खतौनी के आधार पर किसानो को खाद का वितरण किया गया इसी तरह साधन सहकारी समिति कुसमरा में खाता धारकों को खाद का वितरण किया गया। इस दौरान किसानों की भीड़ एकत्र रही। दिन भर किसान धूप में लाइन में खड़े रहे।

# एनएसएस शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों ने दी टीबी से बचाव की जानकारी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**





ॐ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के छात्र-छात्राओं को क्षय रोग की जानकारी, उपचार, बचाव तथा लक्षणों के बारे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जानकारी दी। साथ ही माई भारत पोर्टल पर छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन किया। निक्षय मित्र का पंजीकरण किया गया।

कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के डीपीसी राजेंद्र प्रसाद ने क्षय रोग के बारे में बताया। टीबी दो प्रकार की होती है प्रथम पल्मोनरी टीबी और दूसरी एक्ट्रानल पल्मोनरी टीबी होती है। इनके उपचार व बचाव पर प्रकाश डाला। इसके बाद डीसी अभिषेक सिंह चंदेल ने टीबी के पांच लक्षण जैसे तीन सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, खांसी में खून आना, अचानक वजन घटना, शाम को होने वाला बुखार और रात को पसीना आना बताए। इसके अतिरिक्त एनसीसी आदित्य सिंह व एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षादीन कर्णधार तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सरिता दुबे व प्रवक्ता डा. मनोज कुमार, डा.सूरज सिंह, डा.अमित नामदेव, डा.सीमा गुप्ता, डा.नीतू सिंह, नईम बक्श, अजीत सिंह, त्रिभुवन देव, अनुज सिंह, संदीप सिंह उपस्थित रहे।

### स्ट्रैक्चर ढहने से एक मजदूर की मौत व तीन घायल, परिजनों ने काटा हंगामा

**हमीरपुर।** पावर प्लांट में प्रेशर जैक लगाने से स्ट्रैक्चर (भाड़ा) ढह गया। जिसमे चार मजदूर दबकर घायल हो गए जिन्हे आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि तीन अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। दोनों जनपदों की पुलिस ने समझा बुझा कर शांत करा दिया है मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर नेयवेली थर्मल पावर प्लांट है। जिसमें आसपास के जनपदों सहित कई प्रदेशों के मजदूर अलग-अलग यूनिट में काम करते हैं। घायल साथियों को लेकर आए मजदूर जयशंकर ने बताया कि सोमवार को प्लांट के अंदर लोहे का स्ट्रैक्चर (भाड़ा) में काम चल रहा था। प्रेशर जैक लगाने के दौरान अचानक पूरा स्ट्रैक्चर ढह गया। जिसकी चपेट में आकर 50 वर्षीय मजदूर नंदकिशोर निवासी सुल्तानगढ़ जनपद फतेहपुर, 30 वर्षीय शिवसागर पुत्र गंगाराम निवासी हिसामपुर जिला रायबरेली, 25 वर्षीय शिवचंद्र पुत्र गौरीशंकर निवासी गोविंदपुर बिलारी चांदपुर और सत्यप्रकाश निवासी पारा धनई चांदपुर घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां नंदकिशोर को डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया गया। साथ ही अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। मृतक मजदूर का एक लड़का और लड़की है। दोपहर बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। जिन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर जमकर हंगामा काटा। हमीरपुर और सजेती पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## आयुक्त व डीएम ने महिला पुलिस चौकी का किया शुभारंभ

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को स्वच्छता ही सेवा-2025 (मिशन शक्ति) अभियान के अंतर्गत नगर की महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बांदा द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने महिला पुलिस चौकी (पिंक बूथ) का निर्माण कराया गया। सोमवार को इस पिंक बूथ का विधिवत उद्घाटन मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा अजीत कुमार एवं जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्रीचंद, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक खरे, स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसडर शोभाराम कश्यप, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह सहित पुलिस विभाग और नगर पालिका परिषद बांदा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा कराए गए इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पिंक बूथ महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाएगा और मिशन शक्ति अभियान को गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को न केवल सुरक्षा का भरोसा देगी बल्कि शहर में स्वच्छता और जागरूकता के संदेश को भी मजबूत करेगी। अधिशासी अधिकारी श्रीचंद जी ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा यह पिंक बूथ स्वच्छता ही सेवा-2025 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए तैयार कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस बूथ पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी ताकि किसी भी समय महिलाओं को त्वरित सहायता मिल सके। स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अभिषेक खरे ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और स्वच्छता को जोड़कर नगर में कई योजनाएं लागू की जा रही हैं। ब्रांड एम्बेसडर शोभाराम कश्यप ने कहा कि यह बूथ न केवल महिलाओं की सुरक्षा का प्रतीक बनेगा बल्कि समाज में महिला सम्मान के संदेश को भी आगे बढ़ाएगा। पिंक बूथ के उद्घाटन के साथ ही नगर में महिला सुरक्षा और स्वच्छता के नए अध्याय की शुरुआत हुई है।

## इस माह कस्बे के युवाओं को तपोभूमि में मिलेंगे दो ओपन जिम

**भरुआ सुमेरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रयास से इस माह कस्बा वासियों का तपोभूमि प्रांगण में दो नए ओपन जिम मिल जाएंगे। इनका निर्माण अंतिम दौर पर है। इससे कस्बे के युवाओं के व्यायाम का सपना साकार होगा। जल्द ही केंद्रीय विद्यालय के समीप भी स्टेडियम के निर्माण के शिलान्यास की तैयारी है नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने बताया कि कस्बे में स्टेडियम की मांग दशकों से हो रही है थी उन्होंने मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री से भेंट करके इस मांग को प्रमुखता के साथ रखा था दोनों ने जल्द ही स्टेडियम निर्माण का आश्वासन दिया था। जल्द ही इसका शिलान्यास केंद्रीय विद्यालय के समीप होगा। उन्होंने बताया कि युवाओं की मांग को मद्देनजर रखकर गयात्री कुंज एवं रोटीराम वाटिका में ओपन जिम बनकर तैयार हो रहे हैं। इनको इसी माह आम लोगों को समर्पित करने की तैयारी है। 90 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश ठेकेदारों को दिए गए हैं। ठेकेदार संजीव पांडे ने बताया कि रोटीराम वाटिका में 10 दिन का कार्य बचा है। इसके पूर्ण होते ही पार्क को खोल दिया जाएगा।



# खराब ट्रान्सफार्मरों को समय से बदला जाये: नंदी

- प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक
- गंदे पानी की समस्या के समाधान के दिए निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को प्रदेश सरकार के मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, निवेश प्रोत्साहन विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बॉदा नन्द गोपाल गुप्ता (नन्दी) की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने खराब ट्रान्सफार्मरों को समय से बदले जाने तथा ग्राम जलालपुर एवं कुरौली में विद्युत तार को ठीक किये जाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिये। शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति किये जाने हेतु गंदा पानी आने की समस्या पर उन्होंने जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को वर्षा के बाद खराब हुई सड़कों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जजर से मनीपुर तक की सड़क तथा गुढ़ा बसाहरी सड़क मार्ग, कमासिन से राजापुर की सड़क ठीक कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने निराश्रित गौवंशों को संरक्षित किये जाने की कार्यवाही करने तथा अन्य गौशालाओं हेतु भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प के अन्तर्गत बाउन्ड्री व शौचालय का निर्माण कराये जाने तथा किसानों को खाद की उपलब्धता कराने एवं समितियों से खाद वितरण की व्यवस्था दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये। ग्रामों में सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु सफाई कर्मियों को लगाये जाने तथा बबेरू में जाम की समस्या का निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में भी निर्देशित किया। हर घर नल जल योजना की समीक्षा में गॉवों में जलापूर्ति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। दाखिल खारिज का समय से निस्तारण किये जाने तथा वरासत के मांमलों का शीघ्र निस्ताण करने के निर्देश दिये। खेत-तालाब योजना एवं सोलर पम्प वितरण किसानों को समय से कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी जे रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वि/रा कुमार धर्मेन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत

- एक बच्ची व एक महिलाएं झुलसीं



**जसपुरा/बांदा।** थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम बरेहटा में रविवार रात एक हृदयविदारक हादसे में जहां एक भैंस की 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत हो गई, वहीं पास में मौजूद एक बच्ची, एक महिलाएं भी झुलस गईं। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार कार्य कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बरेहटा निवासी सुनीता पत्नी स्व. छोटकू निषाद की भैंस घर के बाहर छप्पर के नीचे बंधी हुई थी। रविवार की रात करीब साढ़े नौ बजे ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर सीधे भैंस पर गिर गया। करंट की चपेट में आकर एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। दो भैसे बाल-बाल बची, हादसे की आवाज सुनकर पास में मौजूद सुखरानी (50) और लक्ष्मी (6) मौके की ओर दौड़ीं तो वे भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजनों ने तत्काल दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी जसपुरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बांदा रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह भैंस की मालकिन सुनीता ने थाना जसपुरा पहुंचकर घटना की लिखित सूचना दी।

## मिशन शक्तिः छात्राओं ने महिलाओं को किया जागरूक

- छात्राओं का शिक्षार्थी लाइसेंस का रजिस्टेशन कराया

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत आज परिवहन विभाग द्वारा जनपद के राजकीय /वित्त पोषित महाविद्यालयों के 50 छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के सम्बन्ध में जिला प्रोबेशन कार्यालय से कामिनी सिंह एवं अखण्ड हिन्द फौज की जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपाली सिंह द्वारा जागरूक किया गया तथा महिलाओं हेतु चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। साथ ही कार्यालय में समस्त छात्राओं का शिक्षार्थी लाइसेंस का रजिस्टेशन कराया गया तथा लाइसेंस सम्बन्धी सभी प्रक्रिया के सम्बन्ध में अवगत भी कराया गया। बिना हेलमेट एवं बिना सीटबेल्ट लगाये वाहन चालको को रोककर छात्राओं द्वारा हेलमेट लगाये जाने एवं सीटबेल्ट लगाये जाने के फायदे के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उदयवीर सिंह द्वारा छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके समस्याओं एवं सुझावों को सुना व समझा गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्यामलाल द्वारा परिवहन विभाग की सभी सेवाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया साथ ही परिवहन विभाग की कैशलेस योजना, राहवीर योजना एवं हिट एण्ड रन (सोलेशियम स्कीम) के सम्बन्ध में छात्राओं को अवगत कराया गया। उपस्थित छात्राओं में से राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बाँदा की छात्रा कु. मधु कुशवाहा को 01 दिन का एआरटीओ बनाकर मार्ग पर वाहनों को रोककर चेकिंग का कार्य कराया गया। कार्यक्रम में सौरभ कुमार, आरटीओ, उदयवीर सिंह, आरटीओ प्रवर्तन, श्यामलाल, एआरटीओ, राम सुमेर यादव, पीटीओ, पीटीओ, डा. पीयूष मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## सदर विधायक ने किया संकट मोचन विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण

- उर्जा मंत्री ने वर्चुअली किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**बांदा।** सोमवार को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदीएवं नगर पालिका चेयरमैन श्रीमती मालती गुप्ता बासू द्वारा संयुक्त रूप से बहु-प्रतिक्षित नगर के संकट मोचन विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। उर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एके शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर, लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं उपस्थित जनमानस को इस नवीन सौगात के लिए शुभकामनाये एवं बधाई दी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नगर पालिका चेयरमैन एवं जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा संयुक्त रूप से इस नवीन विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। विधायक द्वारा बताया गया कि इस उपकेन्द्र के निर्माण से चिल्ला रोड उपकेन्द्र तथा भूरागढ उपकेन्द्र का भार कम कर आमजनमानस को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी तथा उपभोगताओं को रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी तथा इस विद्युत उपकेन्द्र में चिल्ला रोड बांदा से पोषित बाम्बेश्वर, संकट मोचन, मुक्तिधाम, रोडवेज एवं भूरागढ फीडर से पोषित खुटला, मढिया नाका, फूटाकुऑ आदि क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को जोडा गया है जिससे की लगभग बीस हजार की नगरीय आबादी इस परियोजना से लाभांवित होगी। विधायक द्वारा बताया गया कि उनकी प्राथमिकता बांदा नगर का समग्र विकास है, चाहें आमजनमानस के सुगम आवागमन के लिए चौडी सड़के हो या निर्बाध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, वे निरन्तर बांदा नगर के विकास के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिह सोनू, ब्लाक प्रमुख रवीन्द्र गर्ग, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला मंत्री पंकज रैकवार, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन सहित समस्त कार्यकर्ता बन्धु एवं विद्युत विभाग के सभी अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# योगी सरकार का एंटी रोमियो स्क्वायड बना सुरक्षा का प्रतीक

## एंटी रोमिया स्क्वायड ने एक लाख से अधिक मंदिर, बाजार, मॉल, पार्कों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों की गहन जांच, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा का दिया संदेश

**37 हजार से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने संभाला मोर्चा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के साथ सुरक्षा का माहौल उपलब्ध कराने के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में रविवार को मिशन शक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर एडीजी पद्मजा चौहान ने कई अहम जानकारियां पत्रकारों से साझा की।

एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि पूरे प्रदेश में एन्टी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों, बाजारों, मॉल, पार्क और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई। इस दौरान 1,08,292 मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों की गहन जांच की गई। अभियान में 9,77,269 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिलाओं के प्रति अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए कुल 2,542 अभियोग पंजीकृत किए गए। वहीं, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 3,972 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 3,13,924 लोगों को चेतावनी दी गई और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। प्रदेश भर में 53,237 निरोधात्मक कार्रवाइयां की गयीं। ऐसे में एन्टी रोमियो स्क्वायड द्वारा यह अभियान न केवल नवरात्रि के दौरान सुरक्षा का प्रतीक बना, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देने में भी सफल रहा।

**नवरात्रि पर्व पर प्रदेश भर में 55,377 पंडालों की हुई स्थापना**

उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रदेश भर में 55,377 पंडालों की स्थापना की गई। सभी पंडालों का पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया, जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई कमी न रहे। इस दौरान 4,947 रामलीला व मेला स्थलों का भी भ्रमण किया गया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नवरात्रि के दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों, मेलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कुल 37,337 अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। इनमें 411 राजपत्रित अधिकारी, 7,999 निरीक्षक, उपनिरीक्षक, 22,547 मुख्य आरक्षी, आरक्षी और 6,380 होमगार्ड, पीआरडी और एसपीओ आदि शामिल थे। इन्होंने निरंतर गश्त और निगरानी कर सुरक्षा का वातावरण बनाए रखा। इस सघन तैनाती से पूरे प्रदेश में नवरात्रि और रामलीला पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए।

# वाल्मीकि जयंती आज, बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज व सरकारी दफ्तर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आश्विन मास की पूर्णिमा को पूरा देश महर्षि वाल्मीकि जयंती मना रहा है। यह महज पर्व नहीं बल्कि उन मूल्यों और सिद्धांतों का उत्सव है जिन्हें आदिकवि वाल्मीकि ने अपने जीवन और काव्य के माध्यम से समाज को दिया। मानवता, धर्म, और नैतिकता के प्रतीक इस महान ऋषि की जयंती इस बार कल 7 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

आध्यात्मिक उत्सव और सांस्कृतिक रंग में रंगेगा भारत इस दिन पूरे देश में भक्ति और आस्था का माहौल रहेगा। मंदिरों, समुदायिक केंद्रों और सांस्कृतिक स्थलों पर विशेष आयोजन होंगे। रामायण के रचयिता को याद करते हुए लोग उनकी शिक्षाओं और जीवन-दर्शन को अपनाने का संकल्प लेंगे। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब जैसे राज्यों ने इस दिन को सरकारी अवकाश घोषित कर दिया है, जिससे यह पर्व और व्यापक रूप से मनाया जा सके। योगी सरकार ने इस अवसर पर प्रदेशभर में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। कल सरकारी और गैर-सरकारी संस्थान, स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय बंद रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### वेतन बढ़वाने की मांग को लेकर जुटीं 20 हजार आशा वर्कर्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूरे यूपी से करीब 20 हजार आशा वर्कर्स सोमवार को लखनऊ पहुंचीं। यहां इको गार्डन में वह वेतन बढ़वाने की मांग के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन संबद्ध आल इंडिया सेंट्रल कांउसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) के बैनर तले प्रदर्शन हो रहा है। आशा वर्कर्स का कहना है कि 5 सूत्री मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है कि सरकार उनके कामों को नजरअंदाज कर रही है। इस बार के चुनाव में इस सरकार को हटा देंगे। पूरा सिस्टम बदल देंगे। आशा कर्मियों को 45/46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुरूप राज्य स्वास्थ्यकर्मी का दर्जा देकर न्यूनतम वेतन, मातृत्व अवकाश, ईएसआई, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और पेंशन गारंटी मिले। 10 लाख रुपए के स्वास्थ्य बीमा और 50 लाख के जीवन बीमा गारंटी दी जाए। आशा कर्मियों के काम के घंटे तय किए जाएं। 2017 से अब तक के लंबित भुगतानों का आकलन कर उसका भुगतान सुनिश्चित किया जाए। प्रदेशभर में भुगतान के नाम पर होने वाली वार्षिक घूसखोरी रोकने के लिए एक निगरानी तंत्र बनाया जाए।

### मछुआ समाज महत्वपूर्ण मुद्दों को देखकर करेगा मतदान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के पश्चात निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि बिहार का मछुआ समाज अब पूरी तरह जागरूक हो चुका है और वह अपने हित-अहित के साथ-साथ अनुसूचित जाति आरक्षण के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए मतदान करेगा। मछुआ समाज जानता है कि उसके आरक्षण से जुड़ा मुद्दा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हल कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मछुआ समाज अब किसी के बहकावे में नहीं आएगा और भटकने का काम नहीं करेगा।उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बहार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को बिहार की जनता ने हमेशा पसंद किया है। बिहार में विकास, स्थिरता और सुशासन की दिशा में जनता का विश्वास इस बार भी एनडी के पक्ष में रहेगा। डॉ. निषाद ने कहा,हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। मछुआ समाज और अन्य वंचित वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किए हैं, वह अभूतपूर्व हैं।

### जलकल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ऐशबाग स्थित जलकल मुख्यालय में 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए पांच कर्मचारियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल जी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी' जी, पार्षद संदीप शर्मा, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता सचिन सिंह यादव सहित जलकल विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान माहौल भावनात्मक रहा, जब सहकर्मियों ने अपने साथ काम करने वाले साथियों को विदाई दी। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में गैंगमैन मनोहर, मो. सबीर, पंप ऑपरेटर संजय, दाहाराम पाल और सफाई कर्मचारी महेश कुमार शामिल रहे। सभी कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यकाल में जलकल विभाग में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम और जलकल का प्रत्येक कर्मचारी शहर की सेवा का सच्चा भागीदार है।

### कोविड-संचारी वालंटियर प्रोत्साहन मामले में दूर होगा गतिरोध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सोमवार सुबह 10 बजे आल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मिलकर कोरोना और संचारी वालंटियरों को मिलने वाले सरकारी प्रोत्साहन के मामले में आये गतिरोध को समाप्त कराने के प्रयासों के अंतर्गत अपना पक्ष रखा। इस उच्चस्तरीय वार्ता के तुरंत बाद मंत्री आवास के बाहर हुई प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय अध्यक्ष धनीराम सैनी और राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार ने संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने इस गतिरोध के सभी पक्षों को ध्यान से सुना और समुचित समाधान का आश्वासन दिया है। उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने छद्मनाम से संचालित दूसरे संगठन के बारे में जानकारी होने तथा तत्काल उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर आल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन की विभिन्न जिला इकाईयों से आये पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### निदेशक अल्प संख्यक कल्याण से मिला प्रतिनिधि मंडल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय एवं कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने निदेशक अल्प संख्यक कल्याण श्री अंकित अग्रवाल से भेंट कर कर्मचारियों को दिए जा रहे वेतन में किसी प्रकार की कटौती न किए जाने का अनुरोध किया। जिस पर निदेशक ने सकारात्मक आश्वासन भी दिया है। ज्ञातव्य हो कि अल्प संख्यक वित्त विकास निगम में कार्यरत कर्मचारियों को चतुर्थ वेतन मान दिया जा रहा है,उस समय हर महीने समय पर वेतन भी नहीं मिल पा रहा था। वर्ष 2019 में महासंघ के अथक प्रयासों से इन कर्मचारियों को बॉडी शॉपिंग के तहत सर्वे कमिश्नर वक्फ कार्यालय में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनात कर दिया गया था, जहां से इन कर्मचारियों का वेतन निकल रहा है।

## सीएम योगी ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना, जिलों से आए फरियादियों से की मुलाकात की

# हर चेहरे पर खुशी लाना हमारी सरकार की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना। जिलों से आए फरियादियों से उन्होंने खुद मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नागरिक के चेहरे पर खुशी और संतोष लाना ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनता दर्शन में करीब 50 से अधिक लोग पहुंचे, जिन्होंने पुलिस, राजस्व, बिजली, नौकरी और आर्थिक सहायता सहित अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं रखीं।सीएम हर फरियादी के पास पहुंचे, उनसे संवाद किया और उनका प्रार्थना पत्र स्वयं लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समाधान निश्चित समयावधि में किया जाए ताकि किसी को भी अनावश्यक परेशानी न हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का बिना भेदभाव सभी को लाभ मिल रहा है। जनता दर्शन के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है अधिकारियों को जन शिकायतों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने की नसीहत दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित को राहत देने और प्रदेश को समृद्ध, सुरक्षित तथा खुशहाल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को निश्चित समयावधि में निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

**सीएम योगी ने बच्चों से किया संवाद**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने फरियादियों के साथ आए छोटे बच्चों से भी आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, उनके सिर पर हाथ फेरकर दुलार किया, चॉकलेट-टॉफियां भी दीं। सीएम योगी ने बच्चों को खूब पढ़ने, खेलकूद में हिस्सा लेने और संस्कार युक्त जीवन जीने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही प्रदेश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी खुशियां सरकार की जिम्मेदारी हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रदेश के हर नागरिक की सेवा एवं सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर श्जनता दर्शन में लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं।

### नगर निगम ने सील किया सहारा शहर, सुब्रतो कोठी पर जड़ा ताला

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने आखिरकार सहारा शहर को सोमवार को सील कर दिया। सुब्रतो राय की कोठी पर भी ताला लगा दिया गया। विरोध कर रहे कर्मचारियों ने कहा पहले अंदर वालों को बाहर करो तब हम जाएंगे। यहां अब भी कई परिवार अंदर हैं, उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। नगर निगम प्रशासन भारी पुलिस बल लेकर पहुंचा है। सहारा शहर के अंदर गहमागहमी का माहौल है। कर्मचारी और अंदर रहने वाले लोग सड़कों पर निकल आए हैं। सभी गुस्से में नगर निगम के अधिकारियों को भला-बुरा कह रहे हैं। अधिकारियों से उनकी बहस भी हुई। दूसरी तरफ नगर निगम एक्शन मोड में है। वह तय जगहों पर सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है।

## मिशन कर्मयोगी से दक्ष हो रहे हैं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मी

समृद्धि न्यूज

**डिजिटल प्रशिक्षण से कार्यकुशलता व पारदर्शिता बढ़ाने की बड़ी उपलब्धि**

**लखनऊ ।** समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल 'मिशन कर्मयोगी अभियान' को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते हुए अपने कर्मचारियों को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़ने में सक्रिय है। इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता बढ़ाकर जनता को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार दक्ष बन रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि माह सितंबर 2025 तक कुल 3,900 अधिकारी, नियमित, संविदाकर्मी एवं शिक्षक आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन कर्मचारियों ने अब तक 21,150 कोर्स पूरे किए, जिनमें लगभग 15,893 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। आंकड़ों के अनुसार, 2,759 कर्मचारियों ने कम से कम एक कोर्स, 2,289 कर्मचारियों ने तीन या उससे अधिक कोर्स पूरे किए हैं। वहीं, 1,611 कर्मचारी तीन से कम और 1,141 ने प्रशिक्षण पूरा नहीं किया है। श्री अरुण ने कहा कि मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य प्रत्येक सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है।

### मां की हत्या करने वाला फतेहपुर से गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में मां की हत्या के बाद से फरार बेटा सोमवार को फतेहपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह हत्या के तीन दिन बाद रविवार को प्रयागराज में ट्रेस हुआ था। पुलिस का कहना है कि वह ऑनलाइन गेम में रुपए हारा था। मां से मदद न मिलने पर उनकी हत्या की। उसने गेमिंग के लिए गर्लफ्रेंड से भी मदद मांगी थी। घटना रायबरेली रोड स्थित कल्ली पश्चिम के बाबूखेड़ा यादव गांव की है। 3 अक्टूबर को डेयरी संचालक रमेश यादव की पत्नी रेनू की दिनदहाड़े घर में हत्या कर दी गई। उसके बाद से मझला बेटा निखिल कहीं मिल नहीं रहा था। उसने अपने मामा को फोन कर बताया था कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं। हालांकि, थोड़ी ही देर में 2 सीसीटीवी की फुटेज में वह बाइक से बिना डर के जाता दिखा।

## केजीएमयू परिसर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**अवैध कब्जे से 1.38 एकड़ जमीन हुई मुक्त**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) परिसर में अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चल रहे हैं। करीब 1.38 एकड़ जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा रहा है।

बुलडोजर को देखकर वहां रह रहे लोग अपने बच्चे, बकरी और सामान को गोद में लेकर भागने लगे। लोगों का कहना है कि हमारे घर नहीं है। अब तो हम बर्बाद हो गए हैं। केजीएमयू परिसर में अतिक्रमण के खिलाफ 6 महीने के अंदर यह दूसरी कार्रवाई है। यहां अतिक्रमणकारियों को केजीएमयू प्रशासन ने नोटिस दिया था। लेकिन लोगों ने जमीन खाली नहीं की थी। जिस जमीन पर बुलडोजर चल रहे हैं, वह माध्यमिक शिक्षा विभाग की जमीन है।

इसे करीब 3 महीने पहले कैबिनेट से प्रपोजल अप्रूव कराकर हैंडओवर किया गया था। यहां करीब 150 झोपड़ियां हैं। फिलहाल मौके पर 2 बुलडोजर चल रहे हैं। सीएम योगी ने इस जमीन को केजीएमयू को देने का ऐलान किया था।

अख्तर हुसैन ने कहा हम गरीब लोग कहां जाएंगे? हमको घर ही मिल जाए। हम 10 साल से यहीं रह रहे हैं। हमें हटाने से पहले बताया भी नहीं गया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के बाद यहां पर केजीएमयू का पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बनाया जाएगा। बता दें कि केके सिंह पैरामेडिकल के डीन भी हैं।

## दीपोत्सव को दिव्य व भव्य रूप देने में न छोड़ें कमी

**पर्यटन मंत्री ने की दीपोत्सव के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दीपोत्सव-2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस वर्ष का दीपोत्सव गत वर्ष से भी गौरवशाली और सराहनीय होना चाहिए। तैयारियों को अंतिम रूप देते समय कोई कोताही न की जाए। इस वर्ष दीपोत्सव 2025 गत वर्ष की अपेक्षा शानदार और भव्य होना चाहिए।

जयवीर सिंह आज गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में दीपोत्सव-2025 एवं पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस वर्ष भी दीप प्रज्वलन का विश्व कीर्तिमान स्थापित होगा। सरयू तट पर 2100 लोगों द्वारा महाआरती विशेष आकर्षण होगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री ने केंद्र सरकार के पर्यटन, संस्कृति एवं भारतीय विदेश मंत्रालय सहित अन्य अधिकारियों को आमंत्रित करने की भी बात कही। देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संस्कृति विभाग के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। दुनियाभर के कई राष्ट्रों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिया कि रामकथा पार्क तक आमजन की पहुंच को आसान बनाने की व्यवस्था की जाए। आगंतुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, उसके व्यापक प्रबंध किए जाएं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामलीला को वैश्विक पहचान दिलाने के हर संभव प्रयत्न किए जाएं। राम और रामायण की थीम पर विविध प्रस्तुतियां होंगी। संस्कृति विभाग की ओर से देश के सभी राज्यों से आने वाली नृत्य मण्डली प्रदर्शन करेगी। रामनगरी में 10 जगहों पर सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इको फ्रेंडली आयोजन की प्राथमिकता पर जोर दिया। युवाओं और बच्चों के लिए विशेष सेल्फी पॉइन्ट बनाया जाएगा, जहां प्रभु श्रीराम और भक्त हनुमान के चित्र के साथ सेल्फी की व्यवस्था होगी। जगह-जगह साइनेज, पीने के पानी, स्वच्छता, सजावट, मूलभूत सुविधाएं और आगंतुकों को जानकारी उपलब्ध कराने को ध्यान में रखते हुए अंतिम योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### दोषी कंसलटेंट को ब्लैक लिस्टिंग के बजाय पेमेंट देने की बात

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के विद्युत निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली विवादित कंसल्टेंसी फर्म ग्रांट थ्रोनटन को लेकर एक बड़ा भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि इस फर्म ने अमेरिकी नियामक द्वारा 40,000 डॉलर की पेनल्टी लगाए जाने की बात छुपाई और झूठा शपथ पत्र देकर यूपी पावर कॉर्पोरेशन से ट्रांजेक्शन एडवाइजर का टेंडर हासिल किया। शिकायत के बाद पावर कॉर्पोरेशन ने प्रारंभिक जांच की, जिसमें फर्म की गड़बड़ियां सामने आईं। जांच रिपोर्ट में कार्यवाही की सिफारिश की गई थी, लेकिन बड़े उद्योगपतियों और अंदरूनी दबाव के चलते ग्रांट थ्रोनटन को बचा लिया गया।

## मंदिरों में होगा रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण व भजन-कीर्तन : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**75 लाख रुपए की मदद से मिलेगा कलाकारों व संस्कृति को नया उत्साह**

**लखनऊ।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर कल 7 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में भक्ति और संस्कृति के संगम के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेशभर के देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर रामचरित मानस पाठ, अखण्ड रामायण पाठ, वाल्मीकि रामायण पाठ, सुन्दरकाण्ड, भजन-कीर्तन, दीप प्रज्ज्वलन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भारतीय संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म के संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत है। 7 अक्टूबर को सभी 75 जनपदों में एक साथ यह आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जनपद को एक लाख की दर से कुल 75 लाख रूपये की धनराशि जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद के खाते में उपलब्ध कराई जाएगी।महर्षि वाल्मीकि जी ने हमें यह सिखाया कि जीवन का सबसे बड़ा धर्म है, मानवता की सेवा और सत्य के मार्ग पर चलना। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर रामचरित मानस, वाल्मीकि रामायण और भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

## हर जरूरतमंद तक पहुंचेगी टीम लखनऊ : मुर्तुजा अली



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश में बाढ़ व भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्रों में टीम लखनऊ का राहत अभियान जोर-शोर से जारी है। सेना के सहयोग से, यह टीम अब तक 8 टन से अधिक राहत सामग्री आपदा पीड़ितों तक पहुँचा चुकी है।

राहत अभियान के तहत टीम ने हाल ही में मंडी जिले के कई दुर्गम और आंतरिक गाँवों को चुना जहाँ मदद पहुँचाना चुनौतीपूर्ण था। इनमें स्यून, लडभड़ोल, सीमस, बादोर्तू, बशर, सौहार, आरिया, कुतर जैसे गाँव शामिल हैं। टीम लखनऊ ने बड़े पैमाने पर खाद्य सामग्री और दैनिक जरूरत की चीज़ों के साथ-साथ कई जरूरतमंद गरीब परिवारों को तिरपाल भी वितरित किए,जो उनके लिए अस्थाई छत का काम करेगा। इस मानवीय प्रयास में सूबेदार राजकुमार के साथ-साथ टीम लखनऊ के लीडर और सदस्य मुर्तज़ा अली, कुदरत उल्लाह खान, अब्दुल वहीद, जसबीर गांधी, इरफ़ान शेख और शाहबाज़ खान सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम लखनऊ के लीडर मुर्तुजा अली के कहा कि हर जरूरतमंदों तक टीम लखनऊ पहुंचेगी।

### वित्तमंत्री व ऊर्जामंत्री के साथ हुए समझौते पर अमल करने की मांग

**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा के साथ ठीक पांच वर्ष पूर्व आज के ही दिन हुये लिखित समझौते का उल्लेख करते हुये बिजली कर्मियों ने आज सभी जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मांग की कि प्रदेश सरकार के शीर्ष मंत्रियों के साथ हुये समझौते का सम्मान करते हुये पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय निरस्त किया जाय। संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज की ही तारीख को 06 अक्टूबर, 2020 को वित्त मंत्री एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री से वार्ता के बाद विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के साथ लिखित समझौता हुआ था।

**बदलाव**

## एनसीआरबी रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के दो पूर्व डीजीपी ने की योगी सरकार की तारीफ

# 2017 से अब तक यूपी में नहीं हुआ एक भी सांप्रदायिक दंगा

**डकैतियों में ऐतिहासिक गिरावट, 25 करोड़ की आबादी वाला यूपी अब सुरक्षित**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की वर्ष 2023 की रिपोर्ट जारी होने के बाद उत्तर प्रदेश के दो पूर्व पुलिस महानिदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी की कानून-व्यवस्था नीति और अपराध नियंत्रण प्रणाली की सराहना की है। पूर्व डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान और विक्रम सिंह ने माना कि योगी मॉडल ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जो जीरो टॉलरेंस का ढांचा खड़ा किया है, वह देश में नजीर बन गया है।

पूर्व डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने एनसीआरबी रिपोर्ट के आंकड़ों को सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और पुलिस की प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 2017 से अब तक यूपी में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। दलितों के खिलाफ अपराध राष्ट्रीय औसत से कम हैं। प्रदेश में अपराध नियंत्रण को एक सिस्टम के रूप में विकसित किया गया है जिसे आज योगी मॉडल कहा जाता है। इसमें एफआईआर से लेकर कन्विक्शन तक एक फाइव-टियर सुपरविजन सिस्टम बनाया गया है। मुख्यमंत्री (जो गृह मंत्री भी हैं) स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करते हैं, फिर गृह विभाग, डीजीपी, एडीजी जोन, आईजी रेंज और एसपी स्तर तक निगरानी होती है। उन्होंने बताया कि महिला, बच्चे और बुजुर्ग इस मॉडल की प्राथमिकता में हैं। प्रॉसिक्यूशन विभाग सख्ती से काम करता है और कई मामलों में 15 दिन के भीतर सजा तक दिलाई गई है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी बड़ा सुधार हुआ है, नए थाने, चौकियां, पुलिस लाइन्स, फॉरेंसिक लैब्स और एविडेंस कलेक्शन वैन से जांच प्रक्रिया तेज हुई है। अब यूपी में अपराध को केवल अपराध के रूप में नहीं, बल्कि लॉ एंड ऑर्डर के हिस्से के रूप में देखा जाता है।

**यूपी ने अपराध में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की**

पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट यूपी की अपराध नियंत्रण यात्रा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि कभी क्राइम कैपिटल कहे जाने वाले यूपी ने अपराध में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की है। हत्या के मामले में राष्ट्रीय औसत 2.1 प्रति लाख है जबकि यूपी में यह 1.4 प्रति लाख है। अपहरण-फिरौती लगभग शून्य है। पहले जहां एक जिले में 73 डकैतियां होती थीं, आज पूरे प्रदेश में सालभर में 73 होती हैं। उन्होंने कहा कि तुलना प्रति लाख जनसंख्या के आधार पर होनी चाहिए, न कि अपराध के आंकड़ों से। यह बदलाव किसी क्रांति से कम नहीं है। इसका कारण योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और सफल अभियोजन है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री ने कहा था 'मिट्टी में मिला दूंगा', तब यूपी पुलिस की दिशा और टोन तय हो गई। अपराधी अब जानते हैं कि कानून से ऊपर कोई नहीं।

# रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जनसुरक्षा को प्राथमिकता दें अधिकारी : डॉ अरूण

▶ जनप्रतिनिधियों व जिले के उच्चाधिकारियों के साथ की समीक्षा



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ.प्र. डॉ. अरूण कुमार ने जनपद भ्रमण के दौरान रविवार को देर शाम लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन, बहराइच में जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी के साथ लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन, बहराइच में मानव वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जंनसुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की जाए। डॉ. कुमार ने कहा कि रेस्क्यू आपरेशन में संसाधनों की कमी आड़े नहीं आयेगी।

मंत्री डॉ. कुमार ने डीएफओ को निर्देश दिया कि रेस्क्यू टीमों तथा पेट्रोलिंग कार्य में लगे वाहनों की संख्या को बढाया जाय।वन्यजीवों के रेस्क्यू कार्य में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से संवादहीनता की स्थिति नहीं रहनी चाहिए। संचालित गतिविधियों के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी जाय तथा आमजन से प्राप्त सूचनाओं पर भी ध्यान दिया जाय। डॉ. कुमार ने कहा कि नदियों के निकट रहने वाले स्थानीय लोगों विशेष कर मछुआ समुदाय से मदद ली जाय। मंत्री ने वन्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी सजगता के साथ रेस्क्यू आपरेशन संचालित कर प्रभावित ग्रामों को हिंसक वन्य जीव की समस्या से मुक्त कराया जाय। मंत्री डॉ. कुमार ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनजागरूकता पर विशेष ध्यान दें। प्रभावित क्षेत्र में लोगों को बताया जाय कि बच्चों एवं महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, बच्चों को अकेले बाहर न निकलने दें। लोग जब भी बाहर जाये तो समूह में निकलें तथा हाथ में एक डण्डा अवश्य रखें। शौच इत्यादि के लिए बाहर जाने के बजाय घर में बने शौचालयों का उपयोग करें। रात में घरों के बाहर न सोये। बल्कि घर के अन्दर सुरक्षित तरीके से सोयें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एम.एल.सी. पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अनिल कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव, अनुराधा वेमुरी, मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र रेणु सिंह, वन संरक्षक देवीपाटन वृत्त सेम्मारन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. राम सिंह यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## चार साल की बच्ची पर जंगली जानवर ने किया हमला, अस्पताल में भर्ती

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील स्थित बदरौली गांव में सोमवार दोपहर एक जंगली जानवर ने घर के सामने खेल रही चार साल की बच्ची पर हमला कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद जानवर उसे छोड़कर भाग गया। हमले में बच्ची के पेट में घाव हो गया है और उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। यह घटना बदरौली गांव के मजरा भगत राम पुरवा निवासी राम कुमार की चार साल की बेटी चांदनी के साथ हुई। सोमवार दोपहर करीब एक बजे चांदनी अपने घर के सामने खेल रही थी, तभी जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के पीछा करने पर जानवर बच्ची को छोड़कर भाग गया। हमलावर जानवर की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि जंगली जानवर के हमले की सूचना मिली है और एक टीम को मौके पर भेजा जा रहा है।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज

**जरवलरोड, बहराइच।** डीसीएम पर रस्सा कसने के लिए चढ़ा युवक लटक रहे हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है।



जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत झुकिया गांव निवासी 32 वर्षीय अमित राव पुत्र शिव नारायण झुकिया चौराहे के निकट लखनऊ बहराइच हाइवे के किनारे पान की दुकान चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कभी कभी वह गांव निवासी मुबारक ड्राइवर के साथ लखनऊ तुलसीपुर ट्रांसपोर्ट की डीसीएम पर सामान उतराने के लिए मजदूरी पर भी चला जाता था। रविवार को भी पान की दुकान पर कम बिक्री के चलते सुबह अमित मुबारक ड्राइवर के साथ बलरामपुर जिले की तरफ विभिन्न ट्रांसपोर्टो पर डीसीएम से सामान उतराने के लिए गया था। कई ट्रांसपोर्ट पर माल उतारने के बाद ये लोग रविवार दोपहर मे बलरामपुर के सादुल्लाह नगर की तरफ अवशेष माल उतारने जा रहे थे। तभी रेहरा बाजार में मुबारक ड्राइवर ने रस्सा कसने के लिए रेहरा बाजार सादुल्लाह नगर मार्ग के किनारे डीसीएम को खड़ा किया। अमित रस्सा कसने के लिए डीसीएम पर चढ़ा तभी ऊपर से गुजरे लटक रहे हाइटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया और मौके पर ही मौत हो गई। अमित के मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अमित की 6 वर्ष की बेटी तेजल और पत्नी सीमा बार बार बेसुध हो जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को बलरामपुर से अमित का शव झुकिया गांव पहुंचा जहां शाम को परिजनों द्वारा गमगीन माहौल में दाह संस्कार किया गया। ग्रामीणों के मुताबिक अमित का स्वभाव अच्छा था, जिससे उसकी मौत की सूचना के बाद क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर है।

## खबरें एक नजर में

### आवास प्लस सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ी, अब 14 तक डेटा कैप्चर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार के निर्देश पर आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश के तहत आवास प्लस सर्वेक्षण–2024 की समय–सीमा को बढ़ा दिया गया है। अब यह सर्वेक्षण 14 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अवधि में नये लाभार्थियों का डेटा कैप्चर किया जाएगा ताकि पात्र परिवारों को आवासीय सुविधा से वंचित न रहना पड़े। जिला ग्राम विकास अभिकरण गोण्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी खण्ड विकास अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से यह कार्य प्रारंभ करें। जिन लाभार्थियों का सर्वेक्षण पहले छूट गया था, उन्हें इस अवधि में चिह्नित कर डेटा कैप्चर किया जाएगा। परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण गोण्डा ने बताया कि यदि किसी भी कारणवश पात्र लाभार्थी सर्वेक्षण की तिथि पर उपस्थित न हो पाए तो उन्हें पुनः अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अपील की कि जिन परिवारों को अब तक आवासीय सुविधा प्राप्त नहीं हुई है, वे अपने को पात्र मानते हों तो संबंधित ग्राम विकास खंड से संपर्क कर अपना सर्वेक्षण अवश्य कराएं। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में इस सूचना का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र परिवार छूट न सके।

### सागौन के बाग में झुलसी लाश मिलने से मचा हड़कंप

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के मसकनवा मार्ग स्थित जैदवा गांव के पास सागौन के बाग में बिजली के खंभे के नीचे एक अज्ञात युवक का झुलसा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के पास से एक रस्सा,तार कटर एक जोड़ी चप्पल और एक चाबी बरामद की गई है। इन वस्तुओं के आधार पर पुलिस युवक की पहचा न और घटना के कारणों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस आसपास के गांवों में युवक की शिना ख्त कराने में जुटी हुई है। बिजली विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया गया, लेकिन वे भी मृतक की पहचान नहीं कर पाए। बताया जा रहा है कि जहां शव मिला है, वह लाइन मनका पुर से मसकनवा जाने वाली विद्युत लाइन से जुड़ी हुई है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक की पहचान कराने का प्रयास जारी है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही युवक की पहचान और मौत के कारणों का स्प ष्ट खुलासा हो सकेगा।

### बीज के दुकान में चोरों ने की चोरी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिहीपुरवा कस्बा में एक बीज के दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र इस समय चोरी की घटना आम हो गई है। अब तक क्षेत्र में कई चोरियां की घटना घट चुकी है एक भी चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है। वहीं रविवार की देर रात अज्ञात लोगों ने कस्बा में संचालित धनागमा बीज भंडार की दुकान में अज्ञात लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित कौशल पाण्डेय के अनुसार 13 हजार की नगदी सहित कीमती सामान पर चोरों ने हाथ साफ किया है। पीड़ित ने थाना स्थानीय पर लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि सूचना मिली है जांच बाद कार्यवाही की जाएगी।

### यातायात पुलिस ने 52 हजार का लगाया जुर्माना



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में, लखनऊ–बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, स्पीड राडार यंत्र का उपयोग कर वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार पर वाहन चलाते पाए गए कुल 26 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। इन वाहनों पर कुल 52 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने जोर दिया कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

## जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

▶ मच्छरों से करें बचाव, घर और आस-पास रखें सफाई : डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** बरसात खत्म होते ही मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के बीच जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया।सीएमओ कार्यालय से एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा भी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों से मच्छर जनित बीमारियों से सतर्क रहने की अपील की।

एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि घर और आस-पास सफाई बनाए रखने से कई संक्रामक रोगों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का अभाव, दूषित जल और मच्छरों का प्रकोप संचारी रोगों का मुख्य कारण हैं। अभियान 31 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगरपालिका, कृषि विभाग और अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग से चलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि अभियान के दौरान मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आगामी 11 से 31 अक्टूबर तक आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार के रोगियों की सूची, इंफ्लुएंजा लाइक इनलेस रोगियों की सूची, कुष्ठ, फाइलेरिया, दिमागी बुखार, कालाजार रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी और सम्पूर्ण विवरण ई- कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। इसके साथ ही बीमार बच्चों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेजेंगी। साथ ही टीबी लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाएगा।आवश्यकतानुसार 108 निःशुल्क एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाएं क्योंकि कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि डेंगू मच्छर साफ पानी में पनपते हैं। उन्होंने लोगों से घर और आस-पास खुली छत पर पानी जमा रखने वाली वस्तुएं हटाने, सफाई बनाए रखने, मच्छरदानी का प्रयोग करने और पूरी आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह दी। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. राजेश, एसीएमओ डॉ. आरबी वर्मा, डीपीएम सरजू खान, डबल्यूएचओ, यूनिसेफ, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, नगरपालिका, शिक्षा विभाग के कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुसीबत में करें फोन तो सहायता के लिए पहुंचेगी पुलिस इंटर कालेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शहर में स्थित इंटर कॉलेज में सोमवार को बालिका सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बालिका सुरक्षा के लिए जागरूक किया। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत सर सैय्यद गर्ल्स इंटर कॉलेज काजीपुरा में कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जागरूक किया गया।

क्षेत्राधिकारी नगर पहुंप सिंह और प्रभारी निरीक्षक ने विद्यालय में मौजूद बालिकाओं को उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निर्देशों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे मे व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया तथा महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098,1076,112,181, 108 व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्रीनंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम उप निरीक्षक विभा दूबे, उप निरीक्षक अमर बहादुर मिश्रा, हेड कांस्टेबल भगवती वर्मा, आरक्षी चांदनी यादव, आरक्षी शिखा श्रीवास्तव, आरक्षी गौरव गोंड मौजूद रहे।

### कन्छर में गूंजा बेटियों का आत्मविश्वास



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के विजय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्छर में आयोजित मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम ने माहौल में जोश भर दिया। बेटियों ने सुरक्षा, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का संकल्प लिया तो मंच से भी महिलाओं की आवाज़ बुलंद हुई अब डरने की नहीं, हक़ के लिए लड़ने की बारी है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 और साइबर अपराध के लिए 1930 नंबर उनकी सुरक्षा की गारंटी हैं। साथ ही कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना और पूर्वदशम छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सरकारी लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी अनिल उपाध्याय और उप निरीक्षक तनवीर अहमद ने महिलाओं से सीधे संवाद कर कहा कि पुलिस आपकी साथी है, डर नहीं— भरोसा रखिए, सरकार और पुलिस आपकी ढाल बनकर साथ खड़ी है। इस दौरान महिला आरक्षी स्नेहा द्विवेदी, कांस्टेबल योगेंद्र पाल और जितेंद्र प्रजापति ने भी सुरक्षा टिप्स देकर बेटियों में आत्मविश्वास जगाया। अंत में कार्यक्रम तालियों की गड़गड़ाहट और नारी शक्ति अमर रहे! के नारों के साथ समाप्त हुआ।

## यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के जिला अध्यक्ष बने रोहित मिश्रा





समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** फार्मासिस्ट फाउंडेशन अधिवेशन में फार्मासिस्ट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फार्मेसी काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष सुनील यादव तथा यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष आदेश कृष्णा ने रोहित मिश्रा को यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है तथा सुधांशु मिश्रा को मंडल उपाध्यक्ष व राकेश शुक्ला को महामंत्री मनोनीत किया गया।

उन्होंने मनोनीत हुए जिला पदाधिकारी से संगठन के मजबूती को लेकर कार्य करने की अपेक्षा की है। विश्वास जताया है कि वह लोग फार्मासिस्ट की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करेंगे। इसके साथ संगठन के मजबूती के लिए लोगों को जोड़ने का कार्य करेंगे। रोहित मिश्रा ने बताया कि संगठन में जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंप गई है। उसे पर वह सत प्रतिशत खरा उतरने करने पूरा सार्थक प्रयास करेंगे तथा सदेव फार्मासिस्ट के हित की लड़ाई लड़ते रहेंगे। मनोनयन पर सुमित वर्मा, मनोज कुमार सैनी, सनत कुमार पांडे, श्यामबरन, अंकित तिवारी, रवि कुमार चौधरी, गोपाल साहू संजय अवस्थी ने हर्ष जताया है।

## लूट के इरादे से वृद्ध महिला की हत्या

**गोंडा।** कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के करूवा ग्राम के निवासी 60 वर्षीय राम प्यारी पत्नी राम राज सोमवार की भोर करीब तीन बजे के आस पास पेट में हल्का दर्द होने के बाद घर से शौच के लिए गई थी। मृतका के पुत्र सदानंद ने बताया कि रात्रि में घर के सभी लोग सो रहे थे। सुबह करीब तीन बजे उस की मां राम प्यारी उठी और उस ने मुझे जगाया कि मेरे पेट में दर्द हो रहा है मुझे शौच करने जाना है। उस के थोड़ी देर के बाद शौच के लिए चली गई। शौच कर वापस लौटते समय बदमाशों ने गांव में घेर लिए कान और नाक में पहले सोने के जेवर को उतारने लगे जिस का विरोध मां ने किया तो उनकी हत्या कर दिया। आवाज सुन ने पर घर के लोग गांव के लोग दौड़े तब तक बदमाश मार कर भाग गए। घटना की जानकारी 112 नंबर की पुलिस को दी गईं। मौके पर पुलिस और उच्चाधिकारी भी पहुंच गए। फॉरेसिंक टीम के साथ घटना स्थल की जांच भी किया। शव का पंचायत नामा भर के पोस्ट मार्टम को भेजा है। सदानंद की तहरीर पर पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

## ऑपरेशन और जांच की मशीनें खराब, निजी अस्पताल में इलाज कराने को मजबूर मरीज

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में सीटी स्कैन, सी आर्म मशीन खराब हो गई है। अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती है।ऐसे में जांच से लेकर ऑपरेशन तक की सेवाएं बाधित हैं। चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवा ओपीडी तक सिमट कर रह गई है। मरीजों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

ऑपरेशन के लिए लखनऊ तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। जांच के लिए प्राइवेट पैथोलॉजी पर दो हजार रुपये से लेकर 2500 तक खर्च करना पड़ रहा है।कर्नलगंज के रहने वाले सुधाकर का पैर टूट गया है। उनका आपरेशन होना है लेकिन, मेडिकल कॉलेज की सी आर्म मशीन खराब होने से उन्हें तारीख दी गई है। परसपुर के रहने वाले विनोद के बेटे शौर्य के पेट में कई दिनों से दर्द हो रहा है।चिकित्सक ने पथरी होने की आशंका को देखकर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी लेकिन, रेडियोलाजिस्ट न होने के कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो सका। विनोद ने बताया कि उन्हें एक हजार रुपये खर्च कर बाहर से जांच कराना पड़ा।छिरास की रहने वाली रेखा देवी शनिवार की रात में सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। सिर में गंभीर चोट लग गई।

चिकित्सक ने सीटी स्कैन कराने की सलाह दी लेकिन मशीन खराब होने के कारण उन्हें बाहर से 2500 रुपये खर्च कर सीटी स्कैन कराना पड़ा।ऐसे में प्रतिदिन 50 से अधिक रोगियों को मशीन खराब होने से क्षेत्रीय निदान केंद्र से लौटा दिया जाता है। 80 से 100 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय आने वाले मरीजों को निराश लौटना पड़ रहा है।

जिम्मेदार पत्राचार से आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं जिसका खामियाजा रोगियों को भुगतना पड़ रहा है।सीआर्म व सीटी स्कैन मशीन को ठीक कराने के लिए पत्राचार किया गया है। इंजीनियर ने आकर जांच कर ली है। जल्द ही मशीन ठीक हो जाएगी। रेडियोलाजिस्ट की तैनाती के लिए प्रयास किया जा रहा है। शासन को भी स्थिति से अवगत कराया गया है।

## कारागार में कैदी की मौत पर उठे सवाल शासन ने शुरु की मजिस्ट्रियल जांच

समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** जिला कारागार गोंडा में बंद सिद्धदोषी कैदी की मौत के मामले में प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट गोंडा के आदेश पर यह जांच उप जिलाधिकारी (सदर) द्वारा की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिद्धदोष बंदी शोभाराम साहू (66 वर्ष) पुत्र नीबर साहू, निवासी ग्राम छबीले पुरवा, मौजा गंगापुर, थाना कोतवाली नगर, की 25 अगस्त 2025 की शाम करीब 6 बजे लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट महोदया ने 25 सितंबर 2025 को मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए थे। इसके बाद अपर जिला मजिस्ट्रेट के पत्र के माध्यम से उप जिलाधिकारी (सदर) को जांच अधिकारी नामित किया गया। आदेश के अनुसार, जांच अधिकारी से कहा गया है कि वह घटना के सभी पहलुओं

**शोभाराम साहू मौत प्रकरण में एसडीएम करेंगे मजिस्ट्रियल जांच**

की जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस संबंध में जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान साक्ष्यों सहित 20 कार्य दिवसों के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य प्रमाणिक साक्ष्य भी उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। मृतक के परिजनों को भी बुलाकर उनका बयान दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा, यदि कोई अन्य व्यक्ति इस मामले से संबंधित कोई साक्ष्य या बयान देना चाहता है, तो वह एक माह के भीतर किसी भी कार्यदिवस में उप जिलाधिकारी (सदर) कार्यालय, गोंडा में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। प्रशासन ने कहा है कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन

**बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को माधव बस्ती में पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शुरू होकर हनुमानपुरी कॉलोनी, पानी टंकी और विकास भवन होते हुए वापस सरस्वती विद्या मंदिर पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर बस्ती के निवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरे मार्ग पर स्वयंसेवकों की अनुशासित और संगठित प्रस्तुति ने लोगों को आकर्षित किया। जगह-जगह समाज के लोगों और मातृशक्ति ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

पथ संचलन के मुख्य अतिथि प्रांतीय समरसता प्रमुख राजकिशोर रहे। इस कार्यक्रम में जिला कार्यवाह भूपेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह, नगर कार्यवाह कृष्ण कुमार, नगर प्रचारक आनंद, ओमप्रकाश सक्सेना, राम नारायण पांडे, वेद प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र अवस्थी, जय सुखलाल, अमर सिंह, पुष्पनाथ तिवारी और आशीष सिंह सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## 18 लाख रुपए कीमत के खोए हुए 117 मोबाइल बरामद

▶ मोबाइल वापस पाकर लोग बोले- थैंक्यू पुलिस

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** बहराइच पुलिस ने 117 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन फोनों की कीमत 18 लाख रुपये से अधिक है। रविवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने इन फोनों को उनके मालिकों को वापस लौटाया।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लोगों ने अपने फोन गुम होने की शिकायतें दर्ज कराई थीं। इन शिकायतों के आधार पर सर्विलांस और स्वाट टीम को लगाया गया था। सर्विलांस/स्वाट प्रभारी मनोज सिंह, उप निरीक्षक सर्वजीत गुप्ता, आरक्षी प्रदीप कुमार, राहुल बाजपेई, नितिन अवस्थी, अंकुर यादव, अमित यादव और सभी थानों पर सीईआईआर पोर्टल पर कार्यरत कर्मियों की टीम ने मिलकर कुल 117 फोन बरामद किए। बरामद फोनों की कुल कीमत 18 लाख 15 हजार 768 रुपये आंकी गई है।

अपने खोए हुए फोन वापस पाकर फोन धारकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने पुलिस विभाग और फोन बरामद करने वाली टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि फोन गुम या चोरी होने पर तुरंत अपने स्थानीय थाने में सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल की रसीद और पहचान पत्र के साथ शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि अपलोड होने के बाद एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा, जिससे भविष्य में फोन का उपयोग होने पर नोटिफिकेशन प्राप्त होगा और उसे रिकवर किया जा सकेगा।

## मंगलदेव के सीने पर बंदूक रखकर मारी थी गोली, रिपोर्ट में खुलासा

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** इटिया थोक थाना क्षेत्र के भवानी पुर खुर्द बंधक पुरवा गांव के निवासी राम शंकर के पुत्र 15 वर्षीय मंगल देव को उस के सीने पर बंदूक से सटा कर गोली मार कर हत्या कर दी गई। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में इस का खुलासा हुआ है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में आया है कि उस के सीने पर बंदूक रख कर उस की हत्या की गई है। गोली भी मिला है। मृतक बालक मंगल देव के पिता राम शंकर वर्मा ने बताया वह संजय नमक युवक के चाय के दुकान पर काम करता था।

शनिवार के दिन घर था। काम करने नहीं गया था। दुकान का मालिक संजय यादव उस को शाम चार बजे घर से बुला कर ले गया था। गांधी चौतरा के पास उस की लाश मिली। राम शंकर वर्मा ने बताया कि उस के पास फोन आया कि उस के पुत्र का एक्सीडेंट हो गया हैं इस पर उस के चाचा अमन वर्मा सहित चार पांच लोग मौके पर गए।तब पता चला कि उस को



गोली मार कर हत्या कर दी गई। राम शंकर ने बताया कि गांधी चौतरा पर ही संदीप मिश्रा की यूरिया पम्प की दुकान करता है। चाय की दुकान पर काम करने से पहले संदीप मिश्रा की यूरिया पम्प की दुकान कर काम किया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही उस ने वहां से काम छोड़ कर संजय की चाय की दुकान पर काम करने लगा था। संदीप मिश्रा उस को अपने दुकान में काम करने के लिए कह रहा था। उस ने मना कर दिया था। जिस से वह काफी नाराज रहता था। इसी बात को लेकर उस को गोली मार कर उस की हत्या कर दी गई। थानाध्यक्ष इटियाथोक ने बताया की संदीप मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### एक्सीडेंट में गई 55 वर्षीय व्यक्ति की जान

**महराजगंज, रायबरेली।** एक्सीडेंट से गई एक व्यक्ति की जान भगौती प्रसाद पुत्र रामपियारे निवासी से पूरे कुम्हारन का पुरवा मजरे कुबना थाना महराजगंज जनपद रायबरेली का एक्सीडेंट हो जाने के कारण मौत हो गई। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ हालत गंभीर

**महराजगंज रायबरेली।** युवक ने खाया जहरीला पदार्थ हालत हुई खराब ।अरविंद पुत्र आनंद प्रकाश उम्र 25 वर्ष निवासी असनी थाना महराजगंज किसी कारण से जहरीला पदार्थ खा लिया जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत गंभीर होने लगी आनन-फानन परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों द्वारा उसे जिला रेफर कर दिया गया।

### राष्ट्रीय सवर्ण परिषद की चौपाल में एकजुट का दिया संदेश



**रायबरेली।** राष्ट्रीय सवर्ण परिषद (RSP) के तत्वावधान में राही ब्लॉक के भुएमऊ स्थित लॉन में सवर्ण समाज की चौपाल आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही पदाधिकारियों ने समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों और सम्मान के लिए आगे आने का आह्वान किया।जिला संगठन मंत्री योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ़ मुकुल सिंह ने कहा कि सवर्ण समाज ने देश और राजनीति के निर्माण में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। लेकिन आज वही समाज उपेक्षा और अनदेखी का शिकार है। जिन राजनीतिक दलों ने सवर्ण समाज के सहयोग से सत्ता प्राप्त की। वहीं आज उसकी आवाज़ सुनने को तैयार नहीं हैं। सभी दलों ने सवर्ण समाज को केवल सत्ता की सीढ़ी की तरह इस्तेमाल किया। आरक्षण व्यवस्था और SC-ST एक्ट जैसे कानूनों का दुरुपयोग कर सवर्ण समाज को लगातार कमजोर किया जा रहा है। सवर्ण समाज को किसी भी ऐसे दल या उम्मीदवार को वोट नहीं देना चाहिए जो सवर्णों के अधिकारों और समान अवसर की बात न कर तो निर्दलीय प्रत्याशी को वोट दें या NOTA का प्रयोग करें ।ताकि राजनीतिक दलों को यह संदेश मिले कि सवर्ण समाज अब मौन नहीं बल्कि निर्णायक शक्ति है। इस मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद प्रकाश पांडेय, उमानाथ द्विवेदी, जेके शुक्ला, धर्मेन्द्र त्रिवेदी, अभिषेक त्रिवेदी, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, देवेश सिंह, श्रीकांत मिश्रा, संजय मिश्रा, विजय मिश्रा, दीपक तिवारी, शाशेन्द्र सिंह व अन्य पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर भारत के तहत सीतापुर विस का सम्मेलन आयोजित



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है की 2047 तक भारत विश्व गुरु बने और इसकी आधारशिला आत्मनिर्भर भारत ही होगा। आज हम भारत माता को परम वैभव दिलाने का प्रण लेते हैं और हमें आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए जान-जान में जागरूकता पैदा करनी है। जीएसटी की दरों में घटाव इसका पहला पड़ाव है। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा आत्मनिर्भर भारत सीतापुर विधानसभा सम्मेलन के दौरान नेहरू हॉल मे कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक/राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने लोगों से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ पवन सिंह चौहान ने विस्तार से अपनी बात रखते हुए बताया की कैसे आत्मनिर्भर भारत दुनिया का सबसे मजबूत देश बनकर उभरेगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के बच्चे बच्चे के हाथ में हुनर है और इस हुनर से जब देश आत्मनिर्भर बनेगा तो जहां हमारा देश विकसित होगा वहीं विश्व का नेतृत्व भी करेगा जोकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता ने आत्मनिर्भर भारत की प्रस्तावना पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल जायसवाल, राजकुमार अग्रवाल सहित पार्टी पदाधिकारियों व जिले के समाजसेवियो ने भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी सीतापुर विधानसभा के नागरिक व्यापारी सहित पार्टी के समर्थक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सांसद का तीन दिवसीय क्षेत्रीय दौरा आज से



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा का तीन दिवसीय क्षेत्रीय दौरा आज से शुरू हो रहा है। सांसद जी 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक जनपद के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सांसद श्री शर्मा विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में भाग लेकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे। 7 और 8 अक्टूबर को वे अमेठी संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से वे क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। दौरे के तीसरे दिन 9 अक्टूबर को सांसद जी जिला निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा उनके जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बालिकाओं को आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** महिला कल्याण विभाग द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान में सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिव महेश बालिका इंटर कॉलेज, गौरीगंज में सेल्फ डिफेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति सक्षम एवं जागरूक बनाना रहा। बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की विभिन्न महिला सशक्तिकरण योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना , स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई और इनके उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर ऋषि यादव डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर तथा राकेश कुमार यादव जेंडर विशेषज्ञ, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन उपस्थित रहे।

### 45ली अवैध कच्ची शराब बरामद



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में सोमवार 6 अक्टूबर को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- सरुवावा, काजीपट्टी, खेखरुआ, थौरी व मटियारीकला में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के थाना- भाले सुल्तान शहीद स्मारक के ग्राम - मटियारीकला से लगभग 45 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 150किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 2 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना एवं थानाध्यक्ष थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय पुलिस स्टाफ व समस्त स्टाफ आबकारी क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना से तीरथनाथ, सर्वेश कुमार, संजय सरोज, सुलेखा देवी भी शामिल रहे।

### सड़क हादसे में साइकिलसवार युवक की मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के डेहरा दर्जीयान निवासी मोबीन अहमद उम्र 38 वर्ष पुत्र नसीम अहमद की रविवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोबीन रविवार रात लगभग 11:30 बजे अमेठी बाजार से सामान खरीदकर साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी सोइया गांव के पास साइकिल के नीचे बड़ा पत्थर का टुकड़ा आने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर पड़े। गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और रात करीब 12:30 बजे बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। प्रधान संघ के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार शुक्ला ने बताया कि मोबीन अहमद गांव में कपड़ा सिलाई का काम करते थे और उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन से बात कर सरकारी सहायता दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, ताकि मोबीन के तीन बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# डीसीएस ने बाइकसवारों को मारी टक्कर, दो की मौत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

तेज रफ्तार का कहर दो बाइक सवारों की मौत का कारण बन गया। सामने से आ रहे बाइक सवारों को अनियंत्रित डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।

घटनाक्रम के अनुसार सोमवार सुबह 11:00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर थुलेड़ी गांव स्थित ईदगाह के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात डीसीएम ने बाइक सवारों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रामकृपाल पुत्र भोला प्रसाद उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी जमालपुर कुर्मियाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ व कमलेश पुत्र देवीदीन उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी सेवलर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर मारने के बाद डीसीएम दोनों को रौंदता हुआ मौके से फरार हो गया है। लोगो का कहना है, यदि डीसीएम चालक भागने का प्रयास न करता तो दोनों की जान बच सकती थी। घटना को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। फरार चालक एवं वाहन डीसीएम की तलाश की जा रही है ।

## डंपर एवं रोडवेज बस में आमने-सामने जोरदार टक्कर, चालक-परिचालक सहित एक दर्जन से अधिक घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर विकास नगर मोहल्ले के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने सामने से आ रही एक रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक, परिचालक सहित आधा दर्जन यात्री घायल हुए हैं। जिनमें सभी घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि सोमवार शाम तकरीबन 4:30 के आसपास फतेहपुर डिपो की एक रोडवेज बस फतेहपुर से लखनऊ की ओर जा रही थी। तभी बहराइच से बांदा की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार



अनियंत्रित डंपर ने रोडवेज बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। रोडवेज बस एवं डंपर में हुई आमने-सामने की इस टक्कर में बस चालक संपत सिंह पुत्र यंग बहादुर सिंह निवासी कुशुम्भी असोथर जनपद फतेहपुर एवं परिचालक पंकज पुत्र सोमनाथ उम्र 28 वर्ष निवासी जगतपुर रायबरेली सहित डंपर चालक पवन पुत्र वासुदेव उम्र 30 वर्ष निवासी मोहनलालगंज को गंभीर चोटे आई हैं। जिनका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है। वही बस में सवार 38 यात्रियों में लगभग एक दर्जन से अधिक यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं। जिनमे सभी घायलो का इलाज निजी अस्पताल में कराकर उन्हे दूसरी बस के माध्यम से उनको उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर मार्ग को खाली कराकर आवागमन पुन: सुचार रूप से शुरू कर दिया गया है। घटना की तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन के तहत नगर का किया भ्रमण



**महराजगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड महराजगंज जिला रायबरेली के द्वारा विजयदशमी उत्सव मनाया जा रहा है जिसके तहत पथ संचलन का आयोजन स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से किया गया। पथ संचलन के तहत विद्यालय से निकली यात्रा नगर भ्रमण करते हुए चन्दापुर चौराहे तक पहुंची चन्दापुर चौराहा से होते हुए रंधावा मार्ग पर पहुंची रंधावा मार्ग से पथ संचलन का समापन स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ। इस मौके पर जय नारायन कार्यक्रम अध्यक्ष, जगमोहन यादव खंड प्रेरक लायक सिंह, खंड कार्यवाहक पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, डॉ मातादीन पासी, अवधेश मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भाजपा सुधा अवस्थी, संतोष मौर्य, दिनेश कुमार, विजय धीमान, धर्मेंद्र वर्मा, विनीत वैश्य, राकेश मिश्रा, मनोज सिंह, चौहान व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी सिंह, भूपेंद्र सिंह उर्फ साजू, गिरीश श्रीवास्तव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## कवि सम्मेलन के साथ प्रारंभ हुआ बछरावां का ऐतिहासिक पांच दिवसीय दशहरा मेला

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के रफी अहमद की किदवई पार्क इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में प्रतिवर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे में लगने वाला 91वां पांच दिवसीय ऐतिहासिक दशहरा मेला बीते रविवार की रात ÷अखिल भारतीय भव्य कवि सम्मेलन के साथ प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक रामलाल अकेला, एसडीएम महाराजगंज गौतम सिंह, सीईओ महाराजगंज प्रदीप कुमार, थाना अध्यक्ष बछरावा राजीव सिंह, मेला कमेटी के प्रबंधक शशिकांत मिश्रा, अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, संगठन मंत्री नीरज साहू, संगठन मंत्री शिवम मिश्रा एवं समस्त कवियों के द्वारा संयुक्त रूप से विद्या की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं उन्हें पुष्प अर्पित करने के पश्चात मंच पर उपस्थित कवियों के सम्मान के उपरांत प्रारंभ किया गया। इस कवि सम्मेलन में कुंभ नगरी प्रयागराज से हास्य रस के मशहूर कवि अखिलेश द्विवेदी एवं बिहारी लाल अंबर, चूड़ियों के शहर फिरोजाबाद से गीतकार हासिम फिरोजाबादी, बाराबंकी से हास्य पैरोडी कलाकार प्रमोद पंकज, गोला गोकरननाथ की



धरा से वीर रस के मशहूर कवि शिवदीप कनक, संगमरमर की नगरी कटनी (मध्य प्रदेश) से श्रृंगार रस की कवियत्री प्रियंका मिश्रा ने अपनी कविताओं एवं गीतों से प्रांगण में उपस्थित श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नवाबों के शहर लखनऊ की पावन धरा से पधारे वीर रस के प्रसिद्ध कवि विख्यात मिश्रा के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के सूत्रधार क्षेत्रीय कवि अविनाश बाजपेई ने कार्यक्रम के अंतिम चरण में उपस्थित सभी कवियों का बछरावां दशहरा मेला कमेटी एवं बछरावां की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बछरावां दशहरा मेला कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा श्रोतागण उपस्थित रहे।

## शरद पूर्णिमा स्नान पर्व पर भारी वाहनों के प्रवेश पर लगे रोक: महामंडलेश्वर

**डलमऊ, रायबरेली।** मंगलवार को होने वाले शरद पूर्णिमा स्नान पर को लेकर सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के महामंडलेश्वर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को प्रार्थना पत्र देकर स्नान पर्व पर डलमऊ कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के महामंडलेश्वर



स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ यसवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर मंगलवार को होने वाले स्नान पर्व पर मुराई बाग कस्बे में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में महामंडलेश्वर ने बताया है कि सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा स्नान पर्व का विशेष महत्व है इस दिन भारी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए डलमऊ गंगा तट पर पहुंचते हैं मंगलवार को होने वाले शरद पूर्णिमा स्नान पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है मुराई बाग चौराहे पर गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से राहत दिलाने के लिए ट्रक एवं भारी वाहनों को कस्बे के बाहर रोके जाने की मांग की है तथा इस कार्य के लिए कोतवाली प्रभारी डलमऊ को निर्देशित किए जाने के लिए प्रार्थना की है जिस पर पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने भारी वाहनों के प्रवेश रोक लगाने एवं स्नान पर्व को जाम रहित संपन्न कराने की बात कही है।

## भाजपा जिला कार्यालय पर स्नातक चुनाव संबंधी कार्यशाला आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आगामी स्नातक चुनाव को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिजीव मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में सहसंयोजक स्नातक चुनाव मानस मित्रा उपस्थित रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा द्वारा पार्टी के पदाधिकारीयों से मतदाता सूचियां को व्यवस्थित करवाने एवं स्नातक चुनाव के मतदाता बधुओ से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने की रणनीति बतायी। साथ ही साथ चुनाव के सहसंयोजक मानस मित्रा द्वारा चुनाव के दौरान बूथवार सभी मतदाताओं से मिलकर मजबूत माहौल तैयार करने के लिए आवाहन किया उन्होंने इस कार्य में पार्टी के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को रणनीति बनाकर स्नातक मतदाताओं से मीटिंग कर चुनाव को पार्टी के पक्ष में मजबूत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सीतापुर जिले में स्नातक चुनाव में पार्टी को भारी बढ़त मिलेगी यहां का प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस कार्य में अभी से



जुड़ गया है उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से बताया कि अब तन मन धन से लगने का समय आ चुका है और अब विश्राम का समय इस चुनाव में कमल खिलाने के बाद ही होगा। कार्यशाला में मुख्य रूप से विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, स्नातक चुनाव के जिला संयोजक रोहित सिंह सहित पदाधिकारीगण मोर्चो के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रवासी स्नातक चुनाव संयोजक व पोलिंग स्टेशन प्रभारी उपस्थित रहे।

## आर्य समाज का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न

**बिसवां, सीतापुर।** आर्य समाज बिसवां का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्वान उपदेशक पंडित अशर्फी लाल शास्त्री, पंडित धर्मवीर सात्विक (मथुरा), नीलम शास्त्री (करनाल), धनुर्धर भगवान देव (बरेली) एवं ढोलक वादक सुरेंद्र ने सहभागिता की। कार्यक्रम के संयोजक संस्था के मंत्री अजीत आर्य रहे जबकि संचालन वीरेंद्र बहादुर आर्य ने किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधान रमापति रस्तोगी ने किया। पंडित अशर्फी लाल शास्त्री ने कहा कि सृष्टि के मूल तत्त्व अग्नि (पिता) और सोम (माता) हैं। पंडित धर्मवीर सात्विक ने योग और संयम पर आधारित जीवन का महत्व बताया, जबकि नीलम शास्त्री ने समय



के अनुशासन को आवश्यक बताया। धनुर्धर भगवान देव ने धनुष विद्या का प्रदर्शन कर वेदों के सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी दिनकर प्रताप सिंह सहित सीतापुर जनपद से आए आर्य समाज सेवकों को प्रसस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्रधान अशोक पुष्प, कुलदीप सिंह, त्रिलोकी नाथ रस्तोगी, कोषाध्यक्ष कैलाशपति रस्तोगी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बीडीओ ऐलिया की उदासीनता के चलते क्षेत्र की गौशालाओं में बढ़ रही अव्यवस्थाएं: प्रवीण सिंह

- लगातार मनरेगा योजना में हो रहा फर्जीवाड़ा, गांधी जयन्ती अवकाश पर भी दर्ज की गई श्रमिक हाजिरी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रदेश महासचिव प्रवीन कुमार सिंह ने कहा कि जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के द्वारा प्रदेश में चहुमंखी विकास के लिये विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे प्रदेश में आम जनमानस का विकास हो सके साथ ही जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर समय समय पर अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा समीक्षा बैठक की जा रही है और सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते है जिससे जारी महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर भ्रष्टाचार मुक्त होकर पहुंच सके और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस सम्बन्ध मे शासन और प्रशासन के द्वारा लगातार सम्बन्धित क्षेत्रों का औचक निरीक्षक भी किया जाता रहता है। हर प्रयास के बाद भी जनपद सीतापुर के विकास खण्ड ऐलिया में खण्ड विकास अधिकारी की उदासीनता के चलते मनरेगा योजना व गौशालाएं आम सुर्खियों में बनी रहती है। उन्होंने कहा कि विकास खण्ड ऐलिया की गौशालाएं विभिन्न पहलुओं में चर्चाओं का विषय बनी रहती है। कहीं गौशलाओं में संख्या



से कम गौवंश होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा अधिक संख्या में गौवंश दर्ज किये जाते है तो कहीं साफ सफाई को लेकर गौशालाओं की शिकायतें क्षेत्रवासियों द्वारा आम चर्चा बनी रहती है। साथ ही कहीं कहीं तो गौशालाओं में बहुत ही दयनीय अव्यवस्थाएं होने के कारण समाचारों पत्रों की सुर्खियां बनी रहती है अभी हाल ही में विकास खण्ड क्षेत्र की एक गौशला काफी चर्चा का विषय बनी रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गौवंशों तक में जिम्मेदारों के द्वारा शव निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है और मृतक गौवंशों का भी जिम्मेदारो के द्वारा व्यवसायिक नजरिया बनाया जा रहा है। जो कि बहुत ही चिन्ता व निन्दा का विषय है। साथ ही विकास खण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना को भी खण्ड विकास अधिकारी की उदासीनता के चलते कागजपूर्ति साबित की जा रही है। दो अक्टूबर जो कि पूरे देश में गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती के रूप में राष्ट्रीय अवकाश मनाया जाता है। उक्त अवकाश पर भी विकास खण्ड क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी की संरक्षण में श्रमिक उपस्थित दर्ज की गई। गौशाला शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में एक प्रमुख योजना है जब जिम्मेदारों के द्वारा ही प्रमुख योजनाओं में हीला हवाली करते हुए उरासीनता बरती जायेगी तो महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर पूर्ण निष्पक्षता के साथ पहुंचेगी यह एक बड़ा सवाल है।

### बीडीओ का 19 बिन्दुओं का जारी पत्र बना सत्यापन अधिकारियों के निजी लाभ का जरिया

प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह ने कहा कि शासन की मनरेगा योजना जिसके अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में जनहित में विभिन्न योजनाओं का निर्माण कराया जाता है और यह सार्वजनिक निर्माण से जनहित होना संभव होता है। खण्ड विकास अधिकारी के कार्यकाल में शासन से कई बार भुगतान भेजने के बाद भी सम्बन्धित ग्राम प्रधानों का विकास कार्यो का बकाया भुगतान नही हो सका। जिसकी प्रमुख वजह खण्ड विकास अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करते समय उन्नीस बिन्दुओं का जारी पत्र बताया जा रहा है। जिसमें वर्ष 2023-24 से लेकर 2024-25 तक कराये गये विकास कार्यो का सत्यापन अधिकारियों द्वारा बताया जा रहा है। साथ ही विकास खण्ड क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि विभिन्न माध्यमों से विकास खण्ड क्षेत्र में पूर्व निर्धारित निजी शुल्क में बढ़ोत्तरी हुई उसके बाद भी ग्राम प्रधानों को अधिकारियों की गणेश परिक्रमा करनी पड़ रही है। यह भी आरोप लग रहे है कि विकास खण्ड क्षेत्र में एक एक सत्यापन अधिकारी द्वारा एक प्रतिशत से डेढ से दो प्रतिशत तक सत्यापन के नाम पर कमीशन लिया गया और भुकतान के नाम पर गिनती के दो चार एफटीओ ही लगाये गये। जिससे विकास कार्या होने के बाद भी ग्राम प्रधानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़ ।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में सोमवार को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना गया तथा उनकी शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित अधिकारियों को आवश्यक आदेश दिये गए।

## दुर्गापूजा समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत इसौली मोड़ के पास केंद्रीय दुर्गा पूजा व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर पहुंचकर उपजिलाधिकारी मुसाफ़िर खाना अभिनव कन्नौजिया को ज्ञापन सौंपा है। दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने विशेष समुदाय के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं, समिति के सदस्यों का आरोप है की दुर्गापूजा महोत्सव के दौरान विशेष समुदाय द्वारा पंडालों पर लगे लाउडस्पीकर को बंद करवाया जा रहा है। उनका कहना है कि नमाज अदा करने के दौरान दुर्गा पूजा पंडालों पर लगे लाउडस्पीकर बंद रखे जाएं। नमाज़ के दौरान पंडालों पर लगे लाउडस्पीकर बन्द करवाऐ जाने से नाराज़ हिंदू संगठन व बीजेपी के लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और जनपद में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई की स्थिति जानी। उन्होंने एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त टीम बनाकर अवैध व अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के लिए निश्चित रूट प्रणाली लागू की जानी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ और अधिशासी अभियंता (लोनिवि) की तीन सदस्यीय समिति गठित कर ई-रिक्शा रूट निर्धारण के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्रों में अनधिकृत टैक्सी स्टैंडों का संचालन तत्काल बंद कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि एआरटीओ और यातायात विभाग संयुक्त रूप से नियमित जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार व रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज का दानव

बेटियों की साक्षरता में वृद्धि और कामकाजी क्षेत्र में लगातार उनकी बढ़ती भूमिका के बावजूद यदि दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में वृद्धि होती है, तो यह शर्मनाक स्थिति ही कही जाएगी। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की वह रिपोर्ट चौंकती है कि साल 2023 के दौरान देश में दहेज उत्पीड़न की घटनाओं में 14 फीसदी मामले ज्यादा दर्ज किए गए हैं। इस वर्ष के दौरान दहेज के कारण देशभर में 6,100 महिलाओं की मौत दर्ज की गई है। 21वीं सदी को ज्ञान की सदी कहा जा रहा है और हम रूढ़िवादी सोलहवीं सदी में जी रहे हैं। लड़कियों के साथ यदि परिवार व्यवस्था में भेदभाव होता है और भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो उसके मूल में भी दहेज का अभिशाप ही है। लगातार खर्चीली होती उच्च शिक्षा व्यवस्था में बेटियों की शिक्षा पर बड़ा खर्च करने के बाद यदि मां-बाप को दहेज देना पड़ता है तो यह शर्मनाक स्थिति है। हालांकि, पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद व अन्य कारकों को दहेज का मामला बनाने के कुछ मामले अदालतों की चिंता का भी विषय रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद समाज में दहेज के लिये उत्पीड़न की घटनाएं कटु सत्य है। यह भी एनसीआरबी की रिपोर्ट का यथार्थ है कि देश में हर रोज दहेज के लिये हत्याएं दर्ज हो रही हैं।

बेटियों को पढ़ाने तथा सरकारों द्वारा उनके सशक्तीकरण के तमाम प्रयासों के बावजूद दहेज का दानव यदि अट्टहास कर रहा है तो यह हमारे समाज की असफलता ही कही जाएगी। निस्संदेह, हमारे समाज में सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। एक समय नारा लगाया जाता था कि दुल्हन ही दहेज है। इस नारे को हकीकत बनाने की जरूरत है। कहीं न कहीं इस संकट के मूल में पितृसत्तात्मक सोच भी जिम्मेदार है। जिसमें स्त्रियों को वाजिब हक न देकर उन्हें कमतर आंका जाता है। इस बात पर विचार किया जाना चाहिए कि दहेज प्रथा उन्मूलन के लिये सख्त कानून होने के बावजूद इस कुप्रथा पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है। आखिर क्यों दहेज निषेध अधिनियम के अंतर्गत मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

समाज में साक्षरता वृद्धि और जागरूकता अभियानों के बावजूद स्थिति जस की तस है। विडंबना यह है कि दहेज उत्पीड़न के ज्यादातर मामले बड़े हिंदी प्रदेशों में सामने आए हैं। सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में और फिर बिहार दूसरे नंबर पर है। ये हजारों मामले समाज में स्त्रियों की विडंबनापूर्ण स्थिति को ही दर्शाते हैं। समाज में उपभोक्तावादी सोच के चलते भी दहेज की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। हमें विचार करना होगा कि समाज में दहेज के संकट की जड़ों पर कैसे प्रहार किया जाए।

राष्ट्र का विकास तब तक एकांगी ही रहेगा, जब तक आधी दुनिया को समाज में सम्मानजनक स्थान नहीं मिलता। दहेज के मामलों में न्याय भी शीघ्र देने की आवश्यकता है। आज जरूरत इस बात की है कि बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे समाज में सम्मानजक ढंग से बिना किसी पर निर्भर रहकर जीवनयापन कर सकें।

समृद्धि न्यूज

# तीन महीनों का जन-जागरण अभियान-सफलता या चुनौती?



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी



**भारत की बैंकिंग व्यवस्था में आज लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपये बिना दावे या अनक्लेम्ड के रूप में पड़े हैं। यह वह पूंजी है जो लाखों नागरिकों की मेहनत की कमाई थी, परंतु किसी न किसी कारणवश वह अपने मालिकों तक वापस नहीं पहुँच पाई। इनमें ऐसे खाते भी हैं जिनके धारक का निधन हो गया, कोई देश छोड़कर चला गया, किसी को अपने खाते की जानकारी या दस्तावेज़ नहीं मिल रहे, या कोई व्यक्ति अपनी जमा राशि को भूल चुका है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य बैंकों, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड हाउसों, एनपीएस, और अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे की पड़ी लगभग 1.84 लाख करोड़ रूपए की संपत्तियों को उनके असली मालिकों या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों तक पहुँचाना है।भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, इन निधियों का बड़ा हिस्सा बचत खातों, सावधि जमाओं, बीमा पॉलिसियों, म्यूचुअल फंड्स, शेयरों, डाक योजनाओं और पेंशन खातों में वर्षों से निष्क्रिय पड़ा है।यह स्थिति न केवल वित्तीय प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आम जनता और संस्थानों के बीच सूचना और पहुंच की कमी किस तरह आमदनी को निष्क्रिय बना देती है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह जनता का पैसा है, यह राष्ट्र की परिसंपत्ति नहीं। इसका हकदार वही है जिसने इसे अर्जित किया या उसके कानूनी वारिस। यह बयान न केवल वित्तीय समावेशन की भावना को पुष्ट करता है, बल्कि भारत की वित्तीय व्यवस्था में न्यायसंगत वितरण और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है।**

वैश्विक स्तरपर अमेरिका ब्रिटेन, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में 'अनक्लेमड मनी अथॉरिटी' जैसी संस्थाएं वर्षों से सक्रिय हैं। वे निष्क्रिय खातों का डेटा केंद्रीकृत रखती हैं और नागरिकों को ऑनलाइन जांच की सुविधा देती हैं। 4 अक्टूबर 2025 को केंद्रीय वित्तमंत्री ने भी एक ऐतिहासिक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया जो इसी मॉडल को भारतीय सामाजिक और डिजिटल संदर्भ में आगे बढ़ा रहा है।यह अभियान भारत को वैश्विक वित्तीय समावेशन (ग्लोबल फाइनेंसियल इन्क्लूशन) का अग्रणी राष्ट्र बना सकता है। भारत की बैंकिंग व्यवस्था में आज लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपये बिना दावे या अनक्लेम्ड के रूप में पड़े हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी यह मानता हूं कि यह वह पूंजी है जो लाखों नागरिकों की मेहनत की कमाई थी, परंतु किसी न किसी कारणवश वह अपने मालिकों तक वापस नहीं पहुँच पाई। इनमें ऐसे खाते भी हैं जिनके धारक का निधन हो गया, कोई देश छोड़कर चला गया, किसी को अपने खाते की जानकारी या दस्तावेज़ नहीं मिल रहे, या कोई व्यक्ति अपनी जमा राशि को भूल चुका है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य बैंकों, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड हाउसों, एनपीएस, और अन्य वित्तीय संस्थानों में बिना दावे की पड़ी लगभग 1.84 लाख करोड़ रूपए की संपत्तियों को उनके असली मालिकों या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों तक पहुँचाना है। भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार, इन निधियों का बड़ा हिस्सा बचत खातों, सावधि जमाओं, बीमा पॉलिसियों, म्यूचुअल फंड्स, शेयरों, डाक योजनाओं और पेंशन खातों में वर्षों से निष्क्रिय पड़ा है।यह स्थिति न केवल वित्तीय प्रणाली की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि आम जनता और संस्थानों के बीच सूचना और पहुंच की कमी किस तरह आमदनी को निष्क्रिय बना देती है।

वित्त मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह जनता का पैसा है, यह राष्ट्र की परिसंपत्ति नहीं। इसका हकदार वही है जिसने इसे अर्जित किया या उसके कानूनी वारिस। यह बयान न केवल वित्तीय समावेशन की भावना को पुष्ट करता है, बल्कि भारत की वित्तीय व्यवस्था में न्यायसंगत वितरण और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

साथियों बात अगर हम समस्या का मूल कारण, निष्क्रिय खाते और प्रशासनिक जटिलताएं इसको समझने की करें तो, यह समझना आवश्यक है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर 1.84 लाख करोड़ रुपये कैसे अनक्लेम्ड रह गए। इसके पीछे कई सामाजिक और प्रशासनिक कारण हैं (1) मृत्यु के बाद वारिसों की अनभिज्ञता:- बहुत से खाताधारक अपनी जमा राशि के वारिस तय नहीं करते या नामांकन नहीं जोड़ते। मृत्यु के बाद परिवार को इस खाते की जानकारी नहीं होती। (2) प्रवासन या पतापरिवर्तन:- लाखों लोग विदेश चले गए या अपने पते बदल लिए। बैंक के पास अपडेट नहीं पहुंचने से खातों में संपर्क टूट गया। (3) दस्तावेजों की कमी:- बहुत से लोग पासबुक एफडी रसीद, बीमा पॉलिसी नंबर जैसी जानकारी खो देते हैं। (4) सिस्टम की जटिलता:- अलग-अलग संस्थानों की अलग-अलग प्रक्रियाएं होने से आम व्यक्ति भ्रमित रहता है। (5) तकनीकी जागरूकता का अभाव:- ग्रामीण और बुजुर्ग वर्ग के लोग डिजिटल बैंकिंग या ऑनलाइन दावे की प्रक्रिया नहीं जानते। इन सभी कारणों ने मिलकर करोड़ों रुपये को निष्क्रिय कर दिया, जिससे बैंकों के पास ऐसी राशि जमा होती चली गई जो संभवतः किसी की है भी और किसी के पास नहीं भी।

साथियों बात अगर हम अभियान के तीन स्तंभों अवेयरनेस एक्सेस और एक्शन को समझने की करें तो, वित्त मंत्री ने अधिकारियों को इस अभियान को तीन 'ए' पर केंद्रित करने के निर्देश दिए हैं- (1) अवेयरनेस (जागरूकता) - आम जनता को यह जानकारी देना कि यदि उनकी कोई जमा राशि या निवेश निष्क्रिय पड़ा है तो वे उसे कैसे प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए डिजिटल, सोशल मीडिया, रेडियो, टीवी और ग्राम पंचायत स्तर तक जन-संवाद चलाए जाएंगे। (2) एक्सेस (पहुँच): एक एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया जाएगा जिसमें व्यक्ति अपने नाम, आधार पैन या मोबाइल नंबर से यह जांच सकेगा कि उसके नाम से कोई निष्क्रिय खाता या निवेश किसी संस्था में तो नहीं है। (3) एक्शन (कार्रवाई): वास्तविक दावेदार को दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पैसा वापस दिलाया जाएगा। बैंकिंग लोकपाल, आरबीआई, सेबी और इरडा जैसे नियामक संस्थान इस प्रक्रिया की निगरानी करेंगे ताकि किसी प्रकार की देरी या गड़बड़ी न हो।ये तीनों स्तंभ न केवल प्रक्रिया को तेज करेंगे बल्कि वित्तीय व्यवस्था में पारदर्शिता का नया मानक स्थापित करेंगे।

साथियों बात अगर हमजनता को होने वाले प्रत्यक्ष लाभो को समझने की करें तो, आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान से आम जनता को कई प्रत्यक्ष लाभ होंगे-(1) भूली हुई जमा राशि वापस पाने का अवसरः- लाखों परिवारों को अपने स्वर्गीय परिजनों की जमा पूंजी पुनः प्राप्त करने का मौका मिलेगा। (2)वित्तीय आत्मविश्वास में वृद्धिः-लोगों का बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर भरोसा बढ़ेगा। (3) डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी में सुधारः- लोगों को अपने निवेशों की निगरानी और अपडेट रखने की सीख मिलेगी। (4) आर्थिक प्रवाह में वृद्धिः- निष्क्रिय पूंजी के सक्रिय होने से अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ेगी।हितधारकों को होने वाले लाभ-इस पहल से केवल जनता ही नहीं, बल्कि कई अन्य हितधारक भी लाभान्वित होंगे- (1) बैंक और वित्तीय संस्थानः- पुरानी निष्क्रिय खातों को बंद कर सकेंगे, जिससे उनके ऑडिट और रिपोर्टिंग का बोझ कम होगा।(2) सरकार औरनियामकः- पारदर्शिता और जनता के भरोसे में वृद्धि से वित्तीय अनुशासन मजबूत होगा। (3) वित्तीय तकनीकी कंपनियां- डेटा एकीकरण, पहचान सत्यापन और डिजिटल क्लेम सिस्टम के विकास में नई संभावनाएं खुलेंगी। (4)आर्थिक विकासः- निष्क्रिय धन के पुनः प्रवाह से बाजार में पूंजी की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे निवेश और उपभोग दोनों में बहुत सुधार होगा। साथियों बात अगर हम योजना को लागू करने में संभावित कठिनाइयों को समझने की करें तो,हालांकि यह योजना क्रांतिकारी है, पर इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियाँ भी सामने आएंगी (1) दस्तावेजों की जटिलताः- पुराने खातों या बीमा पॉलिसियों के दस्तावेज़ कई बार उपलब्ध नहीं होते। (2) नकली दावों का खतराः- यदि सत्यापन प्रणाली कमजोर रही तो धोखाधड़ी के मामले सामने आ सकते हैं। (3)ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना की कमीः- इंटरनेट और डिजिटल जानकारी की कमी से कई पात्र लोग वंचित रह सकते हैं। (4)विभिन्न संस्थानों का डेटा असंगतः-बैंक, बीमा औरम्यूचुअल फंड हाउसों के डेटा में तालमेल की कमी। (5) न्यायिक प्रक्रिया की देरीः- यदि किसी खाते पर कानूनी विवाद है, तो उसका समाधान लंबा खिंच सकता है। साथियों बात अगर हम इस योजना से धोखाधड़ी के खतरों को समझने की करें तो, (1) इतनी बड़ी रकम का दावा उठने से साइबर अपराधियों और फर्जी दस्तावेज़ बनाने वाले गिरोह सक्रिय हो सकते हैं। (2)संभावित जोखिमः-फर्जी पहचान पत्र या झूठे वारिस प्रमाणपत्र के आधार पर दावा।(3) साइबर फ्रॉड- नकली वेबसाइट या फिशिंग लिंक के ज़रिए लोगों की निजी जानकारी चुराना। (4) अंदरूनी मिलीभगत- बैंक कर्मियों या एजेंटों द्वारा गड़बड़ी। सुरक्षा उपायः- (1) आधार आधारित ई-केवाईसी अनिवार्य किया जाएगा। (2) डेटा एन्क्रिप्शन और मल्टी-लेयर वेरिफिकेशन सिस्टम लागू होंगे। (3) शिकायत निवारण के लिए विशेष हेल्पलाइन और पोर्टल बनाए जाएंगे (4) नियामक एजेंसियों द्वारा नियमित ऑडिट और क्रॉस-चेक।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 1.84 लाख करोड़ रुपये, यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों की मेहनत और उम्मीदों का प्रतीक है। वित्त मंत्री का यह प्रयास भारतीय वित्तीय व्यवस्था में जनता के हक़ को जनता तक पहुँचाने का एक ऐतिहासिक अवसर है। यदि इस योजना को पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और संवेदनशीलता के साथ लागू किया गया, तो यह न केवल भारतीय नागरिकों को उनका पैसा लौटाएगी, बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश देगी कि भारत अपनी जनता की पूंजी की रक्षा करने वाला राष्ट्र है।

विचार

# पवन-ज्योति विवाद से भाजपा की बिहार चुनावी रणनीति पर बड़ा संकट



*संजय सक्सेना*

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार और हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए अभिनेता पवन सिंह एक बार फिर अपने निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ पर्सनल नहीं रहा, इसका सीधा असर उनकी राजनीतिक छवि और भाजपा की आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की रणनीति पर पड़ सकता है। पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति सिंह के साथ लंबे समय से तलाक का मामला अदालत में चल रहा है, लेकिन हाल ही में लखनऊ में हुए एक घटनाक्रम ने इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है। अब यह विवाद सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चा का विषय बन चुका है। जिस प्रकार से यह मुद्दा महिलाओं की अस्मिता, सम्मान और संवेदना से जुड़ता दिख रहा है, उससे बिहार की राजनीति में हलचल मच गई है। भाजपा के लिए यह स्थिति असहज बनती जा रही है, खासकर तब जब पार्टी पवन सिंह को दक्षिण बिहार में अपना लोकप्रिय चेहरा बनाकर 2025 के चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में है।

लखनऊ में हुए ताजा घटनाक्रम की बात करें तो ज्योति सिंह सोशल मीडिया पर पहले ही यह घोषणा कर चुकी थीं कि वह अपने पति से मिलने लखनऊ जा रही हैं। उन्होंने लिखा था कि उन्हें उम्मीद है पवन सिंह उनसे जरूर मिलेंगे। लेकिन जब वह उनके घर पहुंचीं, तो वहां पुलिस पहले से मौजूद थी। न तो उन्हें घर में घुसने दिया गया और न ही पवन सिंह सामने आए। इस पूरी घटना का वीडियो खुद ज्योति सिंह ने रिकॉर्ड किया और उसे लाइव किया। वीडियो में ज्योति सिंह फूट-फूट कर रोती नजर आती हैं। वह कहती हैं कि अगर उन्हें पुलिस स्टेशन जाना पड़ा तो वह इसी घर में जान दे देंगी। यह बयान और उनका दुखड़ा सुनकर सोशल मीडिया पर लोग भावुक हो गए। वीडियो वायरल हुआ और ज्योति सिंह के समर्थन में हजारों कमेंट आने लगे।

यह विवाद यहीं तक सीमित नहीं रहा। भोजपुरी सिनेमा के एक और बड़े नाम, खेसारी लाल यादव ने भी इस मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि अगर भाभी ने कोई बड़ी गलती नहीं की है तो पवन सिंह को उन्हें माफ कर देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह भले ही उनकी बहन नहीं हैं, लेकिन एक बेटी हैं, और अगर उनकी अपनी बेटी के साथ ऐसा होता तो वह चुप नहीं बैठते। खेसारी लाल का यह बयान सिर्फ व्यक्तिगत संवेदना नहीं, बल्कि इसमें सामाजिक और राजनीतिक संकेत भी छिपे हैं। पवन सिंह और खेसारी लाल के बीच पहले से प्रतिस्पर्धा रही है, लेकिन अब यह प्रतिस्पर्धा केवल फिल्मी पर्दे तक सीमित नहीं रही, बल्कि सियासी रंग लेती नजर आ रही है। गौरतलब है कि ज्योति सिंह और पवन सिंह के बीच तलाक का मामला बिहार के आरा की फैमिली कोर्ट में चल रहा है। पवन सिंह की ओर से बयान दर्ज हो चुका है, वहीं ज्योति सिंह की गवाही अभी होनी बाकी है। अगली सुनवाई की तारीख 8 अक्टूबर तय की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ज्योति सिंह ने इस तलाक के बदले 5 करोड़ रुपये और एक घर की मांग की है। जबकि पवन सिंह बच्चों की पढ़ाई और खर्च उठाने को तैयार हैं, लेकिन दोनों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। इस बीच ज्योति सिंह ने यह भी कहा है कि अगर उन्हें इंसाफ नहीं मिला, तो वह राजनीति में उतरकर अपनी लड़ाई लड़ेंगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वह आगामी चुनावों में निर्दलीय या किसी पार्टी के टिकट पर मैदान में उतर सकती हैं। यह बयान और परिस्थितियां भाजपा के लिए नई चिंता बन गई हैं। बिहार की राजनीति में महिला वोटर की भूमिका बेहद अहम होती जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लंबे समय से महिलाओं के लिए योजनाएं चला रहे हैं और महिला सशक्तिकरण को अपना प्रमुख एजेंडा बना चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2019 के लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स को भाजपा की साइलेंट स्ट्रेंथ बता चुके हैं। ऐसे में अगर यह विवाद और गहराया, और महिलाओं में ज्योति सिंह के प्रति सहानुभूति की लहर चल पड़ी, तो भाजपा को इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पवन सिंह को बंगाल की आसनसोल सीट से उम्मीदवार बनाया था। लेकिन जैसे ही पुराने गानों को लेकर विरोध शुरू हुआ, खासकर बंगाली महिलाओं के अपमान को लेकर, पवन सिंह को टिकट वापस लेना पड़ा। अब भाजपा उन्हें बिहार में नए चेहरे के रूप में पेश करने की तैयारी में थी, खासकर भोजपुर, रोहतास, और आसपास की सीटों पर। पवन सिंह की लोकप्रियता को देखते हुए पार्टी को उम्मीद थी कि वह युवाओं, खासकर पुरुष वोटरों को अपनी तरफ खींच सकेंगे। लेकिन अब यह विवाद उनकी छवि को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचा रहा है। यह भी सच है कि राजनीति में छवि बहुत मायने रखती है। यदि कोई नेता या प्रत्याशी महिलाओं के प्रति अपमानजनक आचरण के आरोपों में घिर जाए, तो उसका सीधा असर पार्टी के पूरे चुनावी गणित पर पड़ता है। बिहार की राजनीति में इस समय सवर्ण मतदाताओं, खासकर ठाकुर समाज को साधने की कोशिश हो रही है। पवन सिंह ठाकुर समुदाय से आते हैं और भाजपा उन्हें इसी वर्ग का प्रभावी चेहरा बनाकर पेश करना चाहती थी। लेकिन अब यह पूरा समीकरण बिगड़ता नजर आ रहा है। अगर महिला वोटर्स नाराज हुईं तो न केवल पवन सिंह की सीट खतरे में पड़ेगी, बल्कि आसपास की सीटों पर भी असर देखा जा सकता है।

पवन सिंह का विवाद पहले भी कई बार चर्चा में रहा है। लखनऊ के एक स्टेज शो के दौरान हरियाणवी डांसर अंजलि राघव के साथ अनुचित व्यवहार के कारण भी उन्हें आलोचना झेलनी पड़ी थी। बाद में उन्होंने माफी जरूर मांगी थी, लेकिन तब भी सवाल खड़े हुए थे कि क्या पवन सिंह महिलाओं के प्रति संवेदनशील हैं? अब पत्नी के साथ जिस तरह का व्यवहार सामने आया है, उससे यही धारणा मजबूत होती जा रही है कि उनके आचरण में गंभीर कमी है।

इस पूरे मामले में भाजपा की स्थिति बेहद नाजुक बन गई है। पार्टी के पास अब दो ही रास्ते हैं या तो वह पवन सिंह को सार्वजनिक रूप से विवाद सुलझाने को कहे और डैमेज कंट्रोल करे, या फिर उन्हें बैकफुट पर डालकर कोई दूसरा चेहरा सामने लाए। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यदि भाजपा ने इस मुद्दे को हल्के में लिया, तो उसे आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है।ज्योति सिंह का यह कहना कि ÷यह सिर्फ मेरा अपमान नहीं, हर पत्नी और बहू का अपमान है÷, आम महिलाओं के दिल को छूने वाला बयान है। ऐसे बयानों का असर सोशल मीडिया से निकलकर जमीनी स्तर तक पहुंचता है, और वोटिंग में तब्दील होता है। भाजपा को यह समझना होगा कि यह विवाद जितनी जल्दी सुलझे, उतना बेहतर है। अन्यथा यह एक ऐसा मुद्दा बन सकता है, जो पार्टी की पूरी चुनावी रणनीति को झकझोर दे।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य

## यह फर्क क्यों



**पूजा चक्रवर्ती**

वो नज़रों से क़तल करके कातिल हो गए,
हम गुनाह करके गुनहगार हुए तो हर्ज़ क्यों

ख़ुदा अदा करता है बराबरी से सबको, यकीनन,
फिर रिश्ते में हम ही अदा करें सारे फ़र्ज़ क्यों

सबकी तकलीफ का मरहम अलग, जायज़,
पर हमारी सारी तकलीफों का वोह एक मर्ज़ क्यों

दिल जुड़े तो दो जुड़े, टूटे तो भी दो,
उनकी रवानगी जायज़ है, फिर हमें इतना दर्द क्यों

मोहब्बत की कमाल की बवाल की,
मसला तो बराबरी का है, जज़्बातों में फिर फर्क क्यों



## राशिफल

**मेषः**- भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं।

**वृषभः**- नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन चिंतित होगा।

**मिथुनः**- विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्कः**- भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता मिलने के आसार हैं। मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः**- कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**कन्याः**- भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले।

**तुलाः**- निकट संबंधो में भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता मिलने के आसार हैं।

**वृश्चिकः**- परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

**धनुः**- कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें।

**मकरः**- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। किसी नये संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कुंभः**- कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन अशांति से प्रभावित रहेगा। कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें।

**मीनः**- नयी आशाएं नवीन उत्साह का संचार करेंगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें।

# एआई सबको भायी, खतरे भी लाई

*योगेश कुमार सोनी*



तकनीक का जितना फायदा नहीं होता उससे ज्यादा नुकसान होने लगता है। बीते दिनों एक रिपोर्ट आई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से कुछ लोगों के नकली आधार और पैन कार्ड बनाने का प्रयास किया गया।आजकल अपनी फोटो को चैट जीपीटी से कलात्मक व आकर्षक बनाने के लिए लोग इसका जमकर प्रयोग कर रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी का (बनाना एआई साडी ट्रेंड) किस्सा वायरल हो रहा है, जिसमें यूसर्ज अपनी फोटो को एआई की मदद से साडी में बदल रहे हैं। बीते दिनों एक महिला ने इंस्टाग्राम पर बताया कि उससे इस ऐप का प्रयोग किया और साडी वाली तस्वीर बनवाई, लेकिन एआई ने उसकी फोटो के शरीर के उस हिस्से का तिल दिखा दिया जो उसकी अपलोड की गई फोटो में नजर नहीं आ रहा था। इस बात से वह महिला बहुत भयभीत हो गई और इस घटना को डरावना बताया और बाकी लोगों को भी चेताया कि बिना सोचे समझे अपनी फोटो इस तरह के ऐप पर न डालें।

इसके अलावा एक लड़का जो किसी लड़की को चाहता था लेकिन लड़की उसको पंसद नहीं करती थी। उसने एआई की मदद से अपना और उसके फोटो को मिलाकर किसिंग वाला वीडियो बना दिया और उसको उस लड़की के रिश्तेदार व दोस्तों को सेंड कर दिया, जिससे उसकी इमेज पर बडा डेंट पडा। दरअसल आज भी एक आयु वर्ग एआई से परिचित नहीं हैं तो कुछ लोगों ने उसको असली मान लिया, जिससे वह लड़की को ही गलत समझने लगे। स्थिति यह थी कि लड़की आत्महत्या करने की कोशिश करने लगी लेकिन उसको बचा लिया। यह एक छोटी सी घटना है लेकिन देशभर में हर रोज ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा एक शर्मसार करने वाले घटना सामने आई जिसमें देश के बड़े संत व कथावाचकों के साथ पोर्न स्टार का बात करते हुए व अश्लील हरकत करते हुए वीडियो बना दिया गया। इस घटना से समाज में एक नकारात्मकता फैली व भक्त बहुत नाराज हुए।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश के महोबा में शातिर दिमाग लोगों ने एआई का दुरुपयोग कर सरकारी राजस्व को चूना लगा दिया। महोबा जिले में इस हाईटेक फर्जीवाड़ा में तीन लोग धरे गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपितों ने खनिज विभाग की आधिकारिक वेबसाइट upmines.updsc.gov.in की हूबहू कॉपी बनाते हुए www.upmines-upsdc.gov.ink नाम से नकली पोर्टल तैयार कर लिया। वह इस वेबसाइट के जरिए ठेकेदारों और बिचौलियों को फर्जी ई-ट्रांजिट पास (रॉयल्टी प्रपत्र) उपलब्ध करा रहे थे। ऐसी घटनाओं से विशेषज्ञ चिंतित तो हैं लेकिन अब तक इसका कोई हल नहीं निकल पाया।

09 सितंबर, 2025 को अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया और व्यक्तियों व प्लेटफॉर्मों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व अन्य तरीकों से उनकी छवि, पहचान और व्यक्तित्व के दुरुपयोग से रोकने की मांग की। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी, वकील प्रवीण आनंद और ध्रुव आनंद पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम और चेहरा उनकी अनुमति के बिना इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां तक कि उनके नाम पर कथित रूप से पैसे भी वसूले जा रहे हैं। सेठी ने अदालत को बताया कि उनकी छवि का ऑनलाइन इस्तेमाल यहां तक किया जा रहा है कि किसी की "यौन इच्छाओं की पूर्ति" हो सके, जिसे उन्होंने "बेहद दुर्भाग्यपूर्ण" बताया।

ऐश्वर्या की याचिका ने देश के मनोरंजन उद्योग में डीप फेक और एआई जनित कंटेंट से बढ़ते खतरे को उजागर किया है। ऐश्वर्या राय से पहले, बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉफ ने मई में अदालत का रुख किया था। उनका आरोप था कि उनके नाम पर मर्चेंडाइज बेचना और उनके विकृत वीडियो बनाने जैसी गतिविधियां प्रथम दृष्टया, उनकी शख्सियत और पब्लिसिटी राइट्स के "अनधिकृत शोषण" के माध्यम से व्यावसायिक लाभ कमाने के प्रयास लगते हैं। अदालत ने उनके व्यक्तित्व और पब्लिसिटी अधिकारों की सुरक्षा की थी। हाल के महीनों में कई बड़े सितारों ने भी अपनी पहचान की सुरक्षा के लिए इसी तरह के कदम उठाए हैं। 2023 में अनिल कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट से अपने नाम, आवाज और मशहूर डायलॉग "झक्कास" के दुरुपयोग पर रोक का आदेश हासिल किया था। उसी समय अमिताभ बच्चन ने भी अपनी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल से सुरक्षा प्राप्त की थी। आज देश में आस्था की दुनिया में प्रख्यात संत प्रेमानंद देश के बड़े संत हैं। कुछ लोगों ने उनको भी नही छोड़ा। उनके प्रसारित प्रवचन का कुछ लोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से दुरुपयोग कर रहे हैं। एआई की मदद से उनके प्रवचनों को दूसरी भाषाओं में प्रसारित कर रहे हैं।

श्रीराधा केलिकुंज ने चेतावनी जारी कर इस तरह के अमर्यादित कृत्यों से बचने को कहा है।दरअसल एआई के दुरुपयोग से लगातार अनैतिक गतिविधियों से खास से लेकर आम आदमी तक परेशान हो रहा है। कुछ शरारती तत्व इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान कर रहे हैं। इससे निजता का भी हनन हो रहा है व इसके अलावा अन्य कई तरह के संकट बढ़ते जा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही कोई ठोस नीति बनानी चाहिए। चूंकि यह एक ऐसा तंत्र बन चुका है जिसकी वजह से बहुत लोगों की जीवन में परेशानी आ रही है। इसके दुरुपयोग होने पर कड़े कानून तो बनने चाहिए साथ में ऐसे भी फीचर्स होने चाहिए जिससे कि कोई किसी की फोटो व अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग न कर सके। यह बेहद दुर्लभ है चूंकि इस प्रकरण में निजता पर जो प्रहार हो रहा है उससे विशेषज्ञ भी परेशान हो रहे हैं। दरअसल हम चाहें तो किसी तकनीकी का सही प्रयोग कर बहुत हासिल कर सकते हैं लेकिन कुछ लोग इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों का डरा रहे हैं। ऐसे लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो, जिससे कोई भी ऐसा करने से डरे।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672, 7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार बाइक ने छीनी युवक की जिंदगी, चालक फरार



**बिजुआ (खीरी)।** राजगढ़ क्षेत्र में सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि हादसा करने वाला बाइक चालक बाइक सहित मौके से फरार हो गया।जानकारी के मुताबिक राजगढ़ निवासी गोपी (30) पुत्र परशुराम सोमवार सुबह किसी कार्य से घर से निकले ही थे कि सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल गोपी को राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से बिजुआ सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा करने वाला बाइक सवार दरियाबाद क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने फरार चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### महर्षि वाल्मीकि की प्रभात फेरी का न.पा. अध्यक्ष ने किया स्वागत



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बाल्मीकि जयंती से पूर्व सोमवार की सुबह नगर में निकाली जा रही महर्षि वाल्मीकि की प्रभात फेरी का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने गौशाला स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर किया। प्रभात फेरी के पहुंचने पर उन्होंने आरती-पूजन कर श्रद्धा अर्पित की और उपस्थित श्रद्धालुओं को जलपान भी करवाया।महर्षि वाल्मीकि जयंती अश्विन पूर्णिमा को मनाई जाती है। इससे एक सप्ताह पूर्व तक अनुयायी नगर में प्रभात फेरियां निकालकर भजन-कीर्तन और प्रवचनों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर बाल्मीकि मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुधीर कुमार, महामंत्री गोविंद कुमार, कोषाध्यक्ष अजय महाजन, संरक्षक दिलीप कुमार, नरेश कुमार, सदस्य मनोज महतो, राजकुमार, अमित, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा, कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेयी, मनोज बाथम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गोला में मां दुर्गा जागरण, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने की पूजा-अर्चना



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** विकास चौराहे के निकट मिल डायवर्जन रोड पर आयोजित भव्य माँ दुर्गा जागरण में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने माँ भगवती की पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि और वैभव की कामना की। माँ के दरबार में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि हम सब अत्यंत सौभाग्यशाली हैं जो भगवान भोलेनाथ की पावन नगरी में निवास करते हैं, जहाँ पूरे वर्ष धार्मिक आयोजन और उत्सव का माहौल बना रहता है। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा की कृपा से किसी के जीवन में कष्ट न आए और सबका जीवन मंगलमय बने। पूर्व पालिका अध्यक्ष ने स्वयं भजन प्रस्तुत कर माँ के भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों पर जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर अरविंद पांडे, रामू वर्मा, सुनील शुक्ला, महेंद्र वर्मा, मयंक दीक्षित, अरुण कुमार सिंह सहित भारी संख्या में माँ के भक्त उपस्थित रहे।

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर गोला में पथ संचलन सम्पन्न



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विजयादशमी के अवसर पर नगर गोला की भूतनाथ बस्ती में संघ का भव्य पथ संचलन आयोजित किया गया। अनुशासित वेशभूषा में स्वयंसेवकों का यह संचलन नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के सह प्रांत प्रचारक संजय कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ मंचासीन रहे नगर संघ चालक विजय कुमार। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पाँच प्रणों के विषय में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि संघ केवल संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक संकल्प है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे समाज में एकता, अनुशासन और संस्कारों का संदेश फैलाएं। इस अवसर पर नगर, जिला और विभाग स्तर के कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें विभाग गौसेवा संयोजक विनीत भदौरिया, जिला प्रचारक शिव प्रकाश, जिला कार्यवाह विवेक कुमार, नगर प्रचारक अभिषेक कुमार, नगर कार्यवाह महेंद्र नाथ पाठक, जिला गौसेवा संयोजक डॉ. पीयूष शुक्ला, धर्म जागरण संयोजक रामकुमार सिंह, जिला पर्यावरण प्रमुख रोहित कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### लखनऊ में बेसिक हेल्थ वर्कर्स का प्रांतीय अधिवेशन सम्पन्न, दीपक मिश्र और रितु सिंह हुए सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** उत्तर प्रदेश बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन लखनऊ के मोमेंट्स होटल में धूमधाम से आयोजित हुआ। अधिवेशन में जिले के प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस मौके पर संगठन में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाध्यक्ष दीपक कुमार मिश्र को प्रांतीय अध्यक्ष धनंजय तिवारी ने अंगवस्त्र, चित्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं नोडल रितु सिंह को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान से नवाजा गया। लखीमपुर खीरी इकाई ने प्रांतीय अध्यक्ष धनंजय तिवारी और महामंत्री शिव सागर शुक्ल के नेतृत्व पर पुनः विश्वास जताते हुए उन्हें प्रदेश कार्यकारिणी की जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी अरविंद त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि डॉ. अमित सिंह, रविंद्र सिंह गौड़, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिले से मंत्री शिवम बरनवाल, सह कोषाध्यक्ष अक्षय पोरवाल, मोहम्मद सिद्दीक, संजय वर्मा और राजीव सिंह भी शामिल रहे।

### राज्य स्तरीय सेपकटकरा चैंपियनशिप में लखीमपुर के खिलाड़ियों का जलवा



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** लखीमपुर खीरी के खिलाड़ियों ने 21वीं राज्य स्तरीय सेपकटकरा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। 4 और 5 अक्टूबर को दिव्य पब्लिक स्कूल, बड़ौत (बागपत) में आयोजित प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता, जबकि बालक वर्ग की टीम ने तृतीय स्थान हासिल कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में बागपत सेपकटकरा संघ के अध्यक्ष डॉ. मनीष तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सुनील ए. सीरिया, जिला खेल अधिकारी अमित कुमार, और सेपकटकरा उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के संयुक्त सचिव तथा पूर्व आईटीबीपी अधिकारी तानसिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। तानसिंह ने बताया कि लखीमपुर की टीम ने मेरठ, बरेली और महोबा जैसी मजबूत टीमों को हराकर यह सफलता हासिल की। रेगू इवेंट में बालिका वर्ग ने गोल्ड, जबकि क्वाड इवेंट में बालिका टीम ने सिल्वर और बालक टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का परचम लहराया।

### अमघटी जंगल में मिली युवक की नग्न लाश, हत्या की आशंका



**उतरौला (बलरामपुर )।** अमघटी जंगल में युवक की हत्या कर फेंकी लाश, ग्रामीणों में दहशत थाना सादुल्लानगर क्षेत्र के अमघटी जंगल में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक युवक की नग्न अवस्था में पड़ी लाश देखी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान कर्ता राम उर्फ करतु वर्मा (35 वर्ष) पुत्र बालेदीन वर्मा निवासी गोकुला बुजुर्ग (मौहरवा) के रूप में हुई है। मृतक भैंसों की खरीद-बिक्री का कार्य करता था। उसके परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी, तीन बेटियां राधा (15), रुक्मणी (12), लक्ष्मी (11) और दो बेटे श्यामू (9) तथा गोलू (5) हैं। मृतक तीन भाइयों में मझिला था। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय एवं क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह का कहना है कि 卐पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## जीएसटी दरों पर सम्मेलन, पूर्व डीजीपी, सांसद बृजलाल ने कहा-

# मोदी सरकार ने दी जनता को राहत

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**





केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू किए जाने के बाद आम जनजीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक असर को लेकर निघासन ब्लॉक सभागार में विधानसभा सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व डीजीपी बृजलाल ने शिरकत की।

दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में सांसद बृजलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी में राहत देकर जनता को बड़ी सौगात दी है। जीएसटी में कमी से रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी और आम परिवारों को राहत मिलेगी। सरकार ने आवश्यक वस्तुओं पर कर घटाकर जनता के हित और महंगाई नियंत्रण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, उन्होंने कहा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल जीएसटी को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मोदी सरकार के ठोस फैसले ने उनके आरोपों को बेअसर कर दिया। अब विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं बचा, उन्होंने जोड़ा। बृजलाल ने कहा कि इस निर्णय से व्यापार जगत, छोटे व्यवसायी, किसान और मध्यम वर्ग सभी को राहत मिलेगी। यह आर्थिक दृष्टि से दूरदर्शी और संतुलित कदम है, उन्होंने कहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग की चिंता करते हुए कर संरचना में बदलाव किया है। सरकार का उद्देश्य केवल राजस्व बढ़ाना नहीं, बल्कि आम जनता की सुविधा सुनिश्चित करना है, उन्होंने कहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद लोधी, जसवंत वर्मा, देवेंद्र पांडे, खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष ने किया और धन्यवाद ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने दिया। सभा स्थल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटी रही। महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन पर सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा सरकार की नीति है–जनता की सुविधा और राष्ट्र का विकास।

### पूर्णिमा पर पौराणिक शिव मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के पौराणिक शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने बारी-बारी से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद और पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार, इस अवसर पर मंदिर में विशेष रूप से जलाभिषेक की व्यवस्था की गई थी। परिवार सहित पहुंचे भक्तों ने भगवान शिव के चरणों में नमन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे पावन अवसरों पर पूजा-अर्चना करने से आध्यात्मिक संतोष और मानसिक शांति की अनुभूति होती है।

## पलिया रामलीला मैदान में प्रादेशिक कवि सम्मेलन, कविताओं-गज़लों से गूंजा पंडाल

- कवियों की फुहार में भीगा पलिया, ग़ज़लों और हास्य से रात भर गूंजा रामलीला मैदान
- सम्मेलन में वीर, हास्य और ग़ज़लों का संगम, श्रोताओं ने जमकर बजाई तालियां

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पलिया तहसील के श्रीरामलीला समापन समारोह के उपरांत रामलीला मैदान में आयोजित प्रादेशिक कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य, वीर रस, गीत और ग़ज़लों की ऐसी फुहार लगाई कि देर रात तक श्रोता तालियां बजाने को मजबूर हो उठे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ लखीमपुर के अध्यक्ष पंडित कमलकांत दीक्षित ने शिरकत की। उनके प्रस्थान के बाद अध्यक्षता रामचंद्र शुक्ल ने संभाली, जबकि मंच संचालन सुनीत बाजपेयी ने किया। स्थानीय शायर फारूख हुसैन 'पलियावी' ने अपनी ग़ज़ल ऐसे रूठो ना यूं बेबात, क़रीब आ जाओ... सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं 'उर्दू अकादमी उत्तर प्रदेश' से सम्मानित शायर नफीस वारसी ने पंक्तियां हमको आशिक पुकारिए है साहब, इश्क करते हैं हम किताबों से... पढ़कर खूब दाद बटोरी। इसी क्रम में कवि विजय मिश्र 'विजय' ने सांप्रदायिक सौहार्द पर संदेश देते हुए कहा- भूल जाओ हम हैं हिंदू मुस्लिम या ईसाई, मेरा मजहब हिंदुस्तानी हो तो कुछ बात बने। कवि नीरज मिश्र ने प्रेमरस की ग़ज़ल प्रस्तुत की–निभ के भी निभा सके प्यार इसे कहते हैं... हास्य कवि कमल पांडे ने अपनी पंक्ति ÷हम राम के हैं, हम नबी के हैं, हम कवि हैं, हम सभी के हैं सुनाकर ठहाके लगवा दिए। एहतिशाम लखीमपुरी ने व्यंग्य में कहा- धोखा, झूठ, मक्कारी नहीं आती... सीतापुर के सिधौली से आई अभिनेत्री पिंकी अरविंद प्रजापति ने अपनी प्रस्तुति कौन समझाए झूठी कहानी सुनो... से मंच पर गरिमा बढ़ाई। स्थानीय कवि पवन मिश्र ने जोशीली पंक्तियां सुनाई-इस बार घुस गई जो कराची तक...वहीं युवा कवि अंकुर सिंह ने पलिया की बनवासी रेल पर व्यंग्य कसते हुए कहा- पहले कट गई गोकुल मेल... कार्यक्रम में कवि कमलेश धुरंधर, ओम प्रकाश सुमन, उदित प्रभात दीक्षित सहित अन्य रचनाकारों ने भी अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। अंत में रामलीला कमेटी द्वारा सभी आमंत्रित कवियों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों की भारी उपस्थिति रही।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर की चीनी मिल स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भंडारे का उद्देश्य सामुदायिक सद्भाव, सेवा भावना और धार्मिक एकता को बढ़ावा देना रहा। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के दर्शन किए और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंदिर प्रबंधन की ओर से भंडारे में सभी प्रकार का शुद्ध एवं स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया गया, जिससे श्रद्धालु अत्यंत प्रसन्न हुए। पूरा वातावरण भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

## खमरिया थाना में मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्रा राधा कटियार बनीं एक दिन की थाना प्रभारी

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर खमरिया थाना में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रा राधा कटियार को एक दिन के लिए थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रा राधा कटियार ने पूरे आत्मविश्वास के साथ थाना प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली और महिला सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। छात्रा ने महिला हेल्प डेस्क, रजिस्टर निरीक्षण और थाने में आने वाली शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया को भी बारीकी से समझा।

इसके बाद पुलिस टीम के साथ छात्रा राधा कटियार ने क्षेत्र में निकलकर महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। एनएच-730 मार्ग पर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी और महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने लोगों को मिशन शक्ति के तहत मिलने वाले हेल्पलाइन नंबरों -1090, 181, 112, 1076 की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में महिला आरक्षियों और छात्राओं द्वारा नुक्कड़ संवाद के माध्यम से महिलाओं को आत्मरक्षा, कानून की जानकारी तथा सरकारी योजनाओं के लाभों के प्रति जागरूक किया गया। अंत में थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने छात्रा राधा कटियार को प्रमाणपत्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत सिंगाही पुलिस ने दी महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी



**सिंगाही (लखीमपुर खीरी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत सोमवार को नगर पंचायत भवन, कस्बा सिंगाही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिंगाही थाने की पुलिस टीम ने नगर की सफाईकर्मी महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत महिला हेल्पलाइन 1090, वुमन पावर लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपात नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, और राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। महिला सिपाहियों ने उपस्थित महिलाओं से कहा कि जागरूकता ही अपराध रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सिंगाही नगर पंचायत ने इस पहल की सराहना की और मिशन शक्ति अभियान में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिंगाही नगर पंचायत की महिला कर्मी, पुलिस टीम एवं महिला सिपाही उपस्थित रहीं।

### बछिया की मौत पर भड़का पशु स्वामी, पशु चिकित्सालय पर लापरवाही का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** नगर में एक पांच माह की बछिया की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पशु चिकित्सालय की लापरवाही का आरोप लगाते हुए पशु स्वामी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। अलीगंज रोड सिंगाही धर्मशाला निवासी पंकज मिश्रा ने बताया कि उनकी बीमार बछिया के इलाज के लिए फार्मासिस्ट मनोज राणा को बुलाया गया, लेकिन उन्होंने स्वयं आने के बजाय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यदुनाथ राठौर को भेज दिया। आरोप है कि यदुनाथ ने बछिया को एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पशु स्वामी ने कोतवाली पुलिस में तहरीर दी। जांच का जिम्मा नीलकंठ मैदान चौकी प्रभारी सर्वेश मौर्या और सिपाही रामभुल वर्मा को सौंपा गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि चौकी प्रभारी ने उल्टा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

### सार्वजनिक सूचना

मैं सूचनार्थी मो. इकबाल पुत्र जलील अहमद सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरा दूसरे नंबर का लड़का मोहम्मद साजिद इदरीसी उर्फ सलमान जोकि पंक 220, नंबर 7 मालवनी, मलाड वेस्ट, हरोड़ी, मुंबई 400095 में रहता है, का चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से उसको बेदखल करता हूं। उसके किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा, न तो मेरा और न ही मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका अब कोई वास्ता वो सरोकार है।

सूचनार्थी

मोहम्मद इकबाल पुत्र जलील अहमद निवासी मकान नंबर 15, एन नौबस्ता खुर्द, महिबुल्लापुर, सीतापुर रोड, थाना-मड़ियांव, लखनऊ-226021

## डॉ. एहसान ख़ान ने प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से की मुलाकात, चुनावी तैयारियों पर मंथन



**उतरौला(बलरामपुर)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से सपा नेता डॉ एहसान ख़ान ने औपचारिक मुलाकात कर बुकें व शाल भेंटकर सम्मानित किया।

सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से मुलाकात में सपा नेता डॉ एहसान ख़ान उतरौला विधानसभा में समाजवादी पार्टी पीडीए कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। सपा नेता डॉ एहसान ख़ान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी मतों से जिताने की अपील की। तथा सपा प्रमुख सांसद अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभी से जनता के बीच में पीडीए कार्यक्रम चलाए जाने व सपा सरकार की उपलब्धियों को जनता में प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर सपा सांसद रामशिरोमणि वर्मा, सपा विधायक राकेश यादव, सपा जिलाध्यक्ष माणिकलाल कश्यप, सपा नेता डॉ अताउल्लाह खान, पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम वर्मा, प्रदेश सचिव सपा अल्पसंख्यक सभा आबिद अली खान, मोनू ख़ान आदि मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण व घर-घर दस्तक अभियान का श्रीदत्तगंज ब्लॉक में शुभारंभ



**उतरौला (बलरामपुर)।** ब्लॉक श्रीदत्तगंज सभागार में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं घर-घर दस्तक अभियान (दस्तक-3) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, जिसमें अभियान को सफल बनाने की रणनीति तय की गई और सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने की शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक-3 अभियान 5 से 31 अक्तूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया और दिमागी बुखार जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता और निवारक कार्रवाइयां की जाएंगी। अभियान की तैयारियों को लेकर खंड विकास अधिकारी अवनिंद्र कुमार पाण्डेय ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी गांवों में दवा का छिड़काव, नालियों की सफाई, फॉगिंग और मच्छररोधी गतिविधियां नियमित रूप से कराई जाएं। इस मौके पर एडीओ (आईएसबी) सुशील तिवारी, एडीओ (पंचायत) मनोज कुमार गौतम, एडीओ (कृषि) सुशील पटेल, डॉ. सुमंत सिंह चौहान (नोडल अधिकारी) सहित स्वास्थ्य एवं ब्लॉक के अन्य अधिकारी-कर्मी मौजूद रहे।

### दुर्गा नारायण पी0जी0 कालेज फतेहगढ़ (फर्रुखाबाद), उ0प्र0

**आवश्यकता है**

आशुलिपिक पद 1-अर्हता इण्टर मीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण होने के साथ हिन्दी आशुलेखन एवं टंकण के न्यूनतम गति क्रमशः 80 शब्द प्रति मिनट, एवं 25 शब्द प्रति मिनट होने के साथ DOEACC (नाइलेट) द्वारा संचालित ट्रिपल सी परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उपरोक्त पद की आयु सीमा, न्यूनतम शैक्षिक अर्हता, वेतनमान एवं आरक्षण उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय नियमावली/अधिनियम तथा सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय कानपुर प्रथम नियमावली में दिये गये प्राविधानों के अंतर्गत होगी, पूर्व में किये गये आवेदकों को आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है, आवेदन पत्र रु 500 जमाकर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन को उक्त पद का निर्धारित आवेदन पत्र महाविद्यालय कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**सचिव**

## मिशन शक्तिः पुलिस ने छात्राओं को दी आत्मरक्षा व साइबर सुरक्षा की जानकारी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**





पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय एवं क्षेत्राधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में, कोतवाली उतरौला प्रभारी निरीक्षक अवधेशराज सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कोतवाली उतरौला की एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम ने गया प्रसाद लोकई स्कूल पहुंचकर छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। कार्यक्रम में बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिससे वे किसी भी अनुचित व्यवहार की पहचान कर सकें और सही समय पर आवाज उठा सकें। साथ ही बाल विवाह निषेध कानून के बारे में जानकारी देते हुए छात्रों को बताया गया कि बाल विवाह न केवल अपराध है, बल्कि यह बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। टीम द्वारा साइबर अपराधों पर भी विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें OTP शेयरिंग, लकी ड्रॉ, फर्जी वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड जैसे मामलों से बचने के उपाय बताए गए। छात्रों को सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित उप निरीक्षक शालिनी सिंह मय टीम थाना कोतवाली उतरौला के सदस्यों ने वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 102 / 108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसके अलावा बच्चों को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना जैसी सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में भी बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने विद्यालय के प्रिंसिपल से मुलाकात कर विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और उन्हें तथा विद्यालय स्टाफ को भी मिशन शक्ति टीम के संपर्क नंबर उपलब्ध कराए। इस अवसर पर उप निरीक्षक शालिनी सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य केवल महिलाओं की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षित और जागरूक बनाना है।



# विज्ञान प्रदर्शनी के हर मॉडल में झलकता नवाचार व मेहनत : डीएम

- जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया तकनीक का कमाल
- डीएम ने मॉडलों का किया अवलोकन, कहा- प्रतिभा को चाहिए सही दिशा



### हर मॉडल में मेहनत और नवाचार का संगम

डीएम शशांक त्रिपाठी ने कहा, ﾠबच्चों के मॉडल को देखकर उनकी मेहनत और कला दोनों साफ दिखाई देती है। हर मॉडल में कुछ नया खोजने का प्रयास किया गया है, जिसके लिए छात्र और उनके शिक्षक दोनों ही सराहना के पात्र हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा, मैंने भी अपने स्कूल समय में विज्ञान प्रतियोगिताओं में भाग लिया था। असली सीख दूसरों के मॉडल को देखकर और समझकर मिलती है। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल प्रतिभा को पहचान देती हैं, बल्कि जिज्ञासा को विज्ञान में दिशा भी देती हैं।

### डीएम का स्वागत, मॉडलों का निरीक्षण व छात्रों से संवाद

मुख्य अतिथि के विद्यालय पहुंचने पर स्काउट गाइड की कलर पार्टी ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद डीएम ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों से उनके मॉडलों के बारे में सवाल पूछे। जूनियर वर्ग में 61 और सीनियर वर्ग में 24 मॉडलों की प्रस्तुति हुई। संशोधित बैसाखी, ब्लाइंड स्टिक, फ्लोटिंग हाउस, रेन डिटेक्टिव सिस्टम, फायर फाइटर रोबोट, इलेक्ट्रिक पोल जैसे कई नवाचारी मॉडल छात्रों ने प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर मुख्य अतिथि ने उनकी रचनात्मक सोच की सराहना की।

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, बाराबंकी के राधाकृष्णन सभागार में सोमवार को आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी समझ से सबका मन मोह लिया। समग्र शिक्षा (माध्यमिक) बाराबंकी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी ने छात्रों के मॉडल देखकर न केवल उनकी सराहना की बल्कि उनके आत्मविश्वास और जिज्ञासा को भविष्य की वैज्ञानिक सोच की बुनियाद बताया।

**शिक्षकों और छात्रों ने दिखाया उत्साह:-** उद्घाटन समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी, विद्यालय के प्रधानाचार्य राधेश्याम, उप प्रधानाचार्य अरविंद प्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक शिक्षकों ने डीएम का स्वागत किया। डीआईओएस ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ मॉडलों को मण्डल स्तरीय प्रदर्शनी में भेजा जाएगा, ताकि वे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

कार्यक्रम के अंत में वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**नवाचार की मिसाल बनी प्रदर्शनी:-** विज्ञान प्रदर्शनी का मूल्यांकन डॉ. संतोष कुमार (राजकीय डिग्री कॉलेज, हसौर), जहीर अहमद, आनंद कुमार यादव और शिखा साहू (डायट गणेशपुर) ने किया। कार्यक्रम में डीसी समग्र शिक्षा श्री अखिलेन्द्र सिंह,डॉ. राहुल सिंह सूर्यवंशी, गुरुदयाल, अनीश कुमार, त्रिलोकीनाथ यादव, डॉ. सुविद्या वत्स, डॉ रेनू शुक्ला, गौतम चौधरी, नीलम देवी, राजलक्ष्मी सिंह और अन्य शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन नेशनल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

# जेबीएस महाविद्यालय में आयोजित हुई अन्तरमहाविद्यालयी आर्चरी प्रतियोगिता



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जे.बी.एस. महाविद्यालय दुल्हदेपुर टिकैतनगर में एक अंतर-महाविद्यालयी आर्चरी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिरौलीगौसपुर की उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इसमें लक्ष्मी देवी डिग्री कॉलेज, विनायक महाविद्यालय, मां गायत्री रामसुख पांडे पीजी कॉलेज, देव इंद्रावती पीजी कॉलेज, चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय, सिटी लॉ कॉलेज, मेजबान जे.बी.एस. महाविद्यालय और जे.बी.एस. इंस्टीट्यूट सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि प्रीति सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल के प्रति समर्पण और राष्ट्र भावना के साथ खेलने की सीख दी। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि वे स्वयं भी खेल की छात्रा रही हैं और अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने खेलों के माध्यम से साधना और एकाग्रता की प्रेरणा दी।महाविद्यालय की प्रबंधक पूनम सिंह ने छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका पर जोर दिया और प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।प्रतियोगिता में तीन चरणों में मैच खेले गए- रिकवर, कंपाउंड और इंडियन। रिकवर मैच में लक्ष्मी देवी डिग्री कॉलेज बाराबंकी के प्रियांशु पटेल, देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर के सनोज यादव, कनिष्क रवि और अमित पाल ने भाग लिया। इसमें देव इंद्रावती पीजी कॉलेज के कनिष्क रवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंपाउंड मैच में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के युवराज सिंह, विनायक पीजी कॉलेज खजुराहट अयोध्या की नंदिनी, मां गायत्री पांडे पीजी कॉलेज मनकापुर गोंडा के अनिकेत पाठक और देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर के मोहम्मद रिजवान ने हिस्सा लिया। इस वर्ग में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के युवराज सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया।इंडियन मैच में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के आदर्श कुमार सिंह, सिटी लॉ कॉलेज लक्ष्बर बाराबंकी के भावेश सिंह, चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी बाराबंकी के आशुतोष वर्मा और देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर के पंचू कुमार ने प्रतिस्पर्धा की। इसमें देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर के पंचू कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में श्री विनायक पीजी कॉलेज खजुराहट अयोध्या की नंदिनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर हिमांशु सिंह, मोहम्मद शोएब ,एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश दिक्षित सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं और अध्यापक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत की रखवाली में बिछाए गए बिजली प्रवाहित तारों की चपेट में आने से युवक की मौत



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के जयचंदपुर गांव में सोमवार की रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया। गांव के 30 वर्षीय हरिश्चंद्र की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जब ग्रामीणों ने खेत के पास उनका शव पड़ा देखा तो पूरे गांव में मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक हरिश्चंद्र बढ़ई का काम करते थे। रविवार को वे काम के सिलसिले में भिटरिया गए थे और देर रात घर लौटते वक्त खेतों के बीच बनी पगडंडी से गुजर रहे थे। जैसे ही वे पंकज मिश्र के उरद के खेत के पास पहुंचे, उनका हाथ वहां फसलों की रखवाली के लिए बिछाए गए बिजली के तार से छू गया। तार में करंट प्रवाहित था, जिससे वे मौके पर ही गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। रातभर परिजन हरिश्चंद्र का इंतजार करते रहे। बार-बार फोन किया, पर संपर्क नहीं हो सका। अगली सुबह ग्रामीण जब खेतों की ओर गए तो शव देखकर सन्न रह गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो मां, पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रीति, तीन छोटे बच्चों प्रियांशु (8), दिव्यांशु (6) और गौरी (6) के अलावा दो भाइयों को छोड़ गए हैं। तीनों भाइयों में हरिश्चंद्र सबसे बड़े थे और परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी मौत से परिवार का सहारा छिन गया। गांव के लोग भी इस दर्दनाक हादसे से गहरे सदमे में हैं।

### आपत्तिजनक पोस्ट से फैला तनाव, कार्रवाई की मांग

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।** तहसील सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के रामपुर कटरा गांव में सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर तनाव फैल गया है। एक समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर पोस्ट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।आपत्तिजनक पोस्ट में काबा के ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें एडिट करके साझा की गई थीं। ग्रामीणों ने इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि इससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।सोमवार सुबह करीब 9 बजे रामपुर कटरा के चौक के पास दर्जनों ग्रामीण जमा हो गए। स्थिति की जानकारी मिलते ही सफदरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया।पुलिस ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनका शिकायती प्रार्थना पत्र लिया। पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीण शांत हुए। शिकायती प्रार्थना पत्र में रामपुर कटरा के ग्रामीणों ने धर्मेंद्र, राजेंद्र और पुल्लु पुत्र श्यामू यादव पर सोशल साइट पर काबा की आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना सफदरगंज के थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि एक युवक के सोशल मीडिया अकाउंट से यह पोस्ट की गई थी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### टूटी नाली से जल भराव, ठीक कराए जाने की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नगर में टूटी नालियां और गालियां बड़ी समस्या बनती जा रही हैं। सुरेंद्र सिंह जनजागरण सेवा समिति के सह संयोजक दीपक राज ने वार्ड नंबर आठ पक्काबाग के अर्जुन नगर में हाईवे किनारे रामनरेश के मकान से लेकर महेंद्र प्रताप के मकान तक जर्जर नाली को ठीक कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र भी दिया है। इस संबंध में पक्का बाग सभासद अनुराधा कैथवार द्वारा भी एक प्रार्थना पत्र नगर पालिका को प्रेषित किया जा चुका। किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है नाली टूटी होने के कारण जल भराव की समस्या से गली वासी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि जल भराव के कारण संक्रामक रोग फैल रहे हैं जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। फोटो में साफ़-साफ़देखा जा सकता है कि नाली की किनारी टूटी हुई है। पानी का बहाव कम करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा उसके दोनों साइडों से मिट्टी लगा दी गई है। यही पानी जब ओवरफ्लो हो जाता है तो फ़िर गली में भर जाता है। जिससे वहां निकालने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### अश्लील हरकतें करते युवक गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के आनेपुर तिराहे के पास एक युवक को महेवा चौकी इंचार्ज ने आती जाती महिलाओं व छात्राओं को अश्लील हरकतें व फब्तियां कसने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की।थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक ने बताया कि महेवा चौकी इंचार्ज केपी सिंह को जरिये मुखबिर सूचना मिली की एक युवक आनेपुर तिराहे के पास आती जाती महिलाओं व छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कस रहा है। तो पुलिस बल ने पहुंच उक्त युवक को पकड़ लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम कमलेश कुमार पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम उझियानी बकेवर बताया। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर उड़ाई 45 हजार की नकदी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली में रविवार की देर शाम घर में घुसे अज्ञात चोरों ने 45 हजार की नगदी गायब कर दी पीड़ित युवक ने थाने पर चोरी की तहरीर दी है। बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी मो0 जावेद पुत्र मो0 नसीम की पत्नी व बहन घर के बाहरी कमरे मे मौजूद थे उसी दौरान करीब रात्रि 8 बजे घुसे अज्ञात चोरो ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखी 45 हजार की नगदी गायब कर दी। पत्नी व बहन जब घर के अंदर गयी तो अस्त व्यस्त अलमारी को देख जब देखा तो अलमारी मे रखी 45 हजार की नगदी गायब थी पीड़ित मो0 जावेद ने रात्रि मे डायल 112 मे सूचना दी मौक़े पर पहुंची पी आर वी पुलिस ने मौका मुआयना किया पीड़ित ने थाने मे चोरी की तहरीर दी है।

# नशा मुक्ति अभियान कौशल के तहत 19 को आयोजित होगी मैराथन दौड़

- पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष सुशील रावत के नेतृत्व में चलाया जा रहा जागरूकता रथ



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नशा मुक्ति अभियान कौशल का के तहत 19 अक्टूबर को लखनऊ के दुबग्गा से शुरू होने वाली फुल मैराथन दौड़ में युवाओं की भारी संख्या में प्रतिभागिता के लिए चलाई जा रहे जागरूकता रथ का जिले के मसौली क्षेत्र में जगह जगह स्वागत हुआ और लोगों ने भारी संख्या में नशामुक्त अभियान का समर्थन किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कौशल किशोर द्वारा नशामुक्त चलाया जा रहा है।

इस अभियान के तहत 19 अक्टूबर को राजधानी में ऐतिहासिक मैराथन दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन में लोगों की सहभागिता और जागरूकता के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जागरूकता रथ चलाकर नशे से दूर रहने की शिक्षा दी जा रही है। बाराबंकी जनपद में पिछले दो दिनों से यह रथ संचालित है, विकासखंड मसौली में चल रहे जागरूकता रथ का नेतृत्व पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष सुशील रावत कर रहे हैं, विकासखंड के इन्धऊलिया में रथ का स्वागत डॉक्टर अरविंद, सीताकांत वर्मा रामहेत, राजित राम रावत सहित दर्जनों लोगों ने किया। इसके बाद ग्राम पल्हरी में दिलीप कुमार, राम औतार आदि लोगों अपने साथियों के साथ रथ का स्वागत किया गया। इसी प्रकार शहजादपुर दादरा, बांसा, बड़ागांव मसौली चौराहा हेतमपुर सददीपुर, टेरा आदि गांवों में लोगों को नशामुक्त भारत अभियान में हिस्सा लेने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर कमलेश कुमार रावत, संतराम रावत, डॉक्टर अवध राम, सुनील कुमार चौहान, परशुराम रावत, हेतमपुर प्रधान दिनेश रावत, शमशेर सिंह, छोटेलाल रावत, पारख महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार रावत, महेंद्र रावत सहित सैकड़ों लोगों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया, और 19 अक्टूबर को होने वाली मैराथन दौड़ में सभी को आमंत्रित किया गया।



### मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी में कैरियर गाइडेन्स एवं पर्सनल सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति -5 अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी में छात्राओं के कैरियर गाइडेन्स काउंसिलिंग तथा पर्सनल अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रत्नेश कुमार ने छात्राओं की काउंसलिंग करते हुए कहा कि छात्राएं अपने कैरियर पर फोकस करें, लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में यारी दोस्ती के चक्कर में पड़कर शादी रचाने के सपनों में न उलझे। कैरियर बनने के बाद शादी के सुनहरे अवसर प्राप्त होते हैं। रत्नेश कुमार ने बालिका शिक्षा, पोक्सो एक्ट, और सीडब्ल्यूसी के द्वारा बच्चों के संरक्षण के कार्यों को बताया। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रभारी अमित कुमार, सुपरवाइजर अवधेश कुमार, जिला समन्वयक एक्शन एड मीना पाल ने भी छात्राओं की काउसिलिंग कर व्यक्तिगत सुरक्षा करने के टिप्स बताए। अवधेश कुमार द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और महिला स्वावलंबन की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक मीना पाल ने बालिकाओं को पर्सनल सेफ्टी, बाल विवाह यौन शोषण, लिंग भेद के बारे में जानकारी दी गई। कालेज की प्रधानाचार्य डॉ नंदिता सिंह ने छात्राओं को शिक्षा के द्वारा जीवन में आगे बढ़ने का संदेश देते हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका और मिशन शक्ति प्रभारी दीपशिखा त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक सैकड़ा छात्राओं ने भाग लिया।

# एआईएमआईएम ने उठाई राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम इटावा ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते धार्मिक उन्माद, बुलडोजर कार्रवाई और मुस्लिम समाज पर हो रहे अत्याचारों को लेकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा।

एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, संवैधानिक और पंथनिरपेक्ष गणराज्य है, जहां प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। किंतु वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में धर्म के नाम पर नफरत और उन्माद का माहौल बनाया जा रहा है। एआईएमआईएम ने बरेली की 26 सितंबर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन ने हिंसा रोकने के नाम पर मुस्लिम समाज के निर्दोष लोगों, महिलाओं और नाबालिगों पर बर्बर कार्रवाई की। पार्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया बयान को असंवैधानिक और अमर्यादित बताते हुए उसकी भी निंदा की। ज्ञापन देने वालों में जिलाउपाध्यक्ष एहसान खान, जिलासचिव शरीफ खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद शावेज़, मुकारम, अनीस अली, फ्रांस अली, मोहम्मद अलीम, मोहम्मद आसिफ फारुकी, रोहन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद फैज, अदनान खान, अदनान अली, अयान, अली रहमान, मोहम्मद नईम, नूर मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सरकार में असुरक्षित महसूस कर रही है जनता : प्रशांत



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के शासनकाल में दलित और वंचित समाज पर अत्याचार बढे हैं जिसके चलते लोगों में असुरक्षा का भाव जगा है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों रायबरेली में एक दलित युवक हरिओम वाल्मीकि को पीट-पीटकर मार डाला गया लेकिन आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था बदहाल होती चली जा रही है। मुख्य रूप से दलितों और वंचितों के साथ अन्याय किया जा रहा और उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों में असुरक्षा का भाव आ रहा है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी जनता के साथ है और सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। कानून व्यवस्था के नाम पर भी यूपी की भाजपा सरकार नाकाम साबित हो रही है।

# 127वें रामलीला महोत्सव का समापन

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सहयोगियों के सम्मान के उपरान्त पूरी रात्रि चले विशाल धनुषभंग व लक्ष्मण-परशुराम के तीखे व्यंगों के साथ 127वें रामलीला महोत्सव भरथना का समापन हो गया। लक्ष्मण-परशुराम की एक-दूसरे के प्रति कटाक्ष वार्तालाप ने भोर होने तक रामलीला दर्शक प्रेमियों को एक ही स्थान पर बैठने को मजबूर कर दिया।

कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में रामलीला कमेटी भरथना के तत्वाधान् में आयोजित 127वें रामलीला महोत्सव का रविवार की रात्रि समापन हो गया। समापन के अवसर पर कमेटी संरक्षकगणों व पदाधिकारियों ने विभिन्न सेवाओं के माध्यम से महोत्सव में सहयोग करने वाले पत्रकारों, लाइट, साउण्ड, डीजे, टेंट, बैंड, डेकोरेशन आदि के प्रतिनिधियों का पट्टिका, अंगवस्त्र व उपहार भेंटकर सम्मानित करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही सहयोग का साथ देने की अपेक्षा की। सम्पन्न हुए विशाल धनुषभंग व लक्ष्मण-परशुराम के तीखे व्यंगों व एक-दूसरे के प्रति कटाक्ष वार्तालाप ने भोर होने तक रामलीला दर्शक प्रेमियों को एक ही स्थान पर बैठने को मजबूर कर दिया। महोत्सव का समापन पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव ने किया। तदुपरान्त कमेटी के अध्यक्ष रोहित यादव, कोषाध्यक्ष नीलेश त्रिपाठी, महामंत्री विनोद गोस्वामी आदि ने श्री यादव का माल्यार्पण व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर संरक्षक पूर्व जि.पं.स. मनोज यादव, बंटी, विनोद यादव, विपिन यादव, अरविन्द भदौरिया, सत्यप्रकाश यादव, सुनील यादव, केके यादव, दीपक यादव, रानू यादव, विनोद पटेल, प्रताप यादव, गिरीश शुक्ला, छुन्नी पोरवाल, अवधेश सविता सहित समस्त कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन सत्यप्रकाश यादव राजा ने किया।

### व्यापारियों ने किया कन्या भोज व भंडारे का आयोजन



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** शारदीय नवरात्र के तहत नगर पंचायत कार्यालय के सामने सब्जी मंडी वार्ड में सजे पूजा पंडाल में सोमवार को संयुक्त व्यापारी एकता समिति द्वारा कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मां भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व सभासद विपिन साहू, निर्मल पांडे, जतिन वैश्य, अमित वैश्य विक्की संजय सोनी मुकेश सोनी, सौरभ अग्रवाल, मनोज साहू सुमित सोनी एवं अन्य व्यापारियों के सहयोग से आयोजित कन्या भोज एवं भंडारे में नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, भाजपा नेता लाला लक्ष्मी नारायण साहु, जनार्दन शुक्ला,के के द्विवेदी, योगेश द्विवेदी, स्कन्द तिवारी सहित बड़ी संख्या में बालिकाओं एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# स्व. राजीव यादव के साथ होगा न्याय : हरिकिशोर तिवारी

- उच्च स्तर से होगी कार्रवाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष इंजी हरिकिशोर तिवारी ज़िले की कार्यकारिणी एवं पेंशनर ज़िलाध्यक्ष दिलीप मिश्र तथा परिषद के ज़िलाध्यक्ष राजेश मिश्र कार्यवाहक ज़िलाध्यक्ष रिजवान अहमद उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के साथ नगर पालिका के मृतक कर्मचारी नेता राजीव यादव के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे वहाँ उनके पुत्र और परिवारीजनों को ढाढ़स बँधाया और स्व. राजीव यादव के मृत्यु के कारण की पुत्र सिद्धार्थ से जानकारी प्राप्त की उनके पुत्र ने उक्त प्रकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रावली का अवलोकन कर बताया कि राजीव यादव दोषी नहीं थे उसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा ससमय सही निर्णय न लेना राजीव जी की मृत्यु का कारण बना।

प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस प्रकरण को मुख्य सचिव प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पुलिस प्रशासन के सज्ञान में लाकर न्याय दिलान का कार्य करेगे उन्होंने जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर उनके परिवार को न्याय दिलाने देयको का भुगतान तथा उनके पुत्र को नौकरी दिलाने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही करे।

# ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत में हैदरगढ़ क्षेत्र, तीन घरों से लाखों की हुई चोरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय कोतवाली अंतर्गत दो अलग-अलग गांव में सगे भाइयों सहित तीन घरों में हुई चोरी में चोर लाखों रुपए की नगदी व जेवर चुराकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर तहसील मुख्यालय से 3 किलोमीटर दूर स्थित गोतौना गांव निवासी समर बहादुर सिंह उर्फ कल्लू पुत्र स्वर्गीय भीम सिंह का घर बीच गांव में स्थित है। कल्लू सिंह के छोटे भाई विजय बहादुर सिंह और उनकी पत्नी की मौत काफी पहले हो चुकी है। विजय बहादुर के दो पुत्र विकलांग अनिल सिंह एवं अजय सिंह जहां अपने घर में रहते हैं वहीं सबसे छोटा शिवम सिंह उर्फ अभय दादा समर के यहाँ बचपन से रह रहा है। विकलांग अनिल सिंह मनरेगा में मजदूरी करके किसी तरह अपना खर्च चलाते है और उसकी पत्नी आपसी ताल मेल न होने के कारण अपने मायके में रह रही है।

पता चला है कि शिवम सिंह बीती रात छत पर बने कमरे में सोया हुआ था रात्रि लगभग 12बजे बुखार की दवा खाने के लिए जीने से उतरकर नीचे आया था और दवा खाने के बाद वापस जाकर लेट गया था। तब तक सब कुछ सामान्य था। सोमवार की भोर लगभग 3:30 बजे अन्य दिनों की तरह उठीं समर बहादुर सिंह की बहूओ ने देखा कि गैलरी एवं उससे सटे कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। पता चला कि चोर बड़े बक्से का एक ताला खोलकर एवं दूसरे का कुंडा उखाड़कर बक्से में रखा जेवरात से भरा झोला चुरा ले गए। इसके अलावा चोरों ने किसी अन्य सामान को हाथ तक नहीं लगाया। पता चला है कि झोले में रखें जेवर शिवम सिंह की मां एवं विकलांग अनिल सिंह की पत्नी के है। अविवाहित शिवम ने बताया कि जेवरों की कीमत लगभग 5 लाख रुपए होगी।

इसी क्रम में क्षेत्र के खरसतिया गांव निवासी सगे भाई सोनू अवस्थी व राहुल अवस्थी पुत्रगण हरिमोहन अवस्थी एक ही घर में ऊपर और नीचे के हिस्से में रहते हैं। छत से जीने का दरवाजा क्षतिग्रस्त कर नीचे उतरे चोरों ने दूसरी मंजिल पर रहने वाले बड़े भाई सोनू अवस्थी के दूसरे कमरे को अपना निशाना बनाया व कमरे व अलमारी के ताले तोड़कर अलमारी में रखे 1,98,000 रुपये के अलावा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद नीचे उतरे चोरों ने राहुल अवस्थी के दूसरे कमरे व अलमारी को अपना निशाना बनाया और लगभग 16000 की नगदी के साथ लाखों रुपए की जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों घटनास्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया और पीड़ितों को कोतवाली पहुंचकर तहरीर देने की बात कही।

# अध्यापकों ने निकाली जागरूकता रैली

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र सैफई के तहत रविवार को एक विशेष साइकिल रैली आयोजित की गई। यह रैली फिट इंडिया अभियान का हिस्सा थी और इसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 60 अध्यापकों ने भाग लिया।

रैली की शुरुआत मास्टर चंदगीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम से हुई। इसके बाद रैली पंचायत कार्यालय, किसान बाजार, अस्पताल चौराहा, सब्जी मंडी, सैफई गांव, अमरीशपुर और मेडिकल कॉलेज होते हुए वापस स्टेडियम पहुंची। मार्ग के दौरान भाग लेने वालों ने न केवल साइकिल चलाकर खुद को फिट रहने का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। मुख्य अतिथि एसएस. मेमोरियल स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन यादव ने रैली का उद्घाटन करते हुए कहा कि फिटनेस सिर्फ व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में व्यायाम और स्वस्थ आदतों को शामिल करें। रैली में भाग लेने वाले अध्यापकों ने शहर में फिटनेस के संदेश को हाथों में बैनर लेकर जनता तक पहुंचाया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाई जा रही है, ताकि फिट इंडिया अभियान का संदेश हर घर तक पहुंचे।



### भारतीय संस्कृति का जीवनत उदाहरण भंडारा : अन्नू गुप्ता

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** माता काली वाहन मन्दिर पर पुष्पांजलि सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित मातारानी के भंडारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता मै भंडारा बांटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भंडारा कार्यक्रम भारतीय संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया भाजपा जिला महामंत्री प्रशान्त राव चौबे भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आलोक गुप्ता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला इटावा के युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला प्रभारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक रवि पोरवाल व्यापार मण्डल जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला व्यापार मंडल शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप तथा वरिष्ठ पदाधिकारी गणों का स्वागत करते हुए।

# 52 लाख की योजना से पर्यटन स्थल बनेगा नया आकर्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**प्राचीन लश्करी तालाब का होगा भव्य सौंदर्यीकरण**

शहर की प्राचीन धरोहर को नया जीवन देने की दिशा में नगर पालिका ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मोहल्ला कोलियान स्थित ऐतिहासिक लश्करी तालाब का सौंदर्यीकरण अब 52 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के अथक प्रयासों से यह परियोजना धरातल पर उतर रही है। कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

जूनियर इंजीनियर रविराज कौशल ने बताया कि तालाब के चारों ओर फैले अतिक्रमणों को हटाकर मजबूत बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। तालाब के मध्य भाग में एक मनोरम जलाशय विकसित किया जाएगा, जिसके किनारों पर घने पौधारोपण से हरियाली का नया आयाम जुड़ेगा। इसके अलावा, परिक्रमा मार्ग पर ट्रैकिंग रूट तैयार किया जाएगा, जहां जगह-जगह एलईडी लाइटिंग लगाई जाएगी। आरामदायक बेंच की व्यवस्था से यह स्थान वृद्धजनों और युवाओं के लिए आदर्श पिकनिक स्पॉट बन जाएगा। यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी गति प्रदान करेगी। इसी क्रम में, मोहल्ला ऊंचा बिरतिया स्थित नगर पालिका के बारात घर का सौंदर्यीकरण भी जोरों पर है। पुराने कमरों और टॉयलेट्स का पूर्ण नवीनीकरण हो चुका है। पत्थर का चिकना फर्श बिछाया गया है, जबकि कई स्थानों पर आकर्षक टाइल्स लगाए जा रहे हैं। इससे यह सामुदायिक केंद्र और भी सुविधाजनक हो जाएगा। दूसरी ओर बहवलपुर क्षेत्र में स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नवंबर में प्रस्तावित नगर पालिका स्थापना दिवस पर यहां खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इन प्रयासों से यह शहर न केवल साफ-सुथरा बनेगा, बल्कि निवासियों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

# आवास-विकास कॉलोनी की समस्याओं पर खुली चर्चा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सुप्रभाष अकादमी में आयोजित आवास विकास कल्याण समिति की बैठक में कॉलोनी की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

समिति के सदस्यों ने हाउस टैक्स वसूली, सीवर निस्तारण की खराब व्यवस्था, पार्कों का सौंदर्यीकरण, जलभराव की समस्या, विद्युत प्रकाश की अनियमितता, पेयजल आपूर्ति में कमी, क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और भवनों में आवंटित नंबरों की विसंगतियों जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ज्ञापन तैयार कर मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक अर्चना पाण्डेय, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, नगरपालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को सौंपा जाएगा। इसके अलावा, समिति की कार्यकारिणी के गठन पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। नवीन सदस्यों को समिति में शामिल करने, चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने और पुराने सदस्यों जो विभिन्न कारणों से कॉलोनी से अलग हो चुके हैं के नामों का विलोपन करने पर सहमति बनी। आवंटीगणों एवं पदाधिकारियों के बीच व्यापक बहस के बाद नई कार्यकारिणी के चयन की रूपरेखा तय की गई। अध्यक्ष अजय कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में महामंत्री अखिलेश कुमार प्रजापति, सत्यभान सिंह, देवीदीन शाक्य, अनूप चौहान, जेपी पाल, राजीव द्विवेदी, स्वदेश पाल, सुभाष चौहान, अवनीश चौहान, प्रमोद कुमार, गौरव यादव एवं परशुराम शाक्य सहित बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे।

## जहरखुरानी पीड़ित को टीएसआई ने पहुंचाया अस्पताल



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर के पूर्वी बाईपास हाईवे के किनारे पड़े जहरखुरानी के शिकार हुए युवक को ट्रैफिक उपनिरीक्षक ने उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रैफिक उप निरीक्षक अभिनंदन माथुर ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 4 बजे नगर के पूर्वी बायपास एनएच हाईवे किनारे रोडवेज बस चालक एक जहरखुरानी के शिकार हुए युवक को फेंक कर चला गया। मामले की जानकारी होते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर युवक को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। खबर लिखे जाने तक युवक का उपचार चल रहा था और उसके होश में ना आने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी।

# शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता का किया विरोध



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक से संबद्ध उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर टेट अनिवार्यता के आदेश का विरोध किया। शिक्षकों ने कहा कि अपने चयन के समय में समस्त शैक्षिक अहर्ताएं पूर्ण की थीं। आज उन पर इस परीक्षा का आदेश जबरन थोपा जा रहा है। शिक्षकों ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की है कि इस मुद्दे पर नीतिगत निर्णय लेकर शिक्षकों के भविष्य को सुनिश्चित करें। शिक्षक इस अमानवीय निर्णय से अवसाद में हैं। शिक्षकों ने कहा सेवा शर्तों ये हस्तक्षेप बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव ने केंद्र सरकार से जल्द ही इस मुद्दे पर सकारात्मक कदम उठाने की मांग की ताकि लाखों शिक्षक तनावमुक्त होकर शिक्षण कार्य कर सके। इस अवसर पर शैलेन्द्र दुबे, ज्ञानेंद्र यादव, राजेश गौतम, साक्षी कुशवाहा, अर्चना शाक्य, रमा पटेल, सरिता, अनुपमा, पूर्णिमा त्रिपाठी, आकांक्षा यादव, मोमिना इकबाल, नीतू सिंह,, इशरत जहां,अर्चना द्विवेदी, पूजा शिवहरे, सोनम पांडे, रश्मि कुमारी, सुलेखा, वैभव शुक्ल, आशुतोष त्रिपाठी, प्रशांत वीर, रावेंद्र राजपूत, विजय लक्ष्मी तिवारी, शालिनी सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5.0- महिलाओं की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबरों पर जागरूकता



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. राकेश चंद्र, प्रवक्ता राजनीति विज्ञान ने छात्राओं को विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों 1090 (महिला हेल्पलाइन), 181 (महिला आपातकालीन), 102 (गर्भवती महिलाओं के लिए), 108 (एम्बुलेंस), 112 (आपातकालीन) तथा 1076 (महिला एवं बाल विकास) आदि पर विस्तृत चर्चा कर अवगत कराया। इससे छात्राएं संकट की घड़ी में स्वयं को सुरक्षित रख सकेंगी। प्राचार्य डॉ. पवन चौहान ने भी छात्राओं को इन नंबरों के प्रयोग की महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा आज का युग चुनौतियों से भरा है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न या किसी भी आपात स्थिति में ये हेल्पलाइन नंबर आपकी ढाल बन सकते हैं। इन्हें मेमोरी में सेव करें और बिना संकोच कॉल करें। सशक्तिकरण का पहला कदम जागरूकता है। हमारा महाविद्यालय हमेशा आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन नंबरों का उपयोग कर न केवल खुद को बचाएं, बल्कि अपनी सहेलियों को भी प्रेरित करें। याद रखें, आवाज उठाने वाली महिला कभी कमजोर नहीं होती। इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

**कदमताल से गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर**

# आरएसएस शताब्दी का जोरदार उत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर में एक भव्य पथ संचलन निकाला गया, जो राष्ट्रभक्ति की लहर पैदा करने वाला साबित हुआ। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अनुशासित कतारें बनाकर कदमताल मिलाते हुए सड़कों पर परेड की, जिससे वातावरण में देशप्रेम का संचार हो गया। स्थानीय निवासियों ने उत्साह के साथ स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की, उनका हार्दिक स्वागत करते हुए संघ के योगदान को सलाम किया। नगर प्रचारक गौरव जी के नेतृत्व में संगठन बढ़े चलो सुपथ पर बढ़े चलो संगठन गीत गाते हुए पथ संचलन को आगे बढ़ाया गया। यह दृश्य न केवल संगठन की एकजुटता दर्शा रहा था, बल्कि युवाओं में अनुशासन और सेवा भाव की प्रेरणा भी जगा रहा था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक रजनीश ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए आरएसएस की वैश्विक पहुंच पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ की शाखाएं भारत के अलावा विश्व के कोने-कोने में फैली हुई हैं, जो व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की दूरदर्शिता का जिक्र करते हुए रजनीश जी ने बताया कि उनका मूल लक्ष्य देश की एकता-अखंडता को मजबूत करना और भारत को सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित करना था। संघ की इस यात्रा ने न केवल सामाजिक जागरण को बढ़ावा दिया, बल्कि आपदा प्रबंधन से लेकर सांस्कृतिक संरक्षण तक हर क्षेत्र में योगदान दिया है। इस अवसर पर नगर संघचालक रामशंकर, नगर कार्यवाह कमल किशोर, संजय, अनुराग, कृष्णा, सक्षम सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन पर सभी ने संकल्प लिया कि संघ के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र सेवा में योगदान देंगे।

# कन्नौज पहुंची समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा का हुआ स्वागत

**समाजवादी नीतियों को जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही यात्रा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



साईकिल यात्रा का स्वागत करते सपाई

श्रद्धेय नेता जी मुलायम सिंह यादव की समाजवादी नीतियों को जन- जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से निकाली गई समाजवादी संदेश साइकिल यात्रा एक अक्टूबर को लखीमपुर खीरी जिले के लुधौनी से शुरू होकर तेज गति से आगे बढ़ रही है। यह यात्रा समाजवादी विचारधारा के प्रचार- प्रसार के साथ- साथ 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम कर रही है। समाजवादी छात्र सभा के जिला उपाध्यक्ष शुभम् यादव, संयोजक आदर्श यादव एवं संचालक दयाशंकर के नेतृत्व में यह यात्रा नैमिषारण्य जैसे पावन स्थल से होते हुए 3 अक्टूबर को कन्नौज पहुँची, जहाँ सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। साइकिल यात्रियों पर फूलों की वर्षा कर कार्यकर्ताओं ने उनका उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे मार्ग में यात्रा को समर्थन देते हुए नेता जी अमर रहें और 2027 में सपा सरकार जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नेम सिंह यादव, सपा नेता विवेक पाल, सेक्टर प्रभारी नितिन यादव, तुफैल अहमद, आनंद बाबू यादव, अनुज यादव, शिब्बू तिवारी, जुनैद खान सहित कई स्थानीय नेता रहे।

**9 अक्टूबर को सैफई में होगा समापन :** कन्नौज। साइकिल यात्रा का समापन 9 अक्टूबर को सैफई में होगा, जहाँ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नेता जुटेंगे।

### 2027 में बनेगी युवाओं की सरकार

कन्नौज। प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कहा कि यह यात्रा न केवल श्रद्धेय नेता जी को श्रद्धांजलि है, बल्कि उनकी समाजवादी विचारधारा को गाँव-गाँव तक ले जाने का अभियान है। यह युवाओं की ताक़त है, जो आने वाले चुनाव में प्रदेश में समाजवादी सरकार लाकर रहेगी, उन्होंने जोश से कहा। विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह ने कहा कि यह संदेश यात्रा समाज में समरसता, समानता और विकास का संदेश लेकर चल रही है। हजारों कार्यकर्ता पैडल मारते हुए यह साबित कर रहे हैं कि नेता जी के सिद्धांत आज भी जिंदा हैं और प्रेरणा दे रहे हैं।

# कोल्ड्रिफ कफ सिरप प्रकरण पर कसा शिकंजा, की छापेमारी

**जनपद में औषधि निरीक्षक की सघन छापेमारी से हड़कंप**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



निरीक्षण करते औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देशन में जनपद में नकली और अमानक दवाओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कोल्ड्रिफ कफ सिरप प्रकरण को लेकर औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जनपद में सघन निरीक्षण एवं औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कई दवा दुकानों और गोदामों की गहन जांच की गई। संदेह के घेरे में आई औषधियों के नमूने मौके पर सील कर उन्हें जांच के लिए राजकीय औषधि प्रयोगशाला भेजा गया है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी दवा में मानक से विपरीत रासायनिक तत्व या अन्य दोष पाए जाते हैं, तो संबंधित विक्रेता या निर्माता के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद में नकली, अमानक एवं असुरक्षित औषधियों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी के तहत विभागीय टीमें लगातार निरीक्षण और निगरानी अभियान जारी रखेंगी।

## युवक के पास से 24 क्वार्टर शराब बरामद

**जालौन,उरई।** गोकुलपुरा पुलिया के पास से पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 24 क्वार्टर शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली में तैनात एसआई जयकिशोर को सूचना मिली कि गोकुलपुरा पुलिया के पास एक व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े देवेन्द्र उर्फ अल्लू निवासी कुसमरा को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 24 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



## छात्र-छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों की दी गई जानकारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेस-5 के तहत सोमवार को छात्र- छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने की। मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. डिंपल कुशवाहा की देखरेख में छात्रों ने हेल्पलाइन नंबरों के पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किए। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. शिप्रा वर्मा ने छात्राओं को निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. नागेंद्र सिंह ने मिशन शक्ति को महिला सुरक्षा की दिशा में सार्थक पहल बताया। कार्यालय प्रभारी राघवेंद्र सिंह भदौरिया ने छात्राओं से हेल्पलाइन नंबर सेव कर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में छात्र- छात्राएं मौजूद रहे। संचालन में मानेंद्र, गौरव, संबेश व रवि ने सहयोग किया।

# किसानों की बिजली की समस्या के निदान हेतु संगठन कटिबद्ध : धर्मेन्द्र ठाकुर

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों की पंचायत में कहा कि वहां बिजली खाद की समस्या का जल्द निराकरण कराया जायेगा।

मलिकपुर रेलवे फाटक के पास सोमवार दोपहर किसानों की पंचायत को सम्बोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि आज देश का अन्नदाता किसान को समय पर खाद बिजली न मिलने से काफी परेशान हैं साथ ही उनकी भारी लागत लगाकर तैयार की गई फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है पंचायत में क्षेत्रीय किसानों ने अवगत कराया कि समितियों पर एनपीके व डीएपी खाद के लिये करीब एक माह से चक्कर काट रहे हैं फिर भी अभी तक खाद नहीं मिल पाई है जिस बात को सुनकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भरोसा देते हुऐ कहा कि वहां जल्द सीएम से मुलाकात कर समस्या का निदान कराने का प्रयास किया जायेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि अन्नदाता किसान अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट जाये तो देश की जनता भुखमरी की कगार पर पहुंच जायेगी हमारे किसान भाई सर्दी गर्मी बरसात सभी मौसमों में दिन रात कड़ी मेहनत करके फ़सल को तैयार करके हम सबके पेट भरने का काम करता है इसके बाबजूद उनकी खाद पानी बिजली जैसी समस्याओं के प्रति सरकारें संवेदनशील न होना छलावा है इसके लिये हमें कुछ भी करना पड़े हमारा संगठन कटिबद्ध है। इस अवसर पर यूनियन के जिलाध्यक्ष सोनू शर्मा के अलावा किसान रावेन्द्र सिंह, वेदप्रकाश शुक्ला, मनीष कुमार, अर्पित कुमार आदि सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# कार में गैस भरते समय लगी आग, कार जलकर हुई राख

**आग की चपेट में आने से दो किशोर झुलसे**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय ग्राम सींगपुरा में एक कार में गैस भरते समय अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि आग की चपेट में आने से दो किशोर झुलस गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी देवेंद्र कुमार अपने घर के बाहर खड़ी ईको कार में घरेलू एलपीजी सिलिंडर से गैस रिफिलिंग कर रहे थे। रिफिलिंग के दौरान गैस लीकेज हुआ और अचानक स्पार्किंग से कार में आग भड़क गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के प्रयास में देवेंद्र कुमार के दोनों बेटे योगेश (17) और राम (14) भी झुलस गए। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। सूचना मिलने पर एसआई निसार अहमद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। नगर व आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से घरेलू एलपीजी सिलिंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

# हार-जीत की बाजी लगाते आठ जुआरी गिरफ्तार

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विकेश बाबू के नेतृत्व में कस्बा के फायर स्टेशन बिल्डिंग के पीछे लोग ताश पत्तों से रुपए की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा 8 जुवारियों को गिरफ्तार किया जिनके पास बरामद की 52 ताश के पत्ते 1250 तलाशी तथा 4500 रुपए माल फड़ से बरामद किए गए।

गिरफ्तार किए गए जुआड़ियों में मोनू उर्फ महेंद्र पुत्र कुंवरलाल, दीपक पुत्र रामबाबू, सत्येंद्र सिंह पुत्र सीताराम, जानू सिंह पुत्र कुंवरलाल, महफूज पुत्र बड़े लाल, केशबेंद्र पुत्र कुंवर लाल, पवन सिंह पुत्र शिवशंकर निवासी वार्ड नंबर 4 मोहल्ला अंबेडकर नगर कस्बा व थाना माधौगढ़ तथा शैलेंद्र पुत्र लखन कुशवाहा निवासी वार्ड नंबर 8 मैथिलीशरण कस्बा हुआ थाना माधौगढ़ शैलेंद्र पुत्र लखन कुशवाहा वार्ड नंबर 8 मोहल्ला मैथिलीशरण को गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 134/2025 धारा 13 बी एक्ट से संबंधित कार्रवाई की गई गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश कुमार तोमर, उप निरीक्षक अंकुर भाटी, कांस्टेबल संजय, कांस्टेबल जितेंद्र, कांस्टेबल सुमित मिश्रा, तेज सिंह आदि शामिल रहे।

# बेटियों को आत्मनिर्भर बन सशक्त बनाने की दिशा में किया प्रेरित

**एसडीएम ने टाउन हॉल में बच्चों के साथ किया संवाद**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल ने मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत आज टाउन हॉल में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस संवाद का उद्देश्य बच्चों को जागरूक करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1098 चाइल्डलाइन, 1090 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन सेवा आदि) से अवगत कराया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। बच्चों को यह भी समझाया गया कि वे अपने अधिकारों को पहचानें, अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर बिना झिझक संबंधित विभाग या हेल्पलाइन से संपर्क करें। इस अवसर पर सीओ सिटी अर्चना सिंह, महिला थाना प्रभारी तथा गरिमा पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहीं।

# बेटी को लेने ससुराल गए युवक से की मारपीट

**जेब में पड़े 10 हजार रुपये लूटे, एक लाख रुपये न देने पर बेटी को मारने की दी धमकी**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बेटी को लेने ससुराल गए युवक के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की साथ ही जेब में पड़े 10 हजार रुपये भी लूट लिए। साथ ही एक लाख रुपये न देने पर बेटी को मारने की धमकी भी दी है। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया।

न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम रौरा निवासी राहुल कुमार ने न्यायालय को बताया था कि उनकी शादी 13 जुलाई 2018 को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गायर निवासी आकांक्षा के साथ हुई थी। लगभग एक वर्ष पूर्व आकांक्षा घर से जेवरात व रुपये लेकर चली गई थी। बीती 20 जून 2025 को वह अपनी बेटी आराध्या को गायर स्थित ससुराल छोड़ गया था। उसी को वापस लेने के लिए वह आठ जुलाई 2025 की शाम करीब पांच बजे ससुराल गया था। लेकिन वहां बेटी नहीं मिली। जब उसने पूछतांछ की तो ससुराल के अनिल दोहरे, राधा देवी एवं नगसिया कानपुर देहात निवासी मामा सोनू व दो अज्ञात व्यक्ति गाली, गलौज करने लगे और उसके साथ मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर जालौन की ओर जाने वाली मुख्य सड़क तक पहुंचा तो पीछा करते हुए सोनू व दो अज्ञात लोग आ गए। जिन्होंने उसका मोबाइल छीनकर पानी में फेंक दिया और जेब में रखे 10 हजार रुपये लूट लिए। साथ ही धमकी दी कि वह उसे एक लाख रुपये दे यदि रुपये न दिए तो वह उसकी बेटी को मार देंगे। आरोप लगाया कि इस घटना में उसकी पत्नी आकांक्षा की भी मिलीभगत है।

इसके बाद उसने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस और एसपी के यहां भी की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टेंपो चालक के तीन हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

टेंपो चालक की हत्या में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो पैर में गोली लगने से घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इनकी निशानदेही पर एक गांव से महिला सहित दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पहाड़पुर नवादा के सामने रोड पर मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के टेंपो चालक पुष्पेंद्र यादव की दिनांक 23 सितंबर की रात लगभग 8:30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें ब्लाइंड मर्डर होने पर अधिकारियों ने जल्द खुलासा करने के निर्देश थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे को दिए थे। बीते रात थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव पहाड़पुर नवादा के निकट तीन आदमी किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़े हैं।

जिस पर पुलिस सक्रिय हुई। थानाध्यक्ष अवध नारायण पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा चेकिंग अभियान चलाने लगे। थाना पुलिस को देखकर आरोपीगणों ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगी तथा एक आरोपी मौके से भागने लगा। जिसको दौड़कर थाना पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं घायल आरोपियों को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों आरोपियों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। मुठभेड़ के दौरान पकड़े गये आरोपियों में महाराज सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 बादशाह जाटव निवासी स्योना थाना भोगांव जनपद मैनपुरी, भारत पुत्र स्व. लेखराज शाक्य निवासी अगोनापुर थाना अलीगंज जनपद एटा, केशराम पाल उर्फ पुत्तन पुत्र भीकम सिंह निवासी न्यामतपुर खेड़ा थाना मऊदरवाजा जनपद फतेहगढ़ के नाम शामिल हैं। महाराज सिंह उर्फ पप्पू उपरोक्त के बाएं पैर में गोली लगी, जबकि भारत सिंह उपरोक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। आरोपीगणों से पूछने पर बताया की दिनांक 23.09.2025 को हम लोगों ने अपने सहयोगी के साथ ग्राम न्यामतपुर के ऑटो चालक पुष्पेन्द्र को गोली मारी थी और आज हम अपने बचे हुए पैसे लेने आये थे, तभी पुलिस ने हमें घेर लिया जिसके बाद हमने पुलिस पार्टी पर भी हमला किया था तभी पुलिस ने हमें पकड़ लिया। वहीं आरोपियों ने पूछताछ में बताया की आरोपी सर्वेश उर्फ बाबा निवासी न्यामतपुर सरैया तथा सर्वेश की पत्नी रेखा देवी के कहने पर मृतक के पैसे लेकर गोली मारकर हत्या की थी। जिसमें थाना पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सर्वेश पाल तथा उसकी पत्नी रेखा देवी जो की टेंपो चालक को टेंपो बुक करके लेकर आए थे, को गांव न्यामतपुर सरैया में दविश देकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सर्वेश पाल ने बताया कि मृतक पुष्पेंद्र कुमार गांव का ही निवासी था और उसकी भानेज बहू निवासी गुरसहायगंज के साथ प्रेम संबंध थे। जिसको वह शराब पीकर पूरे गांव में बताता था। यह बात सर्वेश पाल के बताए अनुसार सर्वेश पाल को बर्दाश्त नहीं हो रही थी। जिसके चलते उन्होंने रूपरेखा बनाकर बीती 23 तारीख को सभी लोगों ने सूनसान इलाके में जसमई रोड वाली सड़क पर गांव पहाड़पुर के सामने घटना को अंजाम दिया था।

जिन लोगों को पैसा देकर घटना को अंजाम दिलवाया था वही टेंपो में बैठे पुष्पेंद्र कुमार को इशारा कर दिया था। जिस पर आरोपीगणों ने पुष्पेंद्र कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। थाना पुलिस ने बताया की गोली मारने वाले आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के अपराधी हैं। इनके विरुद्ध कई थानों में काफी लम्बा आपराधिक इतिहास है। जिसकी जानकारी की जा रही है।


पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार गिरफ्तारी आरोपीगण

# जमीनी विवाद में पुलिस की मौजूदगी में युवक को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद में दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजेश कुमार पुत्र स्व0 राधेश्याम निवासी ग्राम दानमंडी थाना जहानगंज का रहने वाला है। दिनांक 03.10.2025 को उपजिलाधिकारी सदर के न्यायालय में आदेश दिनांक 25.08.2013 के विरुद्ध मैंने अपील दायर की। जिससे मेरे गांव के अनुराग, अवनीश पुत्रगण श्याम बहादुर व श्याम बहादुर व कमलेश पुत्रगण स्व0 महेश व शिवम पुत्र रामलड़ैते व रामलड़ैते पुत्र स्व0 राधेश्याम रंजिश मानने लगे। इसी रंजिश के कारण दिनांक 04.10.2025 को समय करीब रात्रि 9 बजे मैं अपने गांव गया, तो उक्त लोग मुझे जान से मारने के लिए घात लगाये बैठे थे। जैसे ही मैं अपने गांव में घुसा, वैसे ही उक्त लोगों ने मुझे एक राय होकर मेरे ऊपर अनुराग पुत्र श्याम बहादुर व अन्य उक्त सभी लोगों ने लोहे की राड से हमला किया। इसके पहले मैंने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुला ली थी। पुलिस के आने के बाद ही उक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट की। मारपीट में मेरे गम्भीर चोटें आयी हैं। पुलिस की मौजूदगी में श्याम बहादुर पुत्र महेश ने माँ बहन की गन्दी-गन्दी गालियाँ देते हुये धारदार हथियार से मेरे सिर में प्रहार कर दिया। जिससे मैं बुरी तरह घायल होकर वहीं गिर पड़ा और मेरा एक दांत भी टूट गया है। मारपीट में मेरे 16000 रुपये कहीं गिर गये। उपरोक्त लोग मुझे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

## मजदूरी करने फर्रुखाबाद आया अधेड़ संदिग्ध अवस्था में मिला


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी करने फर्रुखाबाद आया अधेड़ परिजनों को संदिग्ध अवस्था में रास्ते में मिला। जिस पर परिजन उसे लेकर मसेनी स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां भर्ती कर उसका उपचार चल रहा था। रात्रि करीब 2:30 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार राजकुमार पुत्र स्वर्गीय शालिग्राम निवासी कटरी धरमपुर मातादीन की मड़ैया थाना मऊदरवाजा ने बताया कि उनके भाई रामनाथ उम्र 45 साल का पड़ोसी मास्टर विजेन्द्र से खेत को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को मृतक फर्रुखाबाद में मजदूरी करने आया था, तभी रास्ते में बिलावलपुर सोता के पास संदिग्ध अवस्था में मिले। उनकी हालत ठीक नहीं थी।जिस पर परिजन उन्हें लेकर मसेनी स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उनका इलाज चल रहा था। रात करीब 2:30 बजे उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। जिस पर पत्नी कुसमा व अन्य परिजनों में चीख पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि आज पुलिस को तहरीर देंगे।

# भाकृए ने जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

भारती कृषक एसोसिएशन ने जनहित में जनसमस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया कि कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है जब से अवर अभियंता जावेद अहमद खान की नियुक्ति हुई है तब से हर 10 मिनट में बिजली आती जाती है। वहीं लाइनमैन नावेद विद्युत सही करने के 200 लेता है। जब मर्जी आए शट डाउन ले लेता है और कह देता है लाइन फाल्ट है, दोनों को कस्बा कायमगंज से हटाया जाए, कस्बा कायमगंज में आगरा बाजार से नकली अंग्रेजी दवाइयां मंगाकर मेडिकल स्टोर संचालक बेच रहे हैं। सरकारी अस्पताल के पास के मेडिकलों की जांच कराई जाए। उक्त दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाई जाए, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी जनपद के राजकीय और यूनानी चिकित्सालयों में दवाओं की सप्लाई को रोक रहे हैं जिससे मरीजों को दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। दवाओं को चिकित्सालयों में भेजा जाए और क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी को हटाया जाए, बाढ़ से गंगा नदी किनारे के किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी है किसानों को फसल का मुआवजा दिया जाए, गंगा तराई क्षेत्र में बाढ़ की वजह से मच्छर पनप रहे हैं दवाई का छिड़काव कराया जाए, ढाई घाट गंगा नदी पर मेला वर्षों से फर्रुखाबाद के क्षेत्र में लगता था जो अब शाहजहांपुर जनपद के प्रशासन की व्यवस्था में चला गया। पुनः मेले की व्यवस्था जनपद के शासन प्रशासन को दी जाए, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र की पुलियों का निर्माण कर ऊंचा किया जाए, बाढ़ के समय में जिन किसानों की गंगा में डूबकर मौत हो गई उन किसानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए आदि सहित नौ मांगें शामिल हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रामवीर जाटव, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, प्रदेश मीडिया प्रभारी रामवीर पाल, राष्ट्रीय प्रवक्ता मुन्नालाल सक्सेना, निशांत त्रिवेदी, शीलचंद, रामनारायन, किशन अग्निहोत्री आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पारिवारिक विवाद में अधेड़ ने लगाया घर में घुसकर गोली मारने का आरोप


अस्पताल में भर्ती घायल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** पारिवारिक विवाद में दो पक्ष आमने सामने हो गए। विवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। एक पक्ष ने गोली मारने का आरोप लगाया। जबकि दूसरे पक्ष ने उन्हें नाली में गिरकर चोट लगना बताया। घायल अधेड़ को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। हालत गंभीर होने पर लोहिया रेफर किया गया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी सहवीर का परिवार के ही सुखवेंद्र उर्फ खलीफा से विवाद चल रहा है। रविवार शाम बच्चों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे चले। आरोप है कि सुखेंद्र ने तमंचे से सहवीर के पैर में गोली मार दी। जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने मामले की सूचना 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया रेफर किया गया। जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्ष में शराब पीने को लेकर विवाद हुआ है। मारपीट के दौरान सहवीर नाली में गिर गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया कि किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्ट्या घटना संदिग्ध है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। जिसका इलाज जारी है। पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है। कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस ने मंदिर पूजा अर्चना करने आने वाली महिलाओं के छेड़छाड़ कर रहे राजन पुत्र राजू उम्र २० वर्ष निवासी महरूपुर रावी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उपरोक्त युवक मंदिर के पास खड़े होकर मंदिर में पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व कमेंट कर रहा था, तभी उसे पकड़ लिया।

### बच्चों को सट्टा खिलाने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** बच्चों को सट्टा खिलाने की महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता नाहिद बेगम पत्नी स्व0 पप्पू निवासी ग्राम गौसपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के ही मान पुत्र मुन्ने, मो0 सैफ पुत्र साहिद हुसैन, हसनूर उर्फ पप्पू पुत्र मंसूर, मुन्ने पुत्र उमर दराज सट्टे की खाईवाड़ी का काम करते हैं। मान पुत्र मुन्ने मेरे बच्चों को सट्टा खिलाते हैं। जानकारी होने पर मैंने इसका विरोध किया और पुलिस से शिकायत करने की धमकी दी, तो उपरोक्त लोगों ने एक राय होकर मेरे घर में घुसकर लाठी-डण्डों व लोहे की राड से मुझे मारा और घसीटते हुये बाहर लाये। जिसका मोहल्ले वालों ने विरोध किया तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। इनके मारने पीटने से मेरे गम्भीर चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जाच पड़ताल शुरु कर दी है।

### आठ अक्टूबर को आयेंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एक दिवसीय दौरे पर 8 अक्टूबर को आ रही है। जिला सूचना प्रभारी अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी एक दिवसीय दौरे पर 8 अक्टूबर बुधवार को आ रही है। मिशन शक्ति के तहत पोषण पंचायत कार्यक्रम में सम्मलित होगीं।

### अश्लील हरकतें करने का किया विरोध, महिला को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अश्लील हरकतें करने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता गौरा रानी पत्नी अंकित सिंह निवासी ग्राम झिझुकी थाना जहानगंज की रहने वाली हूँ। दिनांक 04.10.2025 को समय करीब 9:10 बजे मेरे गांव के प्रवेश सिंह पुत्र लाल सिंह ने मेरे साथ अश्लील हरकतें कीं, तो मैंने विरोध किया। तब प्रवेश सिंह व मुकेश सिंह पुत्रगण लाल सिंह व लाल सिंह ने मुझे मेरे बाल पड़कर जबरन गन्दी-गन्दी गाली देते हुए गली में जमीन पर गिराकर घसीट-घसीटकर लात-घूसों व मुक्कों व डंडों से खूब मारापीटा। जिससे मेरे शरीर में अधिक चोट होने के कारण एंबुलेंस द्वारा मुझे उपचार हेतु लोहिया अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

### स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से गई बच्ची की जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर सामने आयी है। जिसके चलते एक मासूम की जान चली गयी। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम समैचीपुर चितार निवासी शान मोहम्मद की छह माह की पुत्री इनायत कई दिनों से बीमार चल रही थी। उसको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। तबियत ज्यादा बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने एंबूलेंस को फोन किया। करीब आधा घंटा इंतजार करने के बाद एंबूलेंस नहीं आयी, लेकिन इस दौरान बच्ची की तबियत और बिगड़ गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। रोते बिलखते स्वजन बच्ची को घर ले गए।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज कमालगंज खंड के विभिन्न मंडलों में संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने गणवेश में संगठित होकर नगर भ्रमण किया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक मार्ग में उपस्थित रहे। यह संचलन संघ के विभिन्न मंडलों में एक साथ आयोजित किया गया। जिनमें मुख्य रूप से अमानाबाद मंडल के गदनपुर और विचपुरी, नगरिया देवधरापुर, दरियागंज तथा अहमदपुर देवरिया मंडल शामिल थे। पथ संचलन का नेतृत्व रवि पाठक ने किया। स्वयंसेवकों ने अनुशासन और उत्साह के साथ घोष (बैंड) की धुन पर कदमताल करते हुए नगर भ्रमण किया। मार्ग में खड़े नागरिकों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राजीव चतुर्वेदी, रवि शर्मा, सौदान सिंह, श्यामबहादुर, आनंद सहित संघ के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचलन के समापन पर आयोजित कार्यक्रकम में वक्ताओं ने संघ के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर होने की बात कही। उन्होंने संगठन, सेवा और संस्कार के मूल भाव को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का आह्वान किया। संचलन का समापन प्रार्थना एवं राष्ट्रगीत के साथ हुआ। इस अवसर पर जानकारी देते हुए नेतृत्वकर्ता रवि पाठक ने बताया कि खंड के सफल संचलन के बाद अब 12 अक्टूबर को कमालगंज नगर में एक और पथ संचलन की योजना है।


पद संचलन करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक

# भरत मिलाप में मुस्लिम समाज ने बरसाए फूल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

रविवार रात आयोजित भरत मिलाप समारोह में हिन्दू-मुस्लिम एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने कमाल शाह बाबा की मजार के पास से भगवान राम और भरत के स्वरूपों पर पुष्प वर्षा की। यह आयोजन कानपुर-फतेहगढ़ मार्ग स्थित चौराहे पर हुआ। जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। रात करीब बारह बजे शुभ घड़ी में भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण एक ओर से धीरे-धीरे आगे बढ़े। दूसरी ओर से अनुज भरत और शत्रुघ्न जिन्हें प्रभुराम जी के आने की खबर हनुमान और अंगद जी देने गये थे। कोहनी व सीने के बल आगे बढ़ते हुए मिलन के लिए व्याकुल दिखे। चारों भाइयों के मंच पर पहुंचते ही वे एक.दूसरे को गले लगाने दौड़ पड़े। जिससे वहां मौजूद सभी की आंखें नम हो गईं। मिलन के बाद वनवासी वस्त्र उतारकर भगवान के स्वरूपों को राजसी वस्त्र पहनाए गए। इसके बाद आरती उतारी गई और भोग लगाया गया। घंटा-घड़ियाल और शंख ध्वनि के साथ जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। सड़क के दोनों ओर उमड़ी भारी भीड़ ने हाथ उठाकर भगवान के जयकारे लगाए। मुस्लिम समाज की ओर से कमाल बाबा की मजार के पास से भरत और शत्रुघन के स्वरूपों पर पुष्पवर्षा की गई। इस अवसर पर उर्स कमेटी के हबीब अहमद, इस्लाम अहमद, सफाहत हुसैन, हनीफ कुरेशी और शकील सहित कई सदस्य मौजूद रहे। इस भव्य आयोजन में कमेटी संरक्षक केशव चंद्र गुप्ता, मदन माहेश्वरी, अध्यक्ष अजय माहेश्वरी, शिवकुमार गोयल, संजय गुप्ता, सुल्ले गुप्ता, पवन गुप्ता, सौरभ चौरसिया, मनोज हलवाई और गोपाल पालीवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लीला विराम के बाद मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया गया और रेलवे तिराहे पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। तरुण माहेश्वरी, मनोज महाजन, पवन माहेश्वरी और छोटेलाल गुप्ता के यहां स्वरूपों का पूजन भी किया गया। पूरे कस्बे को भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं भरत मिलाप के बाद दूरदराज गांवों से आये लोग इधर उधर भटकते रहे, क्योंकि रामलीला कमेटी द्वारा ऐसा कोई कार्यक्रम संचालित नहीं करवाया गया था। जिसमें लोग अपना समय व्यतीत कर सकें। पूर्व के वर्षों में जगह-जगह रासलीला, आर्केस्ट्रा व अन्य कार्यक्रम होते थे जो विगत 2 वर्ष से रामलीला कमेटी पर अपना-अपना वर्चस्व कायम करने के कारण बंद हैं। जिसका खामियाजा रामलीला को भुगतना पड़ रहा है। जिसके कारण दिन पर दिन रामलीला कार्यक्रम में जनता की दिलचस्पी कम होना एवं भीड़ का निरंतर घटना दर्शाता है।


स्वरूपों की आरती करते कमेटी के लोग

# कोचिंग विस्फोट मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कादरी गेट थाना क्षेत्र के सातनपुर मंडी के पास एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई थी और सात बच्चे घायल हुए थे। सांसद ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल लिये। पुलिस प्रशासन के अनुसारए यह विस्फोट सेप्टिक टैंक में मीथेन गैस जमा होने के कारण हुआ था।

घटना के तीसरे दिन भी घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात रहा। क्राइम सीन को सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन ने घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। मृतकों के परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर न दिए जाने के कारण पुलिस ने स्वयं अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उपनिरीक्षक विशेष कुमार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि कटियार कोल्ड स्टोरेज के सामने स्थित दो मंजिला मकान में एक माह से कोचिंग और लाइब्रेरी चल रही थी। सीवर टैंक में ज्वलनशील मीथेन गैस जमा होने से अचानक विस्फोट हो गया। विस्फोट की तीव्रता से कोचिंग सेंटर की दीवारें और आगे लगा टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें लगभग पांच बच्चे घायल हुए और दो युवकों की मौत हो गई। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने भी पुलिस द्वारा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है। कोचिंग सेंटर पर हुए इस हादसे के बाद से लगातार जांच जारी है। एटीएस सहित अन्य टीमें भी घटनास्थल का मुआयना कर चुकी हैं।


लोहिया में भर्ती घायल बच्ची के हालचाल लेते सांसद

# प्रतिबंधित कफ सीरप की तलाश में ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन द्वारा बच्चों के कफ सीरप कोल्ड्रिफ को प्रतिबंधित किये जाने के पश्चात जिला औषधि निरीक्षक डॉ0 परमेश कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिबंधित सीरप की तलाश में जनपद के मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। ड्रक इंस्पेक्टर डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को प्रतिबंधित कफ सीरप कोल्ड्रिफ प्रकरण के संबंध में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर जांच की गयी। सघन निरीक्षण अभियान के तहत रजीपुर, महरुपुर रावी एवं कमालगंज क्षेत्र में गहरवार मेडिकल स्टोर, पाल खुशबू मेडिकल स्टोर एवं सुपर मेडिकल स्टोर आदि पर दवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि संदिग्धता के आधार पर औषधियों के सैंपल भरे गये हैं, जिन्हें नियमानुसार सील किया गया तथा जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला बनारस भेजा जायेगा। जांच रिपोर्ट आने के पश्चात यदि दवा का सैंपल फेल होता है, तो संबंधि के खिलाफ ड्रग एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्यवाही की जायेगी। ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी ने मेडिकल स्टोरों के प्रोपराइटरों से अपील की कि वह दवाओं को अधिकृत थोक दुकानों से ही बिल पर खरीदें। किसी भी स्थिति में बिना बिल के अधिकृत तरीके से दवाओं की खरीद न करें, क्योंकि बिना अधिकृत बिल के दवायें नकली हो सकती हैं। जिनके पक़ड़े जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी। जिसके तहत लाइसेंस का निलंबन एवं सजा दोनों हो सकती हैं।


मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी

# विधायक सुशील शाक्य व कर्मवीर शाक्य ने धम्म यात्रा का किया शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बौद्ध तीर्थ स्थल संकिसा में सोमवार को धम्मा लोको बुद्ध विहार में अमृतपुर विधानसभा से विधायक सुशील शाक्य व कार्यक्रम संयोजक कर्मवीर शाक्य ने संयुक्त रूप से भगवान बुद्ध की झांकी पर फीता काटकर धम्मयात्रा का शुभारंभ किया। भगवान बुद्ध की मूर्ति पर अगरबत्ती व मोमबत्ती जलाकर धम्म यात्रा प्रारंभ की गई। धम्म यात्रा सुबह 7:00 बजे बौद्ध विहार से चलकर जब तक सूरज चांद रहेगा बौद्ध धर्म का नाम रहेगा, जो हमसे टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा आदि जय घोष के साथ बौद्ध स्तूप 8:30 बजे पर पहुंची। वहां पर सभी बौद्ध श्रद्धालुओं ने बौद्ध स्तूप के तीन चक्कर लगाए तथा सभी लोग स्तूप के किनारे बैठ गए। सभी लोगों ने मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर स्तूप की पूजा वंदना की तथा डॉक्टर धम्मपाल महाथैरो ने सभी को बुद्ध वंदना एवं परित्राण पाठ पाली भाषा में कराया। इसके बाद डॉक्टर धम्मपाल महाथैरो ने बताया कि आज से 522 ईसा पूर्व भगवान बुद्ध का आगमन संकिसा में हुआ था। जिन्होंने आठ त्रिपिटक दिए। संकिसा की पावन धरती पर भगवान बुद्ध ने प्रवचन दिए तथा वर्षावास किया, महापवारणा किया। ढाई हजार वर्ष से यह परंपरा चली आ रही है।

विधायक सुशील शाक्य ने कहा कि संकिसा बुद्ध की पावन धरती है। यहां बुद्ध के चरण पड़े और उन्होंने कई दिन रहकर समाज का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म सुख दुख का एहसास कराता है। विधायक ने कहा कि मन को शांत रखर बुद्ध के बताये रास्ते पर चलें, तो सुखी रहोगे। पंचशील का पालन करने पर भी जोर दिया। कहा कि इससे जीवन में कष्ट नहीं आयेगा। उन्होंने संकिसा के विकास के लिए सरकार की ओर से उठाये जा रहे कदमों की सराहना करते हुए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकल्प लिया है कि जितने भी बौद्ध तीर्थ स्थल हैं वहां का विकास विश्व स्तर पर होगा। उनके सुझाव पर ही अधिकारियों ने विकास की योजना बनाकर सरकार को दे दी। मोहम्मदाबाद से संकिसा तक 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरु हो गया है। विधायक ने बताया कि पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को उन्होंने बताया था कि संकिसा को भोगांव से जोड़ दिया जाये, तो दिल्ली से आने वाले अनुयाइयों को सहूलियत मिलेगी। इसके बाद धम्म यात्रा निकाली गयी। जिसमें आसपास के जिलों और अन्य प्रदेशों से आए बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान बुद्धं शरणं गच्छामि के जयघोष गूंजते रहे। यह यात्रा धम्मा लोको बुद्ध विहार से शुरू होकर स्तूप तक पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने अगरबत्ती और मोमबत्ती जलाकर पूजा अर्चना की। धम्म यात्रा के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। स्तूप से लेकर कार्यक्रम स्थल तक कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बताते चलें कि रविवार को बुद्ध महोत्सव का शुभारंभ विधायक सुशील शाक्य ने किया था। यहां पर मेला लगा था। सोमवार को मेले का समापन हो गया। सोमवार की शाम तक बड़ी संख्या में मेले में लोगों की भीड़ पहुंचती रही। मेला आयोजक कर्मवीर शाक्य ने बताया प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों ने भी भाग लिया। सोमवार की सुबह सनातन धर्म को मानने वाले लोग भी विसारी देवी मंदिर में पहुंचे और पूजा अर्चना की तथा खीर पूड़ी का भोग लगाया।


धम्म यात्रा के दौरान बैरियर पर मौजूद डीएम व एसपी

## सनातनियों ने बिसारी देवी मंदिर पर की पूजा अर्चना

बिसारी देवी सेवा समिति के अध्यक्ष अतुल दीक्षित के नेतृत्व में लगभग 11:00 बजे ढाई सैकड़ा सनातन धर्मी जय घोष करते हुए पहुंचे। जिसमें पांच श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थल पर बिसारी देवी के भोग एवं पूजा अर्चना की अनुमति दी गई। जिसमें भोलेपुर हनुमान मंदिर के महंत मोहनदास, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अतुल दीक्षित, भाजपा नीम करोली मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष छत्रपाल राजपूत, रामकुमार सिंह तथा राजवीर सिंह ने धार्मिक स्थल के ऊपर जाकर देवी को भोग प्रसाद लगाया तथा सभी श्रद्धालुओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों में जमकर भोग प्रसादी बांटी गई। इस अवसर पर दिलीप दीक्षित, प्रमोद दुबे, अभिमन्यु दुबे, अजीत दिवाकर, सुशील दीक्षित, पिंकू मिश्रा, आकाश दीक्षित सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।


बिसारी देवी मंदिर पर पूजा करने जाते सनातनी

# मिशन शक्ति के तहत मेडिकल कॉलेज में सीओ सिटी ने छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेद मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और महिला कर्मचारियों को सरकारी सुरक्षा योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने छात्राओं को जागरुक किया और विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में विस्तार से बताया कि जरुरत पड़ने पर इन हेल्पलाइन नम्बरों का उपयोग कर तुरन्त पुलिस की सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध या संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस या शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कॉलेज के प्राचार्य ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल सुरक्षा बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना को भी मजबूत करता है।


पम्पलेट के साथ सीओ व कॉलेज स्टाफ

महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह ने छात्राओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, हर नागरिक की सीधी पहुँच सरकार तक, 1090-वीमेन पावर लाइन, महिलाओं के लिए विशेष शिकायत सेवा, 181-वीमेन हेल्पलाइन, हर समय सहायता के लिए समर्पित, 1098- चाइल्ड लाइन, बच्चों से जुड़े आपातकालीन मामलों के लिए, 108-एम्बुलेंस सेवा-स्वास्थ्य आपात स्थिति के लिए, 112-आपातकालीन पुलिस सेवा-तुरंत सहायता हेतु, 1930-साइबर हेल्पलाइन-ऑनलाइन धोखाधड़ी और अपराध की शिकायत हेतु, 102-गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए विशेष हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्राओं को जागरूक किया कि वे किसी भी परिस्थिति में अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और इन सेवाओं का सही उपयोग करें। कॉलेज के अध्यापकों ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि समाज की सोच में बदलाव से संभव है। महिलाओं के अधिकारों, आत्म-सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ना ही सशक्त समाज की पहचान है। मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा पोस्टर, भाषण और नारी सशक्तिकरण पर नाटक प्रस्तुत किए गए।

जिनमें महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक सम्मान का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन की शपथ ली। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को न केवल जागरूक करते हैं बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और समाज में समान भागीदारी का एहसास कराते हैं। इस मौके पर चौकी प्रभारी मेडिकल उप निरीक्षक अजय सिंह, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह चंदेल चौकी मेडिकल के अलावा सुरेश कुमार, विपिन बालियान, मंजू कुमारी, विमलेश सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

# राधेश्याम सविता ने सपा जिला सह मीडिया प्रभारी से दिया त्याग पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


राधेश्याम सविता

समाजवादी पार्टी के जिला सचिव राधेश्याम सविता ने अपनी व्यस्तता के चलते सह जिला मीडिया प्रभारी से त्याग पत्र दिया है। जिलाध्यक्ष को भेजे गये पत्र में दर्शाया कि सह मीडिया प्रभारी का कार्य करने में असमर्थता है। समाजवादी पार्टी में बना रहूंगा और जिला सचिव पद का दायित्व निर्वाह्न करूंगा।

मिशन में कोई कमजोरी न आये इसलिए अतिरिक्त प्रभार से त्याग पत्र दे रहा हूं। जबकि कुछ सपा नेता अपना नाम छपवाने के लिए सह मीडिया प्रभारी पर दबाव बनवाते थे। जिस कारण आहत होकर उन्होंने त्याग पत्र दिया है। अगर पार्टी से नाराज होते तो वह जिला सचिव से भी इस्तीफा देते, क्योंकि वह इस दायित्व से नाराज थे, इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है।

# मिशन शक्ति के तहत ताइक्वांडो प्रशिक्षुओं को किया गया जागरुक



कार्यक्रम में मौजूद ताइक्वांडों की छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को फतेहगढ़ ऑफिसर्स क्लब में ताइक्वांडो के प्रशिक्षुओं को आकांक्षा समिति की ओर से जागरुक किया गया। कार्यक्रम में आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ0 वंदना द्विवेदी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाया गया अभियान है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देना है।

सचिव डॉ. रजनी सरीन ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के विषय में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज का समय जागृत रहने का है, हमे किसी पर भरोसा करने से पहले अपनी अंतर्दृष्टि जागृत करनी होगी। खासतौर पर लड़कियों को आत्मरक्षा और सजगता की बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट, बिस्किट, एनर्जी ड्रिंक आदि प्रदान किये गए। दीपिका त्रिपाठी, गुंजा जैन, श्रद्धा दुबे आदि मौजूद सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षुओं ने आत्मरक्षा हेतु सीखे गए कार्यों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सह सचिव रश्मि सिंह, गुंजा जैन, दीपिका त्रिपाठी, अनिता पाठक, डॉ0 ज्योति गुप्ता, साक्षी गुप्ता, श्रद्धा दुबे, प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


बैठक लेती कु0 शैलेजा पाठक

## मिशन शक्ति के तहत कु. शैलेजा एक दिन की बनीं सीएमओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कनोडिया बालिका इंटर कालेज की कक्षा 12 की कु0 शैलेजा पाठक को 01 दिवस के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया। कु0 शैलेजा पाठक द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कार्यालय परिसर में संचालित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र फतेहगढ़ का निरीक्षण किया गया तथा समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग में संचालित सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक उपलब्ध कराया जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों एवं दायित्वों का उचित ढंग से निर्वहन करते हुए कार्यों को समय से निष्पादित करायें।

# किसानों की समस्याओं को लेकर तीनों तहसीलों में दिया धरना

## चार दिन के अंदर समस्याओं का न हुआ निस्तारण, तो होगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले की तीनों तहसीलों अमृतपुर, कायमगंज, सदर का घेराव कर भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश ने ज्ञापन सौंपा।

सदर तहसील में जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक के नेतृत्व में किसान नेताओं ने धरना दिया। वहीं अमृतपुर तहसील में प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी के नेतृत्व में धरना दिया गया और ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही कायमगंज तहसील प्रदेश प्रमुख महासचिव राजेश दीक्षित बबलू के नेतृत्व में भी धरना देकर ज्ञापन सौंपा गया।


जानकारी देते किसान नेता

बीते दिनों जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में समस्या का समाधान न होने पर भाकियू अखण्ड प्रदेश ने धरना दिया। 14 दिन का समय बीत जाने के बाद निराकरण न होने पर 15वें दिन समस्याओं को लेकर धरना दिया गया। चार दिन के अंदर समस्याओं का निराकरण न हुआ तो भाकियू अखण्ड प्रदेश जनपद में बड़ा आंदोलन करेगा।

सदर तहसील में जिला अध्यक्ष क्रांति पाठक के नेतृत्व में, अमृतपुर तहसील में प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी के नेतृत्व में और कायमगंज तहसील का घेराव राजेश दीक्षित उर्फ बबलू राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर सौरभ दीक्षित, विशाल दुबे, मिथुन राठौर, रवि शुक्ला, अंकुर पाठक, मोहित खन्ना, बबलू सोमवंशी, अमित त्रिवेदी, सलमान, शाहबाज, धनपाल सिंह, योगेन्द्र राठौर, गिरीश चन्द्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

# ग्राम ज्योता में लगा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प


नेत्र परीक्षण कराते ग्रामीण

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत ज्योता में आम जनमानस के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य कुलदीप पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा जनता को जब भी कोई समस्या होगी तो उनका सेवक उनके साथ हमेशा खड़ा दिखाई देगा। क्षेत्र के कई गांव के लोग कैंप में आकर निःशुल्क परीक्षण कराया। भाजपा के जिला मंत्री गोपाल राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डाक्टर निश्चित भट्ट व उनकी पूरी टीम ने कैंप में आए सभी क्षेत्र वासियों की जांच कर उचित दवाई वितरित की। जिन लोगों को चश्मे की आवश्यकता थी, वह भी दिए जाएंगे।

# 12 अक्टूबर को सम्पन्न होने वाली परीक्षा के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

12 अक्टूबर को सम्पन्न होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु डीएम की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), अपर पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधीक्षक, प्रधान डाकघर, जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपद में निर्धारित 16 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की बैठक आयोग द्वारा नामित जनपदीय पर्यवेक्षक के सम्पन्न हुई। पर्यवेक्षक उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज राज बहादुर भी उपस्थिति रहे। उप जिलाधिकारी न्यायायिक कायमगंज गजराज सिंह ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरे आदि का कार्य पूर्ण किये जाने के उपरान्त केन्द्र पर संचित समस्त कैमरों की क्रियाशीलता की पुष्टि कर लें। आवंटित परीक्षा केन्द्र का परीक्षा से पूर्व भ्रमण कर आवागमन के मार्गो तथा विशेष परिस्थितियों हेतु वैकल्पिक मार्गो की जानकारी प्राप्त कर लेगें। जिससे परीक्षा तिथि को गोपनीय सामग्री केन्द्र घर


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

समयान्तर्गत पहुंचने में कोई असुविधा न हो। परीक्षा दिवस पर प्रश्नपत्रों को प्राप्त किये जाने हेतु कोषागार में 05:30 बजे उपस्थित्ति होकर प्रश्नपत्रों के गोपनीय ट्रक एवं ट्रैक पर लगे तालों की चाबियों का सील्द लिफाफा प्राप्त करने से पूर्व सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा यह भली भांति जांच कर लिया जाये कि एका तिथि सत्र में जिस कलर एवं कोड के प्रश्न पत्रों को आयोग द्वारा चिन्हित कर परीक्षा में प्रयुक्त होने हेतु अवगत कराया गया है उसी कलर एवं कोड के प्रश्न पत्रों के ट्रक उनके द्वारा प्राप्त किये गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने कोषागार से प्राप्त प्रश्न पुस्तिकाओं के गोपनीय ट्रक को केन्द्र व्यवस्थापक व सह केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति व लाइव सी.सी.टी.वी. कैमरों की निगरानी में स्टैटिक मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराया जायेगा तथा प्राप्ति रसीद पर सभी सम्बन्धित्त के नाम, पदनाम, मो.न. सहित हस्ताक्षर, दिनांक व समय का स्पष्ट अंकन कराया जाये। परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों की तलाशी का कार्य पुलिस कार्मिकों द्वारा किया जायेगा। केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सह केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा ओएमआर उत्तर पत्रक की मूल प्रति से सम्बन्धित सील्ड पैकेट्स बुकिंग हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट को उपलब्ध कराया जाएगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा उक्त सील्ड पैकेट को केन्द्र व्यवस्थापक के प्रतिनिधि के साथ डाकघर में जमा कराया जाएगा तथा निर्धारित प्रारूप पर सील्ड बण्डल डाकघर में जमा कराये जाने विषयक प्रमाण दिया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर वरिष्ठ अधिकारी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त किया जाएगा। आयोग के निर्णायानुसार परीक्षा से 03 दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र पर लगाये गये अन्तरीक्षक, परीक्षा सहायक को स्टैटिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में, जिसमें सह केन्द्र व्यवस्थापक भी उपस्थित होंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा दिवस को परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 03 घण्टे पूर्व पहुंचेंगे। परीक्षा प्रारम्भ होने से लेकर परीक्षा समाप्ति तक केन्द्र पर सजग एवं सतत् भ्रमणशील रहेंगे, आदि निर्देश दिये गये। बैठक में संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध वसूलीकर्ता की याचिका न्यायालय ने की खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> फर्रुखाबाद विकास मंच व स्वर्गधाम सेवादल बोला सत्य की हुई जीत

सिविल जज सीनियर डिवीजन के यहां स्वर्ग धाम पर अवैध वसूली करने वाले गैंग के सरगना राजेंद्र कुमार बाजपेई के द्वारा पूर्व में न्यायालय में कूटरचित दस्तावेजों एवं तथ्यों को छुपाकर एक पक्षीय आदेश करवा लिया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। अवैध वसूलीकर्ता की रिट खारिज हो जाने पर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष सहित सभी पैरोकारों ने खुशी जाहिर की और कहा कि सत्य की जीत हुई है। बताते चले कि पूर्व में समाजसेवी विष्णु नारायण अरोड़ा ने जब इसके कार्यों का विरोध किया तो उसने उनके विरुद्ध भी बहुत से षड्यंत्र रचे और उन्हें इतना प्रताड़ित किया कि वह घाट पर आना छोड़ गए उसके बाद इसने अपनी वसूली को कानूनी जामा पहनाने के लिए कोर्ट में एक मुकदमा किया और अपने ही लोगों को खड़ा करके अपने पक्ष में आदेश करा लिया। पिछले वर्ष फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा को जब इस पूरे गैंग के गलत कार्यों की जानकारी हुई तो उन्होंने स्वर्गधाम से इस गैंग को जड़ से उखाड़ने के लिए पूरी ताकत लगाई और इसके वसूली करने वाले लोगों को कई बार पकड़वाया लगातार संघर्ष करने पर और जनता का सहयोग मिलने पर वसूली गैंग के पैर उखड़ गए। तब इसने दोबारा न्यायालय की शरण ली। इस पर भईयन मिश्रा के द्वारा न्यायालय के समक्ष वकीलों की फौज खड़ी की गई। जागेश्वर सिंह कुशवाहा, पूर्व डीजीसी महेश यादव, विवेक मिश्रा, अनुज तिवारी, अमित यादव, प्रबल त्रिपाठी, प्रकृति देव पांडे उर्फठकुरी आदि ने जनता से जुड़े पक्षों को मजबूती से रखा और न्यायालय में यह साबित कर दिया कि यह गैंग पूरी तरह से अवैध वसूली करता था, इस गैंग का किसी भी प्रकार का कोई भी लेना देना स्वर्ग धाम से नहीं था। डीजीसी सिविल कृष्णकांत महाजन ने भी सरकार का पक्ष मजबूती के साथ रखा और बताया कि सरकार ने किसी भी प्रकार का कोई भी वसूली का कार्य लोगों को नहीं दिया है और ना ही या वसूली कर सकते हैं। सोमवार को सिविल जज के न्यायालय में इसके द्वारा दिए गए 6सी रिट को खारिज कर दिया। न्यायालय के फैसले पर खुशी जताते हुए भईयन मिश्रा ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद थी की सत्य की जीत होगी और ऐसा ही हुआ है।

इस फैसले पर स्वर्ग धाम सेवादल से जुड़े गुरविंदर सिंह उर्फ कुकू सरदार, विष्णु नारायण अरोड़ा, सत्यपाल सिंह प्रगलब, सुनील बाजपेई, राम अवतार शाक्य, मुकेश सक्सेना, रामदास गुप्ता, कोमल पांडे, निशु दुबे, श्यामेंद्र दुबे, नीरज, अनिल द्विवेदी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सौरभ पांडे, मोहित खन्ना, आकाश गुप्ता, सनी गुप्ता, पंकज राठौर, बाबू भाई, विशाल गंगवार, कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ नन्हे पंडित, महेश अग्निहोत्री, अभिषेक अग्निहोत्री डब्बू, प्रदीप दुबे पिंटू, विश्वनाथ राजपूत, नवनीत कनौजिया, शशांक शेखर मिश्रा, उमेश जाटव आदि लोगों ने खुशी व्यक्त की।

# किसना डायमंड का प्रदेश में 20वां एक्सक्लूसिव शोरूम का हुआ शुभारंभ

> अब फर्रुखाबाद में भी उपलब्ध होगी किसना प्रीमियम डायमंड ज्वेलरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत की अग्रणी डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड किसना ने उत्तर प्रदेश में अपने 20वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य शुभारंभ किया। यह नया शोरूम शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित है और ग्राहकों को किसना की प्रीमियम डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत श्रृंखला का अनुभव प्रदान करेगा। यह लॉन्च उत्तर प्रदेश में ब्रांड की निरंतर बढ़ती उपस्थिति और ग्राहक विश्वास का प्रतीक है। घनश्याम ढोलकिया संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने शोरूम का उद्घाटन किया।


शोरूम उद्घाटन के दौरान मौजूद घनश्याम ढोलकिया व अन्य

घनश्याम ढोलकिया ने कहा उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है और फर्रुखाबाद में इस एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन हमारे उस संकल्प को मजबूत करता है कि हम हर घर तक किसना की विश्वसनीय, आकर्षक और किफायती ज्वेलरी पहुंचाएं।

हमारी सोच हर घर किसना भारत के हर परिवार को डायमंड ज्वेलरी की सुंदरता और विश्वास से जोड़ने की दिशा में निरंतर अग्रसर है। किसना के डायरेक्टर पराग शाह ने कहा फर्रुखाबाद में शोरूम की शुरुआत हमारे विस्तार के सफर में एक और महत्वपूर्ण कदम है। त्योहारों के इस सीजन में हम ग्राहकों को नए और ट्रेंडी डिज़ाइनों के साथ सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

फ्रेंचाइज़ी पार्टनर्स धीरज गुप्ता एवं मोहित गुप्ता ने कहा किसना जैसी प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व की बात है। जनपद के लोगों के लिए यह शोरूम उच्च गुणवत्ता और आकर्षक डिज़ाइनों वाली ज्वेलरी का नया गंतव्य बनेगा, जो उनके हर उत्सव को और भी यादगार बनाएगा। डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट, गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 25 प्रतिशत तक की छूट, आईसीआईसीआई बैंक कार्ड्स पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त तात्कालिक डिस्काउंट, ग्राहक कैंपेन में भाग लेकर 1000 प्लस स्कूटर और 200 प्लस कारें जीतने का मौका भी पा सकते हैं। साथ ही वृक्षारोपण का भी आयोजन हुआ।

# महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा विभिन्न स्कूलों में किये गये कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों के विद्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों व अन्य स्थानों पर छात्राओं, बालिकाओं व महिलाओं को जागरुक किया तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।


छात्राओं के साथ पुलिस कर्मी

थाना कोतवाली मोहम्मदाबाद के आदर्श भारतीय इंटर कालेज नगला घुरुआ में मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। वहीं थाना शमशाबाद एंटी रोमियो टीम द्वारा जूनियर हाई स्कूल शमशाबाद में पहुंचकर बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, वीमेन हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, एम्बुलेंस नंबर 102, अग्निशमन नंबर 101 आदि की जानकारी देकर मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूक किया गया। वहीं मिशन शक्ति टीम व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के एनकेपी इंटर कॉलेज में बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करते हुए मिशन शक्ति फेज-5 के तहत उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के

> हेल्पलाइन नम्बरों की दी गई जानकारियां

विषय में जानकारी दी। इसी के साथ थाना राजेपुर के वाईएसएचके इंटर कॉलेज चित्रकूट में पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया और छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090, 1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरुक भी किया गया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लोगों से अपील की कि वे घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को खत्म करें और बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। महिला पुलिस कर्मी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल उपचार नहीं, बल्कि रोकथाम और जागरूकता पर भी ध्यान केंद्रित करना है।

उन्होंने सभी से स्वयं जागरूक होने और दूसरों को भी जागरूक करने का आवाह्न किया। वहीं मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध या संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस या शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।

# 31 अक्टूबर तक चलेगा किसान जागृति अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों और मजदूरों के मसीहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के जन्म दिवस को किसान जागृति दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। अध्यक्षता जिला संरक्षक छविनाथ शाक्य ने की। प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य ने कहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत एक पुण्य आत्मा थे। किसानों को उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के जन्म दिवस को हम सभी किसान जागृति दिवस के रूप में मना रहे है।

31 अक्टूबर तक किसान जागृति अभियान चलाएंगे। उन्होंने लिंक एक्सप्रेसवे पर भी जिला प्रशासन को घेरा और कहा कि हम लिंक एक्सप्रेसवे का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन लिंक एक्सप्रेसवे के नाम पर किसानों की हजारों बीघा जमीन को नहीं लूटने देंगे। उन्होंने कहा कि गंगा और राम गंगा नदी पर बांध भी बहुत जरूरी है। जिला प्रशासन चाहे तो जनपद का किसान अगली वर्ष से बाढ़ से पीड़ित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के बताए


टिकैत का जन्मदिवस मनाते किसान

मार्ग पर सभी किसान चले और उनके विचारों का अनुसरण करें। संचालन गोपी शाक्य ने किया। नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष रेहान मंसूरी निवासी सिरमौरा बांगर को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अफरोज मंसूरी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सिंह सोमवंशी, अशोक यादव, अभय यादव, विमलेश शाक्य, बिजनेश यादव, सुशील दीक्षित, सुग्रीव पाल, दिनेश सिंह, अरविंद गंगवार, राजेश यादव, राजेश गंगवार, सोनू सोमवंशी, कश्मीर गंगवार, बड़े यादव, शिवराम शाक्य, पवन जोशी, टिंकू यादव, अंकेश गंगवार, आर्यश गंगवार, बरजोर सिंह, अजीत सोमवंशी, अशोक शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# निचलौल की तीन बेटियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में आगामी तीन नवंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह में निचलौल क्षेत्र की तीन बेटियों को गोल्ड मेडल मिलेगा।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेधा की सूची में इन तीनों ने जगह बना लिया है। इसके लिए इनके कॉलेज में पत्र भी आ चुका है। इनमें से मनु लॉ कॉलेज निचलौल की एक छात्रा और सरस्वती देवी पीजी कॉलेज की दो छात्राएं शामिल हैं। सरस्वती देवी पीजी कॉलेज दमकी निचलौल में एमए समाजशास्त्र में वैष्णवी त्रिपाठी पुत्री स्व. अवधेश मणि त्रिपाठी ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है, तो वहीं वाणिज्य संकाय की अर्पिता शर्मा पुत्री योगेश शर्मा ने सर्वोच्च अंक हासिल कर गोल्ड मेडल की हकदार बनी है।

इन दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर न केवल कालेज परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। कॉलेज के प्रबंधक पवन दुबे ने कहा की मौन क्रांति सदैव शिक्षा से ही होती है। शिक्षा का कार्य जीवन स्तर को ऊंचा उठाना होता है। जहां शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा वही जीवन का स्तर भी ऊंचा होगा।

दोनों मेधावियों की इस सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य सुनील पाण्डेय, उपप्राचार्य आदित्य सिंह, प्रवक्ता ब्रजेश उपाध्याय, डॉ.रामदरश, दिव्य दीपक, अवनीश पाण्डेय, मनोज यादव, सर्वेश तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय, संदीप कुमार, प्रमोद शर्मा, सैयद अली, विशाल कुमार, पूनम राणा, पल्लवी आदि ने बधाई दी है। इसी क्रम में दीक्षांत समारोह में एलएलबी सत्र 2025 के गोल्ड मेडल के लिए मनु लॉ कॉलेज निचलौल की मेधावी छात्रा भार्गवी मणि तिवारी पुत्री गोविंद तिवारी को विश्वविद्यालय द्वारा जारी श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित किया गया है। इस मेधावी को दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। भार्गवी मणि तिवारी ने विश्वविद्यालय की एलएलबी 2025 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसके पिता गोविंद तिवारी शिक्षक एवं माता गृहणी हैं। मनु लॉ कॉलेज के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि कालेज अपने प्रथम बैच से गोल्ड मेडलिस्ट देते हुए वर्तमान में विधि शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां के प्लेसमेंट सेल द्वारा लगातार छात्रों को विभिन्न फर्मों में कंपनियों में चयन कराया जाता रहा है। प्राचार्य डॉ. अखिलेश्वर राय, उप प्राचार्य डॉ. रुद्रेश कुमार, लीगल एड प्रभारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी तथा प्लेसमेंट सेल प्रभारी शिवेंद्र त्रिपाठी आदि लोगों ने मेधावी छात्राओं को बधाई दी है।

## बीएड प्रथम वर्ष के नवागन्तुक प्रशिक्षुओं का सत्रारम्भ

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज आनंद नगर महाराजगंज मे सत्र 2025-27 के नवागन्तुक प्रशिक्षुओं का सत्रारम्भ हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डा. यशवंत सिंह ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.अशोक भारतीय व बीएड् प्रभारी आरएन सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिकाओं ने सरस्वती गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अशोक भारतीय ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अध्यापक प्रशिक्षण में बीएड् कोर्स का अपना एक अलग महत्व है जो अनुशासन और तत्परता से ग्रहण किया जाता है विभिन्न कौशलों को सीखने की प्रक्रिया है। विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ.सत्य प्रकाश मौर्य ने बताया कि अध्यापक प्रशिक्षण में बीएड् कोर्स वर्क अपने आप में पूर्ण है इसमें प्रशिक्षण के दौरान छात्रों में विभिन्न कौशलों का विकास अनुशासित होकर विकसित कराया जाता है प्रशिक्षण के बाद शिक्षा गतिशील हो जाती है। विभाग के ही दूसरे सहायक प्रोफेसर डॉ.मुरलीधर जायसवाल ने बताया कि बीएड् उपाधि एक पूर्ण शिक्षक बनने की प्रक्रिया है छात्रों में विभिन्न कौशल का विकास प्रशिक्षण के माध्यम से विकसित किया जाता है।

प्रवक्ता डॉ.संजय विश्वकर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि बीएड् द्वारा अध्यापक के अंदर विभिन्न विषयों की अध्यापक के गुणों का विकास किया जाता है। कार्यक्रम में अन्य विभागों के प्रवक्ता डॉ.वंशदीप मौर्य, अरुण कुमार सिंह, अश्वनी सिंह, जमुना निषाद, राजेश सिंह, घनश्याम सिंह, शशांक पाल आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अपहरण के केस में आरोपी गिरफ्तार




**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** मानिकपुर पुलिस की मेहनत लाई रंग अभियुक्त लवलेश पासी को दबोचा गया वादी की बेटी 1 मार्च 2025 को सुबह घर से हुई थी गायब पिता ने दी थी तहरीर आरोप लगाया कि लवलेश पासी बहला-फुसलाकर ले गया था बेटी को ,मानिकपुर थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा ,पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के पर्यवेक्षण में की गई कार्रवाई ,अभियुक्त लवलेश पासी पुत्र रामचंद्र पासी नि0 ग्राम निजाममई जिला कौशांबी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

### मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत दो शोहदो को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व थाना हलिया पुलिस द्वारा सोमवार को चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान दो गांवो कुशियरा से मिशन शक्ति चौकी प्रभारी कन्हैया राय मय हमराह होमगार्ड मनीष कुमार अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान ने साते गुजर व हरसड़ गांव से एसआई श्याम लाल मय हमराह हेड कांस्टेबल अजीत कुमार मौर्य व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान के साथ सतीश दुबे अभियुक्तध्शोहदो को अन्तर्गत धारा 170, 126, 135 भा0ना0सु0सं0 2023 में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत दो गांवो से दो अभियुक्तध्शोहदे को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### युवक के विरुद्ध महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरसड़ गाँव निवासी अनुराधा दुबे ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में आरोप लगाया है की गांव निवासी सतीश दुबे द्वारा रास्ते में अश्लील शब्दों का प्रयोग करना तथा मना करने पर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दिया जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 352, 351 (3) के तहत युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## बाढ़ के पानी से प्रभावित धान की फसल से उत्पादन को लेकर किसान परेशान

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नौतनवा तहसील क्षेत्र में बरसात होने से किसानों को धान की फसल को फायदा हुआ, लेकिन वहीं परसामलिक क्षेत्र में पूर्व में उफनाए बघेला नाला के समीप किसानों की धान की खेती प्रभावित हो रही है।

खेतों में घुसे पानी से धान की बालियां नहीं निकल रही हैं। किसानों का कहना है कि अगर बालियां निकल रही हैं तो उनमें दाने नहीं आ रहे हैं।

बघेला नाला नेपाल से होकर भारतीय सीमा के रेहरा व परसा गांव से निकल कर महुलानी, बेलभार, मनिकौरा, विषखोप, लक्ष्मीपुर, परसा, भरटोलिया, श्रीरामपुर, जिगिना, गंगापुर, गंगवलिया, करौता, चुड़िहारी, मनिकापुर, बेलहिया, चकदह, शाहपुर, महुलैना होते हुए जंगल में चली गई है।

कुछ दिन पूर्व ऊफनाए बघेला नाले का पानी गांव के सीवान में फैलकर किसानों के फसल को डुबो दिया था। बाढ़ का पानी तो निकल गया, लेकिन धान की बालियों में दाने नहीं बन रहे हैं।

किसान ग्राम प्रधान अनिल कुमार पासवान, प्रधान प्रतिनिधि बच्चू सिंह, राकेश कुमार पटेल, रामनयन, विरेन्द्र राजभर, जयकिशुन यादव, महबूब अली, गतिराम साहनी, रामबेलास यादव, जयप्रकाश सिंह, विनोद कसौधन, शमशाद खान, पिंटू यादव, जितेन्द्र राजभर, सफात अहमद, उस्मान अली आदि लोगों ने बताया कि धान की बालियां निकल रही थीं, उसी समय बघेला नाला के उफनाने से फसलें पानी से भर गईं। इससे धान की बालियों में दाना नहीं बन रहा है। किसानों ने शासन-प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा के मघा निवासी अंजुलाल गौड़ ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर गाँव निवासी युवक के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की बीते 30 सितंबर की शाम शराब के नशे में धुत होकर गाँव निवासी नरेंदर गौड़ गाली गलौज देने लगा की मना करने पर डंडे से सर पर वार कर दिया जिससे सर में चोट लगी है। जान से मारने की धमकी भी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोटिल को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जहां पर चिकित्सक द्वारा युवक का उपचार किया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## न्यायालयों में व्याप्त अनियमितता व मनमानी पर अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




सोमवार को रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा के आम सभा की बैठक में अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों पर बिंदुवार चर्चा कर संघ को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेराज अहमद खान व संचालन संघ के सचिव सतीश चंद्र दूबे ने किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ल ने उपजिलाधिकारी व नायब तहसीलदार के न्यायालय में व्याप्त अनियमितता व मनमानी का मुद्दा उठाया उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी की कार्यप्रणाली शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है। वरिष्ठ अधिवक्ता जगदंबा यादव ने तहसीलदार न्यायालय में बिना बहस के ही पत्रावली में आदेश कर देने व न्यायिक प्रक्रिया का पालन न करने की शिकायत दर्ज कराई। अधिवक्ता सच्चिदानंद जायसवाल ने अन्य न्यायालय में व्यस्त होने के दौरान उपजिलाधिकारी न्यायालय में बंटवारे की पत्रावली में बिना सुने आदेश कर देने की बात कही। बैठक में पूर्व अध्यक्ष अष्टभुजा वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिरुद्ध श्रीवास्तव, डाक्टर मनीष चौबे, राघवेन्द्र उपाध्याय, वीरेंद्र तिवारी, परमात्मा सिंह, संजय मिश्र, रविन्द्र पासवान, अवधेश उपाध्याय,गोरख शर्मा, विपिन श्रीवास्तव ने न्यायालयों में व्याप्त अनियमितता पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने व अपना समर्थन देने की बात कही। बाद में संघ ने सर्वसम्मति से उपजिलाधिकारी न्यायालय के बहिष्कार व तहसीलदार व नायब तहसीलदार के न्यायालय में व्याप्त अनियमितता में सुधार के लिए पत्र जारी करने का निर्णय लिया।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नौतनवा तहसील के रतनपुर में बीते रविवार को प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल संचालक पर गंभीर आरोप लगा हंगामा किया।

शाम से रात तक दो थानों की फोर्स मौके पर पहुँच परिजनों का समझाने पर शव को पोस्टमार्टेम हेतु भेजा जा सका। आज मौके पर जिले से डिप्टी सीएमओ के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर जांच के लिए पहुँची।

नौतनवा तहसील के खोरिया निवासी रमेश गौड़ ने आरोप लगाया कि उनके भाई दिनेश की पत्नी प्रीति का शनिवार शाम को तबियत खराब होने पर परिजनों ने नजदीकी रतनपुर




के उर्मिला हॉस्पिटल पर इलाज हेतु ले आया। जहाँ डॉक्टरों ने उसे हॉस्पिटल में भर्ती कर लिया। रात मे

अचानक तबियत फिर बिगड़ने पर परिजनों ने उसे डिस्चार्ज करने को कहा जिस पर डॉक्टरों ने अनसुना कर दिया। बताया जा रहा है कि रविवार को दिन में दो बजे के आसपास अस्पताल संचालक मरीज प्रीति को बिना परिजनों के सहमति से प्राइवेट कार से कहीं लेकर चले गए फिर पांच बजे परिजनों को सूचना दिया कि उसकी मृत्यु हो गई है। जिसके बाद परिजनों मे कोहराम मच गया। अस्पताल संचालक पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। इस मामले में जिले से स्वास्थ्य अधिकारियों की टीम आज मौके पर जांच को पहुची जिसमें डिप्टी सीएमओ वीरेंद्र आर्या, डिप्टी सीएमओ केपी सिंह, डिप्टी सीएमओ नीरज कन्नौजिया, रतनपुर अधीक्षक सुरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र शाही द्वारा मौके पर पहुँच जांच पड़ताल किया गया।

अस्पताल के संचालक श्रीनेवास् कुशवहा ने बताया की महिला को ब्लीडिंग हो रहा था, डॉक्टर सुधांसु कुमार ने इलाज किया, रात में महिला की तबियत सही थी। संचालक ने बताया कि महिला को डिस्चार्ज किया गया था।

## धनीलाल श्रमिक की पत्नी के निधन पर शोक सभा आयोजित



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक की पत्नी लालती यादव पूर्व प्रधान के निधन पर सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में जिलाध्यक्ष मेवालाल प्रजापति की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दिया गया। इस मौके पर मुन्नी यादव, धनंजय सिंह, झल्लू यादव, दीनानाथ प्रजापति, रामेश्वर विश्वकर्मा, रामगोपाल बिन्द, अरशद अली आदि मौजूद रहें।

### जिले में लगातार अपराधियों पर पुलिस का एक्शन जारी



**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।** जिले के पुलिस कप्तान दीपक भूकर एवं एडिशनल एसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल,सीओ पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के निर्देशन में थाना पट्टी कोतवाली पुलिस को लगातार मिल रही है बड़ी सफलता पुलिस ने दीपावली त्योहार से पहले अवैध पटाखों के कारोबारी पर की बड़ी कार्यवाही ,सुखराज सिंह बालिका महाविद्यालय में हो रहा था अवैध पटाखों का गोरख धंधा पुलिस ने किया भंडाफोड़ भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद करते हुए 4 अवैध पटाखे के कारोबारी को गिरफ्तार किया है अवैध पटाखे की कीमत लगभग 47, 00,000 लाख रुपए बताई जा रही है थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह सिरोही की पुलिस टीम को मुखबिर विशेष द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि महाविद्यालय में दीपावली के पर्व को लेकर बड़े पैमाने पर अवैध पटाखे बनाए जा रहे हैं। पट्टी कोतवाली की पुलिस तेज रफ्तार से सूचना स्थल पर पहुंचकर छापेमारी किया तो बरामद हुआ अवैध पटाखा पुलिस ने अवैध पटाखों के कारोबारी को किया गिरफ्तार, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम अध्याय प्रसाद सिंह पुत्र सुखराज सिंह, मदीना बेगम पत्नी जुम्मन अली, सलमान सिद्दीकी पुत्र जुम्मन, अली सैफ पुत्र जुम्मन अली बताया जा रहा है।

## मिशन शक्ति के तहत आयुर्वेद व होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति कार्यक्रम 5.0 के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा विकासखण्ड आसपुर देवसरा एवं नगर पंचायत ढकवा में डॉ अनिल पाण्डेय, डॉ प्रिया चि0अ0 आयुर्वेद एवं डॉ विद्या सागर चि0अ0 होम्योपैथिक द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस चिकित्सा शिविर में स्थानीय जनता को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का




नेतृत्व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा एवं होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. ममता सचान ने किया। इस अवसर पर आयुष विभाग (आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथिक) के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जाँच कर उचित परामर्श दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद यूनानी एवं होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। आयुष विभाग द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कर आम जनता को सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

### मिशन शक्ति : ब्लाक मंगरौरा में निर्माण श्रमित के लिए पंजीयन कैम्प का किया गया आयोजन




**प्रतापगढ़।** सहायक श्रमायुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि मिशन शक्ति फेज 5.0 के कार्यकम के अन्तर्गत ब्लाक मंगरौरा के सभागार में निर्माण श्रमिक हेतु पंजीयन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित श्रमिकों विशेषकर मनरेगा में काम कर रहीं महिला श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीयन किस प्रकिया से और किन अभिलेखों के आधार पर किया जाना है, इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाएं जैसे-कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना, आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित समान कार्य हेतु समान वेतन के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया। इस सम्बन्ध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र सिंह द्वारा सी0एस0सी0 के माध्यम से महिला श्रमिकों का पंजीयन भी कराया गया और उपस्थित जनसामान्य को भी जागरूक किया गया कि जो महिला श्रमिक निर्माण श्रमिक (मनरेगा) मे कार्य कर रही है उनका नजदीकी सी0एस0सी0 के माध्यम से श्रम विभाग में पंजीयन कराने हेतु जानकारी दी गयी। जिससे श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का हितलाभ दिया जा सकें।

## देश की आर्थिक प्रणाली को सशक्त बना रहा है जीएसटी सुधार : जयमंगल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सदर ब्लॉक सभागार में विधानसभा व्यापारी सम्मेलन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी विषयों पर व्यापारियों के बीच चर्चा हुई। मुख्य वक्ता सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू किए गए जीएसटी सुधार देश की आर्थिक प्रणाली को सशक्त बना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जीएसटी से व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है और छोटे व्यापारियों को एक समान कर प्रणाली से राहत मिली है। विधायक ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब स्थानीय उद्योग, हस्तशिल्प और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने व्यापारियों का आह्वान किया कि विदेशी वस्तुओं की बजाय स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो।

कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार व्यापारियों के हित में कई योजनाएं चला रही हैं। जीएसटी प्रणाली ने व्यापारिक व्यवस्था को सरल बनाया है और डिजिटल इंडिया अभियान से कारोबारियों को तकनीकी रूप से सशक्त किया गया है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यापारी यदि अपने क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देगा, तो भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में और तेज़ी से आगे बढ़ेगा। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश गुप्ता ने कहा कि सरकार के सहयोग से व्यापारी वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि इंजी. विवेक गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुरसेद अंसारी, व्यापार सम्मेलन के सह संयोजक मणि कांत द्विवेदी ने भी जीएसटी रिफॉर्म पर अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर व्यापारी मानवेंद्र सिंह, राकेश अग्रहरी, विष्णु मद्धेशिया, राम मोहन अग्रवाल, महेंद्र निगम, मुरली निगम, गुल्लू मद्धेशिया, इल्ताफ खान, रामाज्ञा यादव, रामेंद्र पटेल, डॉ. भिखारी कन्नौजिया, रमेश वर्मा सहित तमाम व्यापारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार दर्शनार्थी की मौत, परिजनों में कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित दुर्जनीपुर गांव में सोमवार सुबह नौ बजे के करीब सड़क पार करते समय साइकिल सवार वृद्ध दर्शनार्थी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार हेतु प्रयागराज के स्वरूप रानी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि गंभीर रूप से घायल वृद्ध की रास्ते में मौत हो गई। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव निवासी 65 वर्षीय छविनाथ कोल सुबह घर से साइकिल से गड़बड़ा धाम दर्शन करने के लिए जा रहे थे जैसे ही ड्रमंडगंज क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव नेशनल हाईवे पर पहुंचे तो सर्विस लेन से नेशनल हाईवे पार करते समय मध्यप्रदेश की ओर से कागज लादकर आ रहे ट्रक की चपेट में आकर से गंभीर रूप से घायल हो गए। साइकिल सवार वृद्ध के दाहिने हाथ, सिर, पैर तथा सीने में गंभीर चोटें आ गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पीआरवी 6868 पर तैनात एसआइ हरेंद्र यादव कांस्टेबल राम खेलावन व जितेंद्र पटेल ने गंभीर रूप से घायल वृद्ध को एनएचएआई की एंबुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी लालगंज भेजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल वृद्ध को चिकित्सक ने प्रयागराज के स्वरूप रानी चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। परिजन निजी साधन से उपचार हेतु प्रयागराज के स्वरूप रानी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि घायल वृद्ध की रास्ते में मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को नेशनल हाईवे पर खड़ा कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। पति की मौत की खबर पाकर ड्रमंडगंज थाने पर पहुंची पत्नी शांती देवी पति के शव को देखकर रोने बिलखने लगी। ड्रमंडगंज थाने पर पहुंचे मृतक के पुत्र धर्मराज कोल ने बताया कि पिता छविनाथ कोल सोमवार को पूर्णिमा तिथि पर शीतला माता का दर्शन करने के लिए घर से साइकिल से गड़बड़ा धाम दर्शन करने जा रहे थे कि ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी लालगंज से उपचार हेतु प्रयागराज के स्वरूप रानी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण रास्ते में पिता की मौत हो गई। इस संबंध में एसआइ रामविशाल ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से प्रयागराज निवासी साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई है। मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। ट्रक को कब्जे में लेकर घटना की जांच की जा रही है।

## वन्य प्राणी सप्ताह पर आयोजित किया गया प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

कैमूर वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत हलिया रेंज की ओर से शनिवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत मुड़पेली गांव स्थित पंडित राज नारायण दुबे इंटर कालेज के छात्र छात्राओ ने वन विभाग द्वारा वन्यजीव प्राणी सप्ताह पर आयोजित प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया है। वन दरोगा सन्नी सिंह ने वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति छात्र छात्राओ को जागरूक किया। कहा कि जीवन चक्र के लिए वन्य प्राणियों की भूमिका महत्वपूर्ण है प्रति वर्ष एक से सात अक्तूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाता है। इसका उद्देश्य वन्य जीवों की महत्ता लोगों को समझाना है।



कहा कि जीवन चक्र के लिए वनों का जितना महत्व है, उतना ही महत्व वन्य प्राणियों का है। हम सभी को वन्य जीवों की रक्षा करनी चाहिए। इस मौके पर फारेस्ट गार्ड नीटू शर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रधानाचार्य सतीश तिवारी आदि मौजूद रहे।